अधिकतम :24°C
न्यूनतम: 11°C
75,967.39
22,945.30
88,120
100,500

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

नई दिल्ली, बुधवार 19 फरवरी 2025 राष्ट्रीय संस्करण: वर्ष 22 अंक 325 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

www.shahtimesnews.com

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com माघ फाल्गुन पक्ष 5 विक्रमी सम्वत् 2081 20 शाबान 1446 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित


## उत्तराखंड विधानसभा का बजट सत्र शुरू

# बेरोजगारी दर में आई कमी, प्रति व्यक्ति आय में इजाफा

शाह टाइम्स ब्यूरो



- राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह के अभिभाषण से हुआ सत्र का आगाज
- कहा प्रतिभावान युवाओं को सरकारी सेवाओं में निरंतर अवसर मिल रहे

**देहरादून।** उत्तराखंड विधानसभा के डिजिटल बजट सत्र की शुरुआत राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह के अभिभाषण और विपक्ष की ओर से सदन से वॉक आउट के साथ हुई। मंगलवार को बजट सत्र के पहले दिन राज्यपाल का अभिभाषण हुआ। अभिभाषण समाप्ति के बाद दोपहर 3 बजे से विधानसभा की कार्यवाही शुरू हुई, विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खंडूड़ी ने राज्यपाल के अभिभाषण का पारण किया। उसके बाद विधानसभा के बजट सत्र की कार्यवाही बुधवार सुबह 11 बजे तक के लिए स्थगित कर दी गई।

राज्यपाल ने अपने अभिभाषण में कहा कि विशेष रूप से उल्लेख करना है कि उत्तराखंड राज्य में वर्ष 2000-2001 में प्रति व्यक्ति आय रुपये 16,232 (सोलह हजार दो सौ बत्तीस) थी, जो वर्ष 2023-24 में रुपये 2,46,178 (दो लाख छियालिस हजार एक सौ अठहत्तर) हो गई है, जो हमारी राज्य की निरन्तर प्रगति को दर्शाता है। राज्य में बेरोजगारी दर में कमी आई है। राज्य सरकार द्वारा पारदर्शी और नकल विहीन परीक्षाओं का आयोजन किया गया, जिससे राज्य के प्रतिभावान युवाओं को सरकारी सेवाओं में निरंतर अवसर मिल रहे हैं। वही उन्होंने यूसीसी लागू करने वाला देश का पहला राज्य बनने, दंगा विरोधी कानून लागू करने और उत्तराखंड में हुए सफल राष्ट्रीय खेलों के आयोजन पर सरकार की जमकर तारीफ की। अभिभाषण में कहा कि हमारा युवा प्रदेश आप सभी के सहयोग से समृद्ध उत्तराखंड व सशक्त उत्तराखंड की ओर तेजी से अग्रसर है। देवभूमि उत्तराखंड ने वित्तीय वर्ष 2024-25 में विभिन्न क्षेत्रों में कई महत्वपूर्ण उपलब्धियां अर्जित की हैं। इन उपलब्धियों के प्रतिफल स्वरूप हमारा प्रदेश सशक्त -शेष पृष्ठ दो पर

## अब्दुल्ला आजम को मिली जमानत 16 महीने बाद होगी रिहाई

**रामपुर।** पिछले 16 महीने से जेल में बंद सपा के पूर्व विधायक अब्दुल्ला आजम को मंगलवार को जमानत दे दी गई। करीब 45 मुकदमों में बेल बॉन्ड भरने के बाद उनकी रिहाई हो सकेगी। अब्दुल्ला आजम हरदोई की जेल में बंद हैं। मंगलवार को उन्हें कस्टोडियन संपत्ति के मामले में रिकॉर्ड्स खुर्द बुर्द करने के मामले में जमानत दे दी गई। एमपी-एमएलए कोर्ट के जज शोभित बंसल ने जमानत के आदेश दिए हैं। अब्दुल्ला आजम के वकील जुबैर अहमद खान ने बताया कि उनकी जमानत मंजूर हो गई है। जमानत की प्रक्रिया पूरी कर वह जल्द जेल से बाहर आ सकेंगे। अब्दुल्ला आजम के सभी मामलों में बेल बॉन्ड भरे जाएंगे। इससे अब्दुल्ला की रिहाई होगी। करीब 45 मुकदमों में जमानती बॉन्ड भरे जाएंगे। अदालत द्वारा उनको स्वीकार करने के बाद अब्दुल्ला की रिहाई होगी।

# राज्यपाल के अभिभाषण के रोडमैप पर काम करेगी सरकार: धामी

## उत्तराखंड को हर दृष्टि से आगे बढ़ा रही सरकार: मुख्यमंत्री

शाह टाइम्स ब्यूरो

- देश में सर्व प्रथम यूसीसी लागू करने का सौभाग्य उत्तराखंड को मिला
- राज्य में बेरोजगारी दर में 4.4 प्रतिशत की कमी आई: सीएम धामी

**देहरादून।** राज्यपाल के अभिभाषण पर प्रतिक्रिया देते हुए मुख्यमंत्री पुष्कर धामी ने कहा है कि राज्यपाल ने अपने अभिभाषण में राज्य को लेकर जो भी रोडमैप रखा है। उस पर राज्य सरकार प्राथमिकता से कार्य करेगी। विधानसभा परिसर में मीडिया से बात करते हुए मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि बजट सत्र की शुरुआत में राज्यपाल ने अपने अभिभाषण में सभी महत्वपूर्ण बिंदुओं का उल्लेख किया है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार, प्रदेश के विकास में समर्पित होकर नवाचार के साथ आगे बढ़ेगी।

उन्होंने कहा कि उत्तराखंड राज्य अपनी रजत जयंती वर्ष में प्रवेश कर चुका है। राज्य की विकास यात्रा अनवरत जारी रहे, इसके लिए बजट में प्रावधान किए जाएंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 21वीं सदी का तीसरा दशक उत्तराखंड का दशक बताया था, जिस संकल्प को आत्मसार करने के लिए राज्य सरकार -शेष पृष्ठ दो पर

## नेशनल ई-विधान एप्लीकेशन से संचालित किया जाएगा बजट सत्र



- सीएम धामी ने स्पीकर ऋतु व मंत्रियों की उपस्थिति में किया शुभारंभ

**देहरादून।** इस बार विधानसभा का बजट सत्र नेशनल ई- विधान एप्लीकेशन के तहत संचालित किया जा रहा है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खंडूडी भूषण की उपस्थिति में मंगलवार को ई-विधान एप्लीकेशन (नेवा) का लोकार्पण किया।

उत्तराखंड में विधानसभा के कार्यों को डिजिटल और पेपरलेस बनाने के लिए ई-विधानसभा प्रणाली अपनाई गई है। इसके माध्यम से -शेष पृष्ठ दो पर



### गाजा में फलस्तीनी प्राधिकरण का शासन मंजूर नहीं: नेतन्याहू

विस्तृत खबर देश-विदेश पर



### चोटिल लॉकी फर्ग्यूसन चैंपियंस ट्रॉफी से बाहर

विस्तृत खबर खेल टाइम्स पर

# यूट्यूबर इलाहाबादिया को सुप्रीम कोर्ट ने लगाई फटकार

## गिरफ्तारी से दी राहत, अदालत ने कहा इनके दिमाग में गंदगी

शाह टाइम्स ब्यूरो



- शीर्ष अदालत ने केंद्र से कहा- एक्शन लीजिए, वरना हम चुप नहीं बैठेंगे
- रणवीर के कमेंट से अभिभावक ही नहीं, बेटियां और बहनें भी शर्मसार हुईं

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को अश्लील कमेंट मामले में रणवीर इलाहाबादिया की अपील पर सुनवाई की। अदालत ने इलाहाबादिया को गिरफ्तारी से राहत दे दी, लेकिन उन्हें जमकर फटकार भी लगाई।

अदालत ने कहा कि आपके कमेंट की भाषा विकृत और दिमाग गंदा है। इससे अभिभावक ही नहीं, बेटियां और बहनें भी शर्मसार हुईं। जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस एन. कोटेश्वर सिंह ने कहा कि इलाहाबादिया के खिलाफ कई एफआईआर दर्ज की गई हैं, लेकिन अब उनके खिलाफ इस मामले में कोई केस दर्ज नहीं किया जाएगा। रणवीर इलाहाबादिया पर आरोप था कि उन्होंने समय रैना के शो 'इंडियाज गॉट लेटेंट' में पेरेंट्स पर अश्लील कमेंट किए थे। इसके बाद उनके ऊपर महाराष्ट्र, असम समेत कई जगहों पर एफआईआर दर्ज की गई थी। रणवीर ने सुप्रीम कोर्ट में अपनी याचिका में 3 बातें कही थीं। पहली- देशभर में दर्ज एफआईआर पर एक जगह सुनवाई। दूसरी- गिरफ्तारी से राहत मिले। तीसरी बात यह थी कि उन्हें धमकाया जा रहा है। बेंच ने कोर्ट में मौजूद अटॉर्नी सॉलिसिटर जनरल से कहा कि ऐसे यू-ट्यूबर्स के मामले सामने आ रहे हैं, क्या केंद्र सरकार कुछ करना चाहती है। अगर वे खुद ही कुछ करते हैं, तो बहुत अच्छी बात है, वरना हम यहां गैप नहीं छोड़ सकते। सो-कॉल्ड यूट्यूब चैनल इसका दुरुपयोग कर रहे हैं और तमाम चीजें सामने आ रही हैं, इसलिए हमने नोटिस इश्यू किया है। हम अटॉर्नी जनरल और सॉलिसिटर जनरल को अगली सुनवाई के दौरान कोर्ट में मौजूद रहने का आदेश दे रहे हैं। हम इस मामले की अहमियत और संवेदनशीलता को अनदेखा नहीं कर सकते। बेंच ने इलाहाबादिया के वकील अभिनव चंद्रचूड़ से पूछा कि आप किस तरह की भाषा का बचाव कर रहे हैं? ऐसे बयान से मुझे नफरत है। यहां सवाल -शेष पृष्ठ दो पर

### मुख्य चुनाव आयुक्त व चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति संबंधी कानून की वैधता पर सुनवाई आज

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने मुख्य चुनाव आयुक्त और चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति संबंधी वर्ष 2023 के जिस नए कानून पर भरोसा जताते हुए ज्ञानेश कुमार को मुख्य चुनाव आयुक्त नियुक्त किया है, उसकी वैधता को चुनौती देने वाली विचाराधीन याचिकाओं पर उच्चतम न्यायालय बुधवार को प्राथमिकता से सुनवाई कर सकता है। न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति एन. कोटिश्वर सिंह की पीठ के समक्ष मंगलवार को गुहार लगाते हुए एनजीओ-एडीआर की ओर से पेश हुए अधिवक्ता प्रशांत भूषण ने सुनवाई करने के लिए दलीलें दीं।

### क्रिश्चियन मिशेल को सुप्रीम कोर्ट ने दी जमानत

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने अगस्ता वेस्टलैंड मामले में छह साल से हिरासत में बंद ब्रिटिश नागरिक क्रिश्चियन मिशेल जेम्स को जमानत दे दी। मिशेल अगस्ता वेस्टलैंड हेलीकॉप्टर घोटाले में कथित तौर पर बिचौलिया था। सीबीआई और ईडी 3600 करोड़ रुपये के 12 वीवीआईपी हेलीकॉप्टर्स की खरीद में उसकी भूमिका की जांच कर रही हैं। उसे दुबई से प्रत्यर्पित किए जाने के बाद दिसम्बर 2018 में हिरासत में लिया गया था। न्यायमूर्ति विक्रम नाथ और न्यायमूर्ति संदीप मेहता की पीठ ने कहा कि जेम्स पिछले छह साल से हिरासत में है, जबकि मामले की जांच अभी भी जारी है। शीर्ष अदालत ने कहा कि जेम्स को निचली अदालत द्वारा तय शर्तों के अधीन जमानत पर रिहा किया जाएगा।

# उप्र की सांस्कृतिक विरासत की विरोधी है सपा: योगी

शाह टाइम्स ब्यूरो



- कहा सपा देश को कठमुल्लापन की ओर ले जाना चाहती है

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी (सपा) को उप्र की सांस्कृतिक विरासत का विरोधी करार देते हुए मुख्यमंत्री योगी ने मंगलवार को कहा कि सपा देश को कठमुल्लापन की ओर ले जाना चाहती है, जो कतई स्वीकार्य नहीं होगा।

विधानसभा के बजट सत्र के पहले दिन मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने समाजवादी पार्टी पर तीखा हमला बोलते हुए कहा सपा अपने बच्चों को इंग्लिश मीडियम स्कूलों में पढ़ाएगी और जब सरकार आम जनता के बच्चों को बेहतर सुविधाएं देने की बात करती है, तो ये लोग उर्दू थोपने की वकालत करने लगते हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि सपा देश को कठमुल्लापन की ओर ले जाना चाहती है, जो कतई स्वीकार्य नहीं होगा। मुख्यमंत्री ने उप्र की स्थानीय बोलियों भोजपुरी, अवधी, ब्रज और बुंदेलखंडी को विधानसभा की कार्यवाही में स्थान देने के फैसले का स्वागत किया। उन्होंने कहा कि इन बोलियों को हिंदी की उपभाषाएं मानते हुए सरकार इनके संरक्षण और संवर्धन के लिए प्रतिबद्ध है। श्री योगी ने कहा कि हमारी सरकार इन भाषाओं के लिए अलग-अलग अकादमियों का गठन कर रही है, ताकि ये समृद्ध हों। ये हिंदी की बेटियां हैं और इन्हें उचित सम्मान मिलना चाहिए। यह सदन केवल विद्वानों के लिए नहीं है, बल्कि समाज के हर वर्ग की आवाज को यहां स्थान मिलना चाहिए। उन्होंने कहा कि जो लोग भोजपुरी, अवधी, ब्रज और बुंदेलखंडी का विरोध कर रहे हैं, वे दरअसल उप्र की सांस्कृतिक विरासत के विरोधी हैं। उन्होंने समाजवादी पार्टी को निशाने पर लेते हुए कहा कि इनका चरित्र ही दोहरा हो चुका है। उन्होंने कहा कि ब्रजभाषा इतनी समृद्ध है कि संत सूरदास ने इसी भाषा में अपनी रचनाएं दीं। इसी तरह, संत तुलसीदास ने अवधी में रामचरितमानस की रचना की, जो न केवल उत्तर भारत बल्कि प्रवासी भारतीयों के लिए भी संकट काल में संबल बनी, जो लोग आज भोजपुरी, अवधी और ब्रज -शेष पृष्ठ दो पर

### हंगामे के साथ हुई उप्र विधानसभा के बजट सत्र की शुरुआत

**लखनऊ।** उप्र विधानसभा का बजट सत्र बुधवार को विपक्षी सदस्यों के शोरशराबे और हंगामे के बीच शुरू हुआ। राज्यपाल आनंदीबेन ने शोरशराबे के बीच अपने अभिभाषण में योगी सरकार की नीतियों और क्रियाकलापों की सराहना की। उन्होंने कहा कि प्रयागराज महाकुंभ से एक भारत, श्रेष्ठ भारत की अवधारणा साकार हुई है, जिसमें स्वच्छता, सुरक्षा तथा सुव्यवस्था के नए मानक गड़े गए हैं। यह आयोजन जहां एक ओर अनेकता में एकता को दर्शाता है, वहीं दूसरी ओर समता व समरसता का संदेश भी दे रहा है। राज्यपाल के अभिभाषण के दौरान विपक्षी सदस्य खास कर समाजवादी पार्टी (सपा) के सदस्य सरकार विरोधी नारेबाजी करते रहे। विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने विपक्षी सदस्यों से शांति बनाए रखने की अपील की जिसे अनसुना कर दिया गया। राज्यपाल के अभिभाषण के बाद सदन की कार्यवाही दोपहर 12:30 बजे तक स्थगित कर दी गई। इसके बाद सदन की कार्यवाही बुधवार सुबह 11 बजे तक के लिए स्थगित कर दी गई।

### 'आप' नेता सत्येंद्र जैन पर चलेगा मनी लॉन्ड्रिंग का केस

**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने मंगलवार को 'आप' नेता सत्येंद्र जैन के खिलाफ जमीन की खरीद-फरोख्त से जुड़े घोटाले में मनी लॉन्ड्रिंग का केस चलाने की परमिशन दे दी। केंद्रीय गृह मंत्रालय ने 14 फरवरी को राष्ट्रपति से इस मामले में मंजूरी मांगी थी। दिल्ली के पूर्व स्वास्थ्य मंत्री जैन के खिलाफ बीएनएस की धारा 218 के तहत केस चलेगा। राष्ट्रपति से मंजूरी मिलने के बाद प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) अब जल्द ही जैन को गिरफ्तार कर सकता है। गृह मंत्रालय ने ईडी की जांच और पर्याप्त सबूत होने के आधार पर राष्ट्रपति से यह अनुरोध किया था। दरअसल, जिस समय ये मामला सत्येंद्र जैन के खिलाफ फ्रेम हुआ था, उस समय वह विधायक थे।

### झारखंड में गुटखा और पान मसाले पर पूर्ण प्रतिबंध

**रांची।** झारखंड सरकार ने प्रदेश में गुटखा और पान मसाले की बिक्री, भंडारण और सेवन पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने का ऐतिहासिक निर्णय लिया है। प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री डा. इरफान अंसारी ने इस बड़े फैसले की घोषणा करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के स्वस्थ झारखंड के सपने को साकार करने के लिए यह कठोर कदम उठाया गया है। यह प्रतिबंध केवल एक नियम नहीं, बल्कि झारखंड के युवाओं को नशे की जकड़ से बचाने की क्रांतिकारी पहल है।

### दिल्ली सरकार का शपथ ग्रहण कल समय बदला

**नई दिल्ली।** दिल्ली विधानसभा चुनाव रिजल्ट के 12 दिन बाद 20 फरवरी को नए मुख्यमंत्री रामलीला मैदान में शपथ लेंगे। सूत्रों के मुताबिक शपथ ग्रहण समारोह के समय में बदलाव हुआ है। शपथ समारोह 4:30 बजे की जगह अब 11 बजे होगा। हालांकि, भाजपा ने अब तक सीएम फेस तय नहीं किया है।

# आधी रात को चुनाव आयुक्त की नियुक्ति मोदी-शाह की असभ्यता: राहुल

- कहा समिति से मुख्य न्यायाधीश को हटाना गलत

**नई दिल्ली।** लोकसभा में विपक्ष के नेता एवं कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह पर आरोप लगाया है कि उन्होंने आधी रात को नए मुख्य चुनाव आयुक्त की नियुक्ति कर सबको चौंकाया ही नहीं है, बल्कि असंवैधानिक कदम उठाकर असभ्य होने का भी परिचय दिया है।

श्री गांधी ने मंगलवार को सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि उन्होंने नए चुनाव आयुक्त की नियुक्ति के लिए सोमवार को हुई बैठक में अपनी असहमति यह कहते हुए व्यक्त की थी कि समिति से देश के मुख्य न्यायाधीश को हटाना गलत है और उनकी जगह गृह मंत्री अमित शाह को समिति में रखना अनुचित है।

# सड़क हादसे में आर्मी जवान व दोस्त की मौत

शाह टाइम्स ब्यूरो

- तीसरा दोस्त गंभीर रूप से घायल, ट्रक के पीछे घुसी कार
- हल्द्वानी से लालकुआं की ओर जा रहे थे तीनों दोस्त


**हल्द्वानी।** बीते सोमवार की रात बरेली रोड तीनपानी मंडी के पास एक भीषण सड़क हादसा हो गया। सड़क हादसे में कार सवार आर्मी जवान और उसके व्यापारी दोस्त की मौत हो गई, जबकि उनका तीसरा दोस्त गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसका उपचार सुशीला तिवारी अस्पताल में चल रहा है।

यह हादसा देर रात करीब तीन बजे तीनपानी से पहले हल्द्वानी की ओर हुआ, जब तेज रफ्तार से जा रही कार आगे चल रहे ट्रक के पीछे जा घुसी। पुलिस ने मंगलवार को दोनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करवाकर शव परिजनों को सौंप दिए। घटना के बाद मृतकों के घर में कोहराम मच गया। जानकारी के अनुसार मूलरूप से बागेश्वर के ग्राम छाती निवासी संजीव कुमार चौबे (25) पुत्र पूरन चंद्र चौबे प्रथम नागा रेजिमेंट में जालंधर पंजाब में तैनात था और वर्तमान में बिलौना में रह रहा था। बताया जा रहा कि संजीव वर्ष 2019 में आर्मी में भर्ती हुआ। सोमवार को संजीव अपने दोस्त ग्राम बिलौना निवासी मोबाइल कारोबारी 27 वर्षीय गौरव जोशी पुत्र -शेष पृष्ठ दो पर


حج عمره و زيارات
IATA
बिस्मिल्लाह टूर एण्ड ट्रैवल्स (दधेडू वाले)
ISO
हज, उमराह, ज़ियारत
25 फरवरी 2025 उमरा टूर
फुल रमजान उमरा पैकेज RS.1,10,000/-
मक्का होटल : 650 मीटर जोरत मानसिया और हुसैन मोद्दा सीमीलर
मदीना होटल: 800 मीटर पी0सी0 अल मदीना और अल फिरदौस सीमीलर
डाइरेक्ट फ्लाइट RS. 75,000/- 20 दिन
होटल में रहना, खाना व ज़ियारत
मज़ीद जानकारी व बुकिंग के लिए राब्ता करें।
हाजी आलम - 9756508234
एयर टिकट, टूरिस्ट एण्ड बिजनेस वीज़ा के लिए सम्पर्क करें।
मुजफ्फरनगर ऑफिस: निकट सरवट गेट चौराहा, लताफत अली खान मार्किट, रूड़की रोड, मुजफ्फरनगर 0131-2644200, 7017145399,8534039577
दिल्ली ऑफिस: 1-एफ, बिल्डिंग सेकण्ड फ्लोर, भरत नगर, न्यू फ्रैन्डस कॉलोनी, नई दिल्ली-110025 011-41251668, 9821106157
E-mail:bismillah786tt@gmail.com
www.bismillahtourandtravel.com info@bismillahtourandtravels.com


# भारत और कतर के बीच बनी रणनीतिक साझीदारी

शाह टाइम्स ब्यूरो



- आपसी व्यापार को पांच साल में दो गुना करने, भारत में कतर निवेश केन्द्र खोलने का ऐलान

**नई दिल्ली।** भारत एवं कतर ने अपने द्विपक्षीय रिश्तों को 'रणनीतिक साझीदारी' के स्तर पर उन्नत करते हुए आपसी व्यापार को पांच साल में दो गुना करने, भारत में कतर निवेश केन्द्र खोले जाने तथा भारत एवं कतर के बीच मुक्त व्यापार समझौते पर बातचीत शुरू करने की मंगलवार को घोषणा की।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और कतर के अमीर शेख तमीम बिन हमद अल थानी के बीच यहां हैदराबाद हाउस में हुई द्विपक्षीय शिखर बैठक में ये निर्णय लिए गए। दोनों देशों ने वैश्विक एवं क्षेत्रीय भूराजनीतिक मामलों पर भी विचार-विमर्श किया, जिनमें हमास एवं इज़रायल के बीच संघर्ष तथा अफगानिस्तान के मुद्दे भी शामिल थे। कतर के अमीर की राजकीय यात्रा के दौरान दो समझौतों और 5 समझौता ज्ञापनों पर हस्ताक्षर किए गए, जिनमें एक-द्विपक्षीय संबंधों को रणनीतिक साझीदारी के स्तर पर उन्नत करने तथा दूसरा- दोहरे कराधान से बचाव संबंधी करार शामिल हैं। बैठक के बाद विदेश मंत्रालय में सचिव (कांउसलर, पासपोर्ट, वीजा एवं प्रवासी भारतीय मामले) अरुण कुमार चटर्जी ने एक संवाददाता सम्मेलन में यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि दोनों देशों के बीच रणनीतिक साझीदारी में ऊर्जा, व्यापार एवं निवेश तथा सुरक्षा के क्षेत्र शामिल हैं। इसके अलावा दोनों देशों ने बुनियादी ढांचे, बंदरगाह, जहाज निर्माण, फूड पार्क, नवीकरणीय ऊर्जा, रोबोटिक्स एवं आर्टिफीशियल इंटेलीजेंस के क्षेत्र में सहयोग बढ़ाने पर सहमति जताई है। प्रधानमंत्री मोदी और अमीर के बीच हैदराबाद हाउस में हुई द्विपक्षीय बैठक में दोनों नेताओं ने दोनों देशों के बीच ऐतिहासिक व्यापार संबंधों, लोगों के बीच गहरे संबंधों और मजबूत द्विपक्षीय संबंधों को याद किया।

## संक्षिप्त समाचार

### गाजा में फलस्तीनी प्राधिकरण का शासन मंजूर नहीं: नेतन्याहू

**यरूशलम।** इजरायल के प्रधान मंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने युद्ध के बाद गाजा पर फलस्तीनी प्राधिकरण (पीए) के शासन की संभावना को खारिज कर दिया। मीडिया रिपोर्टों के जवाब में कि हमास ने पीए को एन्क्लेव का नियंत्रण छोड़ने की इच्छा व्यक्त की थी। नेतन्याहू ने एक बयान में कहा कि जैसा कि मैंने वादा किया था- गाजा में युद्ध के अगले दिन, कोई हमास नहीं होगा और कोई फलस्तीनी प्राधिकरण नहीं होगा। उन्होंने गाजा के लिए अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की पूर्व योजना के लिए अपना समर्थन दोहराया, जिसमें एन्क्लेव की फलस्तीनी आबादी को पड़ोसी देशों में स्थानांतरित करना शामिल है। अरब नेताओं ने इस प्रस्ताव को खारिज कर दिया है। नेतन्याहू ने कहा कि मैं एक अलग गाजा बनाने की राष्ट्रपति ट्रंप की योजना के प्रति प्रतिबद्ध हूं। इज़रायल गाजा पट्टी, वेस्ट बैंक और पूर्वी येरुशलम में फलस्तीनी संप्रभुता पर आपत्ति जताता है, जिन क्षेत्रों पर उसने 1967 के मध्य पूर्व युद्ध में कब्जा कर लिया था।

### द्विपक्षीय, क्षेत्रीय सहयोग को बढ़ावा देंगे ईरान, सूडान

**तेहरान।** ईरान और सूडान ने सोमवार को द्विपक्षीय और क्षेत्रीय दोनों स्तरों पर सहयोग बढ़ाने के उद्देश्य से दो समझौता ज्ञापनों (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए। आधिकारिक समाचार एजेंसी ने यह जानकारी दी। समझौता ज्ञापनों पर ईरानी विदेश मंत्री सैयद अब्बास अराघची और उनके सूडानी समकक्ष अली यूसुफ अहमद ने हस्ताक्षर किए। एजेंसी के अनुसार एक एमओयू राजनयिक और सेवा पासपोर्ट रखने वाले ईरानी और सूडानी नागरिकों को द्विपक्षीय वीजा छूट देता है, जबकि दूसरा राजनयिक समन्वय बढ़ाने के लिए एक संयुक्त राजनीतिक समिति की स्थापना करता है।

### यूक्रेन पर शांति वार्ता की मेजबानी के लिए तैयार है तुर्की: फिदान

**अंकारा।** तुर्की के विदेश मंत्री हकान फिदान ने म्यूनिख सुरक्षा सम्मेलन के दौरान अमेरिकी राष्ट्रपति के दूत कीथ केलॉग और अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो से कहा कि उनका देश यूक्रेन पर शांति वार्ता की मेजबानी के लिए तैयार है। तुर्की के डेली समाचार पत्र ने मंगलवार को रिपोर्ट में बताया कि फिदान ने यूक्रेनी राष्ट्रपति व्लोदिमीर जेलेंस्की के चीफ ऑफ स्टाफ एंड्री यरमक और रक्षा मंत्री रुस्तम उमरोव से भी मुलाकात की। उन्होंने मंत्रियों से कहा कि तुर्की शांति प्रक्रिया का हिस्सा बनना चाहता है।

### सीईसी नियुक्ति: कांग्रेस ने सरकार पर साधा निशाना

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने नए मुख्य चुनाव आयुक्त (सीईसी) की नियुक्ति की अधिसूचना को लेकर सरकार पर निशाना साधते हुए इसे केंद्र की मनमानी करार दिया और कहा कि भारतीय जनता पार्टी सरकार हर कदम पर संविधान की भावना को ठेस पहुंचा रही है। पार्टी ने कहा कि जब सीईसी की नियुक्ति से संबंधित मामले की सुनवाई बुधवार को उच्चतम न्यायालय में होनी है, तो सरकार को नियुक्ति सम्बन्धी फैसले को एक दिन के लिए स्थगित करने में दिक्कत नहीं होनी चाहिए थी, लेकिन वह संविधान को नष्ट करने में लगी है।

## सपा के विरोध के बीच पूरा अभिभाषण भी नहीं पढ़ पाईं राज्यपाल

# यूपी विधानसभा सत्र के दौरान हंगामा

**लखनऊ, वार्ता**

उत्तर प्रदेश विधानसभा के बजट सत्र का पहला दिन ही हंगामे की भेंट चढ़ गया, जिस कारण राज्यपाल पूरा अभिभाषण नहीं पढ़ पाईं। यह इस साल का यूपी विधानसभा में पहला सत्र है। इस दौरान महाकुंभ में हुई भगदड़ और आकंड़ों के छिपाने को लेकर समाजवादी पार्टी ने सदन में विरोध किया। समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ताओं की ओर से परिसर में जमकर हंगामा किया गया। हंगामा इतना ज्यादा हुआ कि राज्यपाल आनंदीबेन पटेल महज 12 मिनट में अभिभाषण पढ़कर वापस लौट गईं। बाकी का हिस्सा विधानसभा और विधान परिषद के अध्यक्ष पढ़ेंगे। हाथों में बैनर और तख्तियां लिए सपा सदस्य नारे लगा रहे थे 'लाठी गोली की सरकार, नहीं चलेगी नहीं चलेगी' और आरक्षण विरोधी, दलित विरोधी, संविधान विरोधी सरकार नहीं चलेगी, नहीं चलेगी।

विधानसभा सत्र शुरू होने से पहले उत्तर प्रदेश के डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने कहा कि इस बार का बजट सत्र उत्तर प्रदेश के लिए मील का पत्थर साबित होगा। विपक्ष के पास मुद्दों की कमी है। हमने शानदार द्विव्य भव्य कुंभ कराया है, जिसकी पूरी दुनिया हमारी प्रशंसा हो रही है। ऐसे में महाकुंभ में हुई भगदड़ को लेकर विपक्ष ने सरकार का जमकर विरोध किया। सपा के वरिष्ठ सदस्य सुधाकर सिंह तथा एच एन सिंह पटेल ने बताया कि पार्टी के विधायकों ने संभल और कुंभ समेत तमाम मुद्दों पर सरकार की विफलताओं को लेकर धरना दिया है।

विधायकों के हाथों में तख्तियां थीं, जिन पर बिजली पानी दे न सके जो, वह सरकार निकम्मी है! जो सरकार निकम्मी है, वह सरकार बदलनी है, लिखा था। सपा के वरिष्ठ सदस्य अमिताभ त्रिवेदी ने आरोप लगाया कि कुंभ में मृतकों, स्नान करने वाले श्रद्धालुओं के फर्जी आंकड़े पेश किए जा रहे हैं। उन्होंने मांग की है कि सरकार कुंभ मामले पर सदन में चर्चा कराए। सपा के मुख्य प्रवक्ता राजेंद्र चौधरी ने भाजपा सरकार को जन विरोधी, किसान विरोधी करार देते हुए कहा कि यह सरकार हर मोर्चे पर विफल है।



■ महाकुम्भ भगदड़ पर सपा ने लगाए नारे, आज रेलवे स्टेशन बंद किया है, कल को पुलिस स्टेशन भी बंद कर देंगे

### राज्यपाल के अभिभाषण के बाद विधान परिषद की कार्यवाही बुधवार तक के लिए स्थगित

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश विधान परिषद की कार्यवाही मंगलवार को पूर्वाह्न 12.30 बजे वन्देमातरम के साथ शुरु हुई। सभापति कुंवर मानवेन्द्र सिंह ने सदन के 18 फरवरी से पांच मार्च तक के तिथिवार कार्यक्रम के संबंध में कार्य-परामर्शदात्री समिति की संस्तुतियों को सदन के पटल पर रखा। सदन की सहमति के बाद सभापति ने राज्यपाल द्वारा विधानसभा में दिए अभिभाषण को सदन में प्रतिवेदित किया, जबकि बाद में प्रमुख सचिव विधान परिषद् ने प्रदेश के 2024 के क्रमश: पंद्रहवें से लेकर छब्बीसवें तक बने अधिनियमों की घोषणा की। इस दौरान कार्यसूची की मदो को निपटाया गया। तत्पश्चात सभापति ने 12.45 बजे सदन की बैठक कल 19 फरवरी सुबह 11 बजे तक के लिए स्थगित कर दी।

### विपक्ष के हर मुद्दे पर चर्चा को हैं तैयार: योगी



**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि उनकी सरकार विपक्ष के हर मुद्दे पर सकरात्मक चर्चा को तैयार है मगर विपक्ष से भी उम्मीद है कि वह उपचुनावों में मिली हार की खुन्नस सदन पर न निकाले और सदन की कार्यवाही में सहयोग करे। मंगलवार को उत्तर प्रदेश विधानसभा के बजट सत्र से पहले पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा कि हम उम्मीद करते हैं कि हार की हताशा से परेशान विपक्ष अपनी खुन्नस को सदन पर नहीं उतारेगा, बल्कि सदन की कार्यवाही को सुचारू रूप से संचालित करने में सकारात्मक योगदान करेगा। उन्होने कहा कि अभिभाषण व बजट महत्वपूर्ण मुद्दे होते हैं, जिसमें विपक्ष ही नहीं, बल्कि सदन का हर सदस्य अपनी बात को प्रभावी ढंग से रख सकता है। इसके अलावा भी विपक्ष जिस मुद्दे पर चर्चा करना चाहेगा, सरकार उसका तथ्यात्मक जवाब देने के लिए पूरी तौर पर तैयार है। हम चाहते हैं कि सदन सार्थक चर्चा का मंच बनना चाहिए। आरोप-प्रत्यारोप या फिर असंसदीय आचरण से समस्या का समाधान नहीं हो सकता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि उम्मीद करता हूं कि महामहिम राज्यपाल के अभिभाषण से सुदृढ़ व मर्यादित आचरण की शुरुआत हम लोग विपक्ष के अंदर देखने का प्रयास करेंगे।

### सरकार असफल हो गई है: अखिलेश



सपा मुखिया अखिलेश यादव ने कहा कि महाकुंभ में संगम के सबसे पास स्थित दारागंज के प्रयागराज संगम रेलवे स्टेशन को बंद करके सरकार ने स्वीकार कर लिया है कि वो असफल हो गई है। सरकार का काम प्रशासन, नियंत्रण और प्रबंधन करना होता है, न कि बंदी या पाबंदी। जैसे नोटबंदी में जनता हैरान-परेशान हुई थी वैसे ही स्टेशन बंदी से भी होगी। प्रभुत्ववादी भाजपाई आम जनता के दुख में अपना सुख ढूंढते हैं। बाकी सरकारें तो जनता के दुखों को कम करने का काम करती हैं, लेकिन भाजपा की डबल इंजन, ट्रिपल इंजन बनकर ऐसे काम खुद करता है जिससे जनता के दुख-दर्द बढ़ें और जनता अपने में ही उलझी रहे जिससे, भाजपाई भ्रष्टाचार की ओर किसी का ध्यान न जाने पाए। आज भीड़ के डर से रेलवे स्टेशन बंद किया है कल को पुलिस स्टेशन भी बंद कर देंगे क्या?

## महाकुम्भ से साकार हुई एक भारत श्रेष्ठ भारत की अवधारणा: आनंदीबेन

**लखनऊ, वार्ता**



■ बजट सत्र के पहले दिन बोलीं राज्यपाल

राज्यपाल आनंदी बेन पटेल ने मंगलवार को कहा कि प्रयागराज महाकुंभ से एक भारत, श्रेष्ठ भारत की अवबारणा साकार हुयी है।

उत्तर प्रदेश राज्य विधान मण्डल के वर्ष 2025 के बजट सत्र के पहले दिन दोनों सदनों के समवेत अधिवेशन को संबोधित करते हुए उन्होने कहा कि योगी सरकार को इस वर्ष दिव्य एवं भव्य महाकुम्भ आयोजन का सौभाग्य प्राप्त हुआ है, जिसमें स्वच्छता, सुरक्षा तथा सुव्यवस्था के नए मानक गढे गए हैं। महाकुम्भ में आस्था एवं आधुनिकता का अद्भुत संगम देखने को मिल रहा है। राज्यपाल ने कहा कि यह आयोजन जहां एक ओर अनेकता में एकता को दर्शाता है, वहीं दूसरी ओर समता व समरसता का संदेश भी दे रहा है, जिससे 'एक भारत श्रेष्ठ भारत[ की अवधारणा साकार हो रही है। अब तक लगभग 50 करोङ से अधिक श्रद्धालुजन पावन त्रिवेणी में आस्था की पवित्र डुबकी लगा चुके हैं। उन्होने मौनी अमावस्या पर घटी दुर्भाग्यपूर्ण घटना पर शोक प्रकट करते हुए कहा कि इससे हम सभी अत्यन्त दुख्खी हैं। इसमें कुछ श्रद्धालु गंभीर रूप से घायल हो गए, जिसमें से कुछ श्रद्धालुओं की दुखद मृत्यु भी हो गई। असमय काल-कवलित हुए लोगों के प्रति उन्होंने विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की तथा शोक संतप्त परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त की। राज्यपाल ने इस बात का विशेष उल्लेख किया कि महाकुम्भ प्रयागराज 2025 के शुभ अवसर पर पावन त्रिवेणी तट पर 22 जनवरी को मंत्रिपरिषद् की ऐतिहासिक बैठक भी आयोजित की गई, जिसमें प्रदेश हित में कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। पटेल ने कहा कि किसी भी सभ्य समाज के लिए सुरक्षा उसकी मूलभूत आवश्यकता है। 2017 के पहले प्रदेश की कानून व्यवस्था ध्वस्त हो चुकी थी और आमजन का शासन-प्रशासन से विश्वास उठ चुका था, लेकिन योगी सरकार ने पुलिस आधुनिक. ीकरण व सुधार करते हुए उत्तर प्रदेश की कानून व्यवस्था को नजीर के रूप में प्रस्तुत किया। जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाई और कानून व्यवस्था एवं पुलिसिंग के स्तर व गुणवत्ता में नियमित एवं समयबद्ध रूप से सुधार किए। इसकी मदद से प्रदेशवासियों को अपराधमुक्त एवं भयमुक्त वातावरण देकर रामराज्य की संकल्पना को साकार किया जा रहा है।

## ट्रम्प ने समान टैरिफ नीति अपनाने का लिया संकल्प



**नई दिल्ली।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने अपनी व्यापारिक नीति को स्पष्ट करते हुए कहा है कि अमेरिका अपने व्यापारिक साझेदारों पर उन्हीं के लगाए गए टैरिफ के समान शुल्क लगाएगा न अधिक, न कम।

ट्रम्प ने सोमवार को 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि व्यापार में निष्पक्षता सुनिश्चित करने के लिए हम पारस्परिक टैरिफ नीति अपनाएंगे। यदि कोई देश अमेरिका पर टैरिफ लगाता है, तो हम भी उस पर समान टैरिफ लगाएंगे न ज्यादा, न कम। उन्होंने यह भी कहा कि वैट प्रणाली (मूल्य संवर्धित कर) का उपयोग करने वाले देशों को भी टैरिफ के दायरे में रखा जाएगा, क्योंकि यह प्रणाली कई मामलों में टैरिफ से भी अधिक कठोर होती है। अमे. रिकी राष्ट्रपति ने दो टूक कहा कि अमेरिका को आर्थिक रूप से नुकसान पहुंचाने के लिए अन्य देशों को अपने माल को किसी तीसरे देश के माध्यम से भेजने की अनुमति नहीं दी जाएगी। उन्होंने व्यापारिक सब्सिडी और गैर-प्रत्यक्ष टैरिफ के प्रभाव को भी संतुलित करने की बात कही। ट्रम्प ने कहा कि हम उन देशों द्वारा दी जाने वाली सब्सिडी का भी मूल्यांकन करेंगे, जो अमेरिकी उत्पादों के लिए बाधाएं खड़ी करते हैं या अमेरिकी कंपनियों को अपने बाजार में प्रवेश से रोकते हैं।

## कांग्रेस के बहकावे में नहीं आएंगे दलित: मायावती

**लखनऊ, वार्ता**



कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व सांसद उदित राज के विवादित बयान पर पलटवार करते हुए बहुजन समाज पार्टी सुप्रीमो मायावती ने कहा कि उनके मानवतावादी संघर्ष का हर स्तर पर तिरस्कार करने वाली कांग्रेस दलित शोषित वर्ग की विश्वसनीय नहीं हो सकती और दलित समाज कभी भी इसके बहकावे में नहीं आएगा।

मायावती ने सोमवार को एक्स पर पोस्ट किया कि बाबा साहेब डा. भीमराव अम्बेडकर के जीतेजी व उनके देहान्त के बाद भी, करोड़ों बहु. जनों के लिए उनके आत्म-सम्मान एवं स्वाभिमान के मानवतावादी संघर्ष का हर स्तर पर तिरस्कार करने वाली खासकर कांग्रेस पार्टी कभी भी इनकी सोच-नीतियों पर खरी व विश्वसनीय नहीं हो सकती। उन्होंने कहा कि विशुद्ध राजनीतिक व चुनावी स्वार्थ के लिए कांग्रेस 'जय बापू, जय भीम, जय मण्डल, जय संविधान' आदि के नाम पर चाहे जितने भी कार्यक्रम क्यों न कर ले, बाबा साहेब के अनुयाई इनके किसी बहकावे में आने वाले नहीं हैं। उदित राज के बयान पर पलटवार करते हुए कहा कि कुछ दलबदलू व स्वार्थी दलित लोग अपने आकाओं को खुश करने के लिए जो अनर्गल बयानबाजी आदि करते रहते हैं, उनसे भी बहुजन समाज को सावधान रहने की जरूरत है।

### जनहित के लिए सभी का भरोसा जरूरी

**लखनऊ।** यूपी विधानसभा में मंगलवार को राज्यपाल के अभिभाषण के दौरान हंगामे का उल्लेख करते हुए बसपा अध्यक्ष मायावती ने कहा कि हंगामा और शोरशराबे से महंगाई और गरीबी की समस्या से कितनी राहत मिलेगी, यह सोचने वाली बात है मगर इतना तय है कि जनहित और जनकल्याण को सभी का विश्वास जरुरी है। मायावती ने एक्स पर पोस्ट किया कि राज्यपाल के अभिभाषण से सत्ता व विपक्ष की तकरार तथा 'गवर्नर गो बैक' की नारेबाजी के कारण हंगामेदार रहा, किन्तु शोषित-पीड़ित जनता को इससे कितनी राहत मिलेगी, यह सोचने वाली बात।

## वेस्ट यूपी में दो दिनों तक तेज बारिश की संभावना

■ मौसम विभाग ने जारी किया अलर्ट

**लखनऊ।** पश्चिमी उत्तर प्रदेश में मौसम विभाग ने अगले दो दिनों तक तेज बारिश की संभावना जताई है। कभी धूप, तो कभी बादल के बीच मौसम में एक बार फिर बदलाव देखा गया है। अब मौसम विभाग के मुता. बिक 19 और 20 फरवरी को बारिश हो सकती है, जिसके बाद न्यूनतम तापमान में गिरावट देखने को मिलेगी।

मौसम विभाग के अनुसार, 19 और 20 फरवरी को नोएडा, गाजियाबाद समेत पश्चिमी यूपी के कई जिलों में तेज बारिश हो सकती है और इसके बाद न्यूनतम तापमान 2 डिग्री तक गिर सकता है। मौसम विभाग द्वारा जारी आंकड़ों के मुता. बिक, 18 फरवरी को अधिकतम तापमान 28 डिग्री और न्यूनतम तापमान 11 डिग्री दर्ज किया गया था। 19 फरवरी को अधिकतम तापमान 27 डिग्री और न्यूनतम तापमान 11 डिग्री रहने की संभावना जताई गई है। इसके साथ ही तेज बारिश और तूफान की संभावना भी मौसम विभाग ने व्यक्त की है।

ठीक इसी तरह, 20 फरवरी को भी अधिकतम तापमान 26 डिग्री और न्यूनतम तापमान 13 डिग्री रहने की संभावना है, साथ ही बारिश की संभावना भी जताई गई है।

## अर्थ व्यापार

अर्थ व्यापार

अर्थ व्यापार

## बिकवाली से फिर गिरा शेयर बाजार

**मुंबई, वार्ता**



विश्व बाजार के मिलेजुले रुख के बीच स्थानीय स्तर पर इंडसइंड बैंक, महिंद्रा एंड महिंद्रा, टीसीएस, टाटा मोटर्स और एसबीआई समेत पंद्रह दिग्गज कंपनियों मे हुई बिकवाली से सोमवार को पिछले लगातार आठ दिनों की गिरावट से उबरा शेयर बाजार आज फिर गिर गया।

बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 29.47 अंक गिरकर 75,967.39 अंक औरएनएसई का निफ्टी 14.20 अंक फिसलकर 22,945.30 अंक पर बंद हुआ। इसी तरह बीएसई का मिडकैप 0.19 प्रतिशत उतरकर 39,858.46 अंक और स्मॉलकैप 1.71 प्रतिशत की गिरावट लेकर 44,384.72 अंक पर आ गया। इस दौरान बीएसई में कुल 4064 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 2917 में बिकवाली जबकि 1033 में लिवाली हुई, वहीं 114 में कोई बदलाव नहीं हुआ। इसी तरह निफ्टी की 32 कंपनियां लाल जबकि अन्य 18 हरे निशान पर रहीं। बीएसई के 13 समूहों में बिकवाली हुई। इससे कमोडिटीज 0.46, सीडी 0. 55, एफएमसीजी 0.80, वित्तीय सेवाएं 0.24, हेल्थकेयर 0.28, इंडस्ट्रियल्स 1.51, दूरसंचार 1.06, ऑटो 0.65, बैंकिंग 0.11, कैपिटल गुड्स 0.91, कंज्यूमर ड्यूरेबल्स 1. 19, रियल्टी 0.03 प्रतिशत गिर गए। अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर मिलाजुला रुख रहा। ब्रिटेन का एफटीएसई 0.01, जर्मनी का डैक्स 0.26 और चीन का शंघाई कंपोजिट 0.93 प्रतिशत लुढ़क गया। वहीं जापान का निक्केई 0.25 और हांगकांग का हैंगसेंग 1.59 प्रतिशत उछल गया। शुरुआती कारोबार में सेंसेक्स 77 अंक की बढ़त के साथ 76,073.71 अंक पर खुला और लिवाली के दम पर थोड़ी देर बाद ही 76,091.69 अंक के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया। वहीं बिकवाली होने से दोपहर से पहले यह 75,531.01 अंक के निचले स्तर तक लुढ़क गया। अंत में पिछले दिवस के 75,996.86 अंक के मुकाबले 0.04 प्रतिशत फिसलकर 75,967.39 अंक पर आ गया। इसी तरह निफ्टी भी मामूली बढ़ोतरी के साथ 22,963.65 अंक पर सपाट खुला और सत्र के दौरान 22,992.50 अंक के उच्चतम जबकि 22,801.50 अंक के निचले स्तर पर रहा।

### सट्टेबाजी विज्ञापनों के खिलाफ एक्शन की तैयारी

**मुंबई।** भारतीय विज्ञापन मानक परिषद (एएससीआई) ने अवैध ऑफशोर सट्टेबाजी और जुए के विज्ञापनों पर रोक लगाने के लिए भारतीय फैंटेसी स्पोर्ट्स महासंघ (एफआईएफएस), अखिल भारतीय गेलमग महासंघ (एआईजीएफ) और ई-गेमिंग महासंघ (ईजीएफ) के साथ एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए। यह साझेदारी एक विशेष निगरानी प्रकोष्ठ स्थापित करेगी, जो संबंधित मंत्रालयों को अवैध विज्ञापनों की स्क्रीनिंग और रिपोर्टिंग पर केंद्रित होगी। इसके अलावा यह प्रकोष्ठ रियल-मनी गेमिंग (आरएमजी) विज्ञापनों की भी जांच करेगा ताकि वे एएससीआई के दिशा-निर्देशों का पालन करें।

## खाद्य तेलों में टिकाव, मसूर दाल महंगी

**नई दिल्ली, वार्ता**



विदेशी बाजारों की गिरावट के बीच स्थानीय पर उठाव सुस्त रहने से मंगलवार को दिल्ली थोक जिंस बाजार में खाद्य तेलों में टिकाव रहा, जबकि मांग निकलने से मसूर दाल महंगी हो गई, वहीं अन्य जिंसों के भाव स्थिर रहे।

तेल-तिलहन : वैश्विक स्तर पर मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में मार्च का पाम ऑयल वायदा 35 रिंगिट गिरकर 4,707 रिंगिट प्रति टन पर आ गया। इसी तरह मार्च का अमेरिकी सोया तेल वायदा 0.20 सेंट की गिरावट के साथ 45.87 सेंट प्रति पौंड बोला गया। इस दौरान घरेलू बाजार में खाद्य तेलों में टिकाव रहा। सरसों तेल, मूंगफली तेल, सूरजमुखी तेल, सोया रिफाइंड, पाम ऑयल और वनस्पति तेल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ। गुड़-चीनी: मीठे के बाजार में स्थिरता रही। इस दौरान चीनी और गुड़ के भाव पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर टिके रहे। दाल-दलहन: दाल-दलहन के बाजार में मसूर दाल की 50 रुपए प्रति क्विंटल की तेजी को छोड़कर अन्य दालों में टिकाव रहा। चना, दाल चना, मूंग दाल, उड़द दाल और अरहर दाल के भाव पिछले दिवस के स्तर पर पड़े रहे। अनाज: अनाज मंडी में भाव स्थिर रहे। इस दौरान गेहूं और चावल के दाम पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर टिके रहे। सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के थोक दाम इस प्रकार रहे:- दाल-दलहन: चना 6100- 6200, दाल चना 7100-7200, मसूर काली 7300-7400, मूंग दाल 9300-9300, उड़द दाल 8900-9000, अरहर दाल 7650-7750 रुपए प्रति क्विंटल रहे। अनाज: (भाव प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 3100-3200 रुपए और चावल : 3150-3250 रुपए प्रति क्विंटल रहा। चीनी-गुड़: चीनी एस. 4280-4380, चीनी एम. 4280-4380, मिल डिलीवरी 3620-3720 और गुड़ 4250-4350 रुपए प्रति क्विंटल बोले गए। खाद्य तेल: सरसों तेल 15751 रुपए, मूंगफली तेल 18462 रुपए, सूरजमुखी तेल 16484 रुपए, सोया रिफाइंड 15457 रुपए, पाम ऑयल 13187 रुपए और वनस्पति तेल 16044 रुपए प्रति क्विंटल पर रहा है।

## प्रथम पृष्ठ के शेष...

**बेरोजगारी दर...** उत्तराखंड के लक्ष्य को प्राप्त कर रहा है। प्रदेश की मातृशक्ति, युवा शक्ति और पूर्व सैनिकों की अहम भागीदारी से हमारा प्रदेश सर्वश्रेष्ठ राज्यों की श्रेणी की ओर अग्रसर है। विगत वर्ष आर्थिक समृद्धि, सामाजिक न्याय, महिला कल्याण, अवस्थापना संरचना की दृष्टि से स्वर्णिम काल रहा है। भारत को वर्ष 2047 तक विक. सित राष्ट्र बनाने की कड़ी में उत्तराखंड राज्य को देश का अग्रणी राज्य बनाने के लक्ष्य की प्राप्ति के लिए हमारी सरकार की और से वित्तीय वर्ष 2024-25 में कई नए आयाम स्थापित किए गए।

**राज्यपाल अभिभाषण...** संकल्पित है। उन्होंने कहा कि विकसित भारत के संकल्प को पूरा करने के लिए उत्तराखंड राज्य भी अपना योगदान दे रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार हर दृष्टि से उत्तराखंड को आगे बढ़ा रही है। राज्य में 38वे राष्ट्रीय खेल सफलतापूर्वक संपन्न हुए हैं। जो हमारे राज्य के लिए बड़ी उपलब्धि है। देश में सर्वप्रथम समान नागरिक संहिता लागू करने का सौभाग्य हमारे राज्य को प्राप्त हुआ है। सीएम ने कहा कि राज्य सरकार जन भावनाओं के अनुरूप ही कार्य करेगी। उन्होंने कहा कि पक्ष विपक्ष सभी ने मिलकर सदन को चलाना है। सदन सही प्रकार से चले यह सबकी जिम्मेदारी है।

**नेशनल ई-विधान...** विधायकों को कार्यसूची, विधानसभा में पूछे गए प्रश्नों के जवाब और अन्य दस्तावेज अब ऑनलाइन उपलब्ध कराए जाएंगे। इसके तहत विधानसभा में विधायकों की टेबल पर टैबलेट लगाए गए हैं और सभी दस्तावेज डिजिटल रूप से उपलब्ध कराए जा रहे हैं। इससे न केवल पर्यावरण संरक्षण में मदद मिलेगी, बल्कि विधानसभा की कार्यवाही भी अधिक दक्षता से संपन्न होगी। इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री सौरभ बहुगुणा, गणेश जोशी, सतपाल महाराज, सुबोध उनियाल, प्रेमचंद अग्रवाल, धन सिंह रावत, रेखा आर्य और अन्य विधायक उपस्थित थे।

**यूट्यूबर इलाहाबादिया...** यह है कि क्या ऐसा कमेंट कोई अपराध है। अगर यह अश्लीलता नहीं है तो फिर अश्लीलता क्या है? जस्टिस सूर्यकांत ने कहा कि उनके दिमाग में कुछ बहुत गंदा है, जो वो प्रोग्राम में उगल रहे हैं, वो अभिभावकों की बेइज्जती कर रहे हैं। अदालत इलाहाबादिया का बचाव क्यों करे? इलाहाबादिया के वकील चंद्रचूड़ ने कहा कि क्लाइंट को धमकियां दी जा रही हैं। जस्टिस सूर्यकांत ने कहा कि अगर आप ऐसी चीजें करके घटिया पब्लिसिटी पाने की को. शिश कर सकते हैं, तो दूसरे भी हैं, जो आपको धमकाकर चीप पब्लिसिटी पाने की कोशिश करेंगे। जस्टिस सूर्यकांत ने कहा कि जिन शब्दों का इस्तेमाल आपने किया, उससे अभिभावक शर्मसार हुए। बहनें और बेटियां शर्म महसूस करेंगी, पूरा समाज शर्मसार होगा। यह दिखाता है कि दिमाग विकृत है। दरअसल, रणवीर इलाहाबादिया के अश्लील कमेंट को लेकर देशभर में कई एफआईआर दर्ज हुई थीं। इसके खिलाफ यूट्यूबर ने सुप्रीम कोर्ट में 14 फरवरी को याचिका दायर की थी। तब कोर्ट ने कहा था कि एक-दो दिन में उनकी याचिका पर सुनवाई की जाएगी। इलाहाबादिया की तरफ से वकील अभिनव चंद्रचूड़ ने अपने मुवक्किल की याचिका पर जल्द सुनवाई की मांग की थी, क्योंकि असम पुलिस ने उन्हें शुक्रवार को समन भेजा था।

**उप्र की...** भाषा का विरोध कर रहे हैं, वे दरअसल भारत की सांस्कृतिक विरासत और परंपराओं के विरोधी हैं। यह दुखद है कि जब इन भाषाओं को सम्मान दिया जा रहा है, तब कुछ लोग इसका विरोध कर रहे हैं। योगी ने विपक्ष पर कटाक्ष करते हुए कहा कि समा. जवादी पार्टी का स्वभाव ही यह बन चुका है कि वे हर अच्छे कार्य का विरोध करेंगे। उन्होंने कहा कि आप लोग प्रदेश और देश के हित में किए जाने वाले हर सकारात्मक कदम का विरोध करते हैं। यह नहीं चलेगा। उन्होंने कहा कि विधानसभा सचिवालय ने जब स्थानीय भाषाओं को मान्यता दी तो समा. जवादी पार्टी ने इसका भी विरोध किया। उन्होने कहा कि उनकी सरकार भोजपुरी, अवधी, ब्रज और बुंदेलखंडी को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि इन भाषाओं को सम्मान दिलाने के लिए भोजपुरी अकादमी, अवधी अकादमी और ब्रज अकादमी की स्थापना की जा रही है। यह हमारी जिम्मेदारी है कि हम अपनी मातृभाषाओं को सहेजें और उन्हें आगे बढ़ाएं। विपक्ष का यह विरोध बताता है कि वे न केवल विकास के विरोधी हैं, बल्कि हमारी संस्कृति के भी विरोधी हैं। ये लोग अपने बच्चों को इंग्लिश स्कूल में पढ़ाएंगे और दूसरे के बच्चे के लिए अगर वह सुविधा सरकार देना चाहती है, तो कहते हैं कि नहीं उर्दू पढ़ाओ इसको। यानि ये बच्चों को मौलवी बनाना चाहते हैं।

**सड़क हादसे...** भुवन चंद्र जोशी व इंजीनियर हिमांशु कुमार पुत्र कुंदन प्रसाद के संग हल्द्वानी आया था। बताया कि संजीव दो दिन पहले छुट्टी पर घर आ गया था। सोमवार को उसे वापस लौटना था। इसलिए संजीव अपने दोस्तों के साथ हल्द्वानी आया और लालकुआं से उसे ट्रेन पकड़नी थी। 17-18 फरवरी की देर रात करीब पौने तीन बजे तीनों कार सवार हल्द्वानी से लालकुआं की ओर जा रहे थे। बरेली रोड पर तीनपानी से पहले हल्द्वानी की ओर उनकी कार आगे चल रहे 14 टायरा ट्रक के पीछे घुस गई।हादसे में संजीव और गौरव की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि हिमांशु को गंभीर हालत में सुशीला तिवारी अस्पताल में भर्ती कराया। घटना की सूचना मिलते ही मृतक के परिजन भी मौके पर पहुंच गए। मंगलवार को पुलिस ने दोनों शवों का पोस्टमार्टम करवाकर शव परिजनों के सुपुर्द कर दिए। फिलहाल पुलिस ने सड़क हादसे मामले की जांच शुरू कर दी है। इधर कोतवाल राजेश कुमार यादव के अनुसार, घटना की सभी परिस्थितियों की जांच की जा रही है।

शाह टाइम्स क्लासीफाईड्स Sale

काले इल्म व सिपली इल्म की काली तांत्रिक शक्तियों का चमत्कार सात घंटों में अपनी आंखों से देखें।
पंडित जी शर्मा
9634608433
जैसे:- नौकरी, व्यापार, कारोबार, पति-पत्नी में झगड़ा, लव मैरिज में अड़चन, शादी में रुकावट, प्यार में धोखा खाये प्रेमी व प्रेमिका एक बार अवश्य फोन करें। आपका बेटा-बेटी, पति-पत्नी किसी के वश में हो महावशीकरण करवाएं या तुड़वाएं, सौतन-दुश्मन को अपनी आंखों के सामने तड़पता देखें, घर में खून के छींटे या प्रेत आत्माओं का साया।
My Promise आपका प्यार टूटने नहीं दूंगा। महावशीकरण व मुठकरनी के स्पेशलिस्ट
माताएं व बहनें घर बैठे गारंटीड समाधान करवाएं। 21 वर्षों से आपकी सेवा में
अजमेर शरीफ

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काशीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

Cipzer
HEALTH WITH CARE
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
खून की कमी, कमजोरी जॉन्डिस, फैटी लीवर, एल्कोहलिक लिवर डिजीज आदि से लड़ने की ताकत देता है ताकि आप रहें फिट एण्ड एक्टिव
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

वैधानिक सूचना
पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिदाता जो इस अखबार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संदर्भ में कोई राशि भेजता है, किसी चिकित्सीय सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है, तो ऐसा वह स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करेंगे। कम्पनी, प्रकाशक या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता या उसके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों विश्वास करके किसी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

# ऑडी की चपेट में आने से स्कूटी चालक व साथी घायल

■ शुरुआती जांच में पता चला कि दोनों दादी से मिलकर घर की तरफ जा रहे थे

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** लोधी कॉलोनी के जोर बाग इलाके में बीती रात एक सडक हादसे में ऑडी कार ने स्कूटी में जबर्दस्त टक्कर मार दी। हादसे में नाबालिग समेत दो गंभीर रूप से घायल हो गए।

पुलिस ने ऑडी चालक खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस ने ऑडी को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि लोधी कॉलोनी पुलिस को बीती रात पौने १२ बजे जोर बाग पोस्ट ऑफिस के पास रोड एक्सिडेंट होने की पीसीआर कॉल मिली थी। पुलिस मौके पर पहुंची। मौके पर वाहनों के पार्टस टूटे पड़े थे। पता चला कि ऑडी कार ने स्कूटी में टक्कर मार दी थी।

ऑडी चालक स्कूटी चालक और उसके साथी को अपनी कार से नजदीक के अस्पताल में भर्ती करवाने के लिये ले गया है। पुलिस अस्पताल पहुंची। डॉक्टरों ने नाबालिग और स्कूटी चालक की हालत प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर बताई। शुरूआती जांच में पता चला कि दोनों अपनी दादी से मिलकर घर की तरफ जा रहे थे। जबकि ऑडी में दो लडके थे। दोनों स्टूडेंट हैं। जिनको पुलिस ने हिरासत में ले लिया। जांच में पता चला कि कार में लगे दोनों एयर बैग्स टक्कर के बाद खुल गए थे। जिससे कार की स्पीड का पता चलता है।

# भाजपा नेताओं ने रामलीला मैदान में मुख्यमंत्री के शपथ ग्रहण समारोह की तैयारियों का जायजा लिया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेताओं ने मंगलवार को यहां रामलीला मैदान में दिल्ली की नई सरकार के शपथ-ग्रहण के लिए हो रहीं तैयारियों का निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि २५ साल से अधिक समय के बाद दिल्ली के पहले भाजपाई मुख्यमंत्री का शपथग्रहण समारोह ऐतिहासिक और भव्य होगा।

दिल्ली भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा के साथ रामलीला मैदान का निरीक्षण करने के बाद, भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव तरुण चुघ ने कहा कि उपराज्यपाल वी के सक्सेना तैयारियों की देखरेख कर रहे हैं और शहर भर से लोगों ने बृहस्पतिवार को संभावित कार्यक्रम में शामिल होने की इच्छा व्यक्त की है। चुघ ने संवाददाताओं से कहा कि दिल्ली के लोगों ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को आशीर्वाद दिया है, जिन पर कश्मीर से कन्याकुमारी तक सभी नागरिकों का भरोसा है। रामलीला मैदान को सजाया जा रहा है, जिसमें लगभग ३०,००० लोग एक साथ आ सकते हैं। इसकी चाहरदीवारी पर नया रंग-रोगन किया जा रहा है। सोमवार को, पार्टी कार्यकर्ताओं को विशाल मैदान के साथ-साथ आयोजन स्थल के आसपास के फुटपाथ और सडकों की सफाई करते देखा गया। पार्टी सूत्रों के अनुसार, दिल्ली के अगले मुख्यमंत्री और उनके मंत्रिमंडल के सदस्य बृहस्पतिवार शाम करीब साढ़े चार बजे रामलीला मैदान में शपथ ले सकते हैं। इस समारोह में भाजपा शासित राज्यों के मुख्यमंत्रियों सहित भाजपा के शीर्ष नेताओं के शामिल होने की उम्मीद है। गत आठ फरवरी को घोषित विधानसभा चुनाव परिणामों में, भाजपा ने ७० सदस्यीय विधानसभा में ४८ सीटें हासिल कीं और २६ साल बाद शहर में सत्ता में वापसी की। आम आदमी पार्टी को केवल २२ सीटें मिलीं। दिल्ली के नए मुख्यमंत्री के लिए कुछ नवनिर्वाचित विधायकों के नाम चर्चा में हैं, जिनमें प्रवेश वर्मा शामिल हैं, जिन्होंने आप संयोजक और पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को हराया। उनके अलावा दिल्ली भाजपा के पूर्व अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता और सतीश उपाध्याय के साथ ही पवन शर्मा, आशीष सूद, रेखा गुप्ता और शिखा राय जैसे अन्य नेता भी इस दौड़ में माने जा रहे हैं।




केंद्रीय अल्पसंख्यक मंत्री किरण रिजिजू दिल्ली स्टेट हज कमिटी द्वारा जामिया मिल्लिया इस्लामिया में आयोजित हज वॉकाथॉन के अवसर पर।

# रेलवे पटरी पर युवक को गोली मारी, साथियों पर शक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** वजीरपुर औद्योगिक क्षेत्र स्थित रेलवे लाईन पर बीती रात एक युवक को पुरानी दुश्मनी में गोली मार दी। आजादपुर रेलवे पुलिस मामला दर्ज करके जांच कर रही है। युवक की मां ने चार युवकों के नाम पुलिस को बताए हैं। जिनकी तलाश में पुलिस छापेमारी कर रही है।

जानकारी के मुताबिक घायल युवक की पहचान ४० साल के मुकेश के रूप में हुई है। वह अपनी मां, पत्नी, बेटा और दो बेटियों के साथ वजीरपुर औद्योगिक क्षेत्र स्थित रेलवे लाईन के पास झुग्गी बस्ती में रहता है। वह इलाके में ही मुर्गो बेचने पर काम करता है। पुलिस को बीती रात बाबू जगजीवन राम अस्पताल से मुकेश नामक युवक को गोली मारने की जानकारी मिली थी। पुलिस मौके पर पहुंची। डॉक्टरों ने मुकेश के गर्दन के पीछे गोली लगने की बात बताई।

मुकेश की मां ने पुलिस को मुकेश के ही जानकार चार लड़कों के नाम बताकर उनपर ही शक जाहिर किया। उन्होंने बताया कि रात को मुकेश अपने चार साथियों के साथ पीना खाना करने गया था। कुछ देर बाद किसी ने बताया कि मुकेश को रेलवे पटरी पर गोली मार दी। जब उसके दोस्तों से मामले की जानकारी लेने की कोशिश की। सभी ने कोई पुख्ता जवाब नहीं दिया और बहानेबाजी की। बताया गया कि दिल्ली विधानसभा चुनाव में मुकेश ने एक सट्टेबाज का विरोध किया था। मुकेश के थप्पड़ मार दिया था। पुलिस को शक है कि उसी मामले में मुकेश को गोली मारी गई होगी।

## नाबालिग यौन अपराध पीड़ितों की जांच पर पुलिस से मांगा जवाब

**नई दिल्ली।** दिल्ली उच्च न्यायालय ने यौन अपराधों के आरोपियों और नाबालिग पीड़ितों की यौन संचारित रोगों संबंधी जांच के लिए दिशानिर्देश का अनुरोध करने वाली एक याचिका पर केंद्र और दिल्ली पुलिस से जवाब मांगा है। मुख्य न्यायाधीश डीके उपाध्याय और न्यायमूर्ति तुषार राव गेडेला की पीठ ने दिल्ली सरकार, दिल्ली पुलिस और दिल्ली बाल अधिकार संरक्षण आयोग के अलावा केंद्रीय गृह मंत्रालय और स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय को नोटिस जारी कर उनसे जवाब मांगा है। उच्च न्यायालय ने १४ फरवरी को इस विषय पर सुनवाई की थी और अगली सुनवाई २८ मार्च को होगी। ऐश्वर्या सिन्हा समेत याचिका कर्ताओं ने उच्च न्यायालय से अनुरोध किया है कि वह यौन अपराधों के बाल पीड़ितों सभी पक्षों की भूमिका स्पष्ट करते हुए दिशानिर्देश तैयार करने और उन्हें लागू करने का निर्देश दे।

# जामिया मिल्लिया इस्लामिया में किया हज वॉकाथॉन का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** केंद्रीय अल्पसंख्यक मंत्री किरण रिजिजू ने आज दिल्ली स्टेट हज कमिटी द्वारा जामिया मिल्लिया इस्लामिया में आयोजित हज वॉकाथॉन का उद्घाटन किया और दिल्ली स्टेट हज कमिटी की चेयरपर्सन कौसर जहां ,जामिया मिल्लिया इस्लामिया के उप कुलपति प्रोफेसर मजहर आसिफ के साथ हज वॉकाथॉनमें शामिल सभी भावी हज पटरियों के साथ यूनिवर्सिटी क्रिकेट ग्राउंड में पैदल चल कर आने वाले हज २०२५ के लिए हाजियों को अपने आप को स्वास्थ्य रखने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर हज कमिटी के कार्यकारी धिकारी अशफाक अहमद आरफी द्वारा संचालित वालाकेथन उद्घाटन समारोह में अपने विचार व्यक्त करते हुए केंद्रीय मंत्री किरण रिजि. जू ने बताया कि उन्हें ने हज २०२५ के लिए अपने सऊदी अरब के अपने डोरे में आगामी हज २०२५ में हज यात्रियों की सभी प्रकार की सुविधा सुनिश्चित करने की पूरी व्यवस्था की है और आशा है कि इस वर्ष हज यात्रा पिछले साल के मुकाबले में सुखद और शांति के साथ संपन्न होगी ।हज कमिटी की चेयरपर्सन कौसर जहां ने अपने स्वागत भाषण में अल्पसंख्यक कार्य मंत्री श्री किरण रिजिजू, हज वालकथों में उपस्थित सभी हज यात्रियों एवं अन्य का स्वागत किया।

दिल्ली स्टेट हज कमिटी के कार्यकारी अधिकारी अशफाक अहमद आरफी ने बताया कि २०२५ में पवित्र हज के दौरान हाजियों को शारीरिक और मान. सिक रूप से स्वास्थ्य और फिट रहने के लिए सऊदी सरकार की ओर से हर दिन नियमित दूरी तक पैदल चलने की प्रैक्टिस बनाए रखने के लिए जारी परामर्श को कार्यान्वित करने के लिए भारत सरकार के अल्पसंख्यक मंत्रालय के आह्वान पर दिल्ली स्टेट हज कमिटी ने इस हज वॉकाथॉन का आयोजन किया जिसका प्राथमिक उद्देश्य हज यात्रियों को आगामी २९ अप्रैल से शुरू होने वाली पवित्र हजंयत्रा के लिए तैयार करने और शारीरिक एवं मानसिक रूप से तैयार करना है।

## काली मां की भूमिका निभा रही बरखा बिष्ट

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**नई दिल्ली।** सोनी सब का लो. कप्रिय शो 'तेनाली रामाश दर्शकों को अपनी रोमांचक कहानियों से मंत्रमुग्ध कर रहा है। इस शो में कृष्ण भारद्वाज द्वारा निभाए गए प्रतिष्ठित कवि और चतुर बुद्धि के स्वामी तेनाली रामा की कहानी दिखाई जाती है। तेनाली को अपने खोए हुए स्थान को फिर से प्राप्त करने के सफर में मार्गदर्शन देने वाली शक्ति और दिव्यता की प्रतीक काली मां हैं, जिनकी भूमिका बरखा बिष्ट निभा रही हैं। काली मां एक दिव्य शक्ति के रूप में तेनाली को ज्ञान और शक्ति प्रदान करती हैं, जिससे वह अपने सामने आने वाली चुनौतियों का सामना कर पाते हैं। बरखा के लिए इस देवी को पर्दे पर जीवंत करना सिर्फ अभिनय भर नहीं है, बल्कि यह एक सशक्त और रक्षक भावना को आत्मसात करने का अनुभव भी है।

## चोरी के तीन वाहनों के साथ दो गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** तिलक नगर थाना पुलिस ने १५ फरवरी को दो वाहन चोरों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों अयान अली और तुषार के पास से पुलिस ने चोरी की दो स्कूटी और एक मोटरसाइकिल बरामद की है। दोनों आरोपियों पर पहले भी एक दर्जन से ज्यादा आपराधिक मामले दर्ज हैं। पुलिस उपायुक्त विचित्र वीर ने बताया कि हेडकांस्टेबल संदीप, राजवीर और रामकिशन एंटी-स्नैचिंग पिकेट ड्यूटी कर रहे थे। पुलिस टीम ने पैसिफिक मॉल के पीछे से एक सफेद रंग की स्कूटी दो संदिग्ध लोगों को आते हुए देखा। स्कूटी की नंबर प्लेट मुड़ी होने के चलते पुलिस ने उन्हें जांच के लिए रुकने का इशारा किया, लेकिन आरोपियों ने भागने के लिए रफ्तार बढ़ा दी। पुलिस टीम ने आरोपियों का पीछा कर दबोच लिया।जांच में आरोपी स्कूटी के दस्तावेज नहीं दिखा सके। जांच में पता चला कि स्कूटी तिलक नगर से चोरी की गई थी। पुलिस ने दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। आरोपियों की निशानदेही पर दो चोरी के वाहन और बरामद किए गए।




मेयर महेश कुमार मुस्तफाबाद क्षेत्र के एक स्कूल का दौरा करते हुए।

# मेयर ने मुस्तफाबाद क्षेत्र का दौरा किया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली के मेयर महेश कुमार ने आज शाहदरा उत्तरी जोन में वार्ड संख्या २४३, मुस्तफाबाद क्षेत्र का निरीक्षण किया। इस मौके पर उनके साथ शाहदरा उत्तरी क्षेत्र के उपायुक्त , कर्नल विनोद अतरी भी उपस्थित थे। मेयर ने सफाई व्यवस्था का जायजा लिया और क्षेत्र को साफ स्वच्छ रखने के लिए आवश्यक निर्देश दिए। मान सिंह नगर स्थित निगम विद्यालय दौरा किया। मेयर के संज्ञान में आया की स्कूल में टीचर्स की काफी कमी है और १६ कमरों के स्कूल में काफी संख्या में बच्चे पढ़ते हैं। जिस कारण स्कूल पर अतिरिक्त बोझ है। मेयर ने निर्देश दिए कि क्षेत्र में एमसीडी की खाली पड़ी जमीन पर स्कूल बनाया जाये।

मेयर ने स्टॉफ के साथ स्कूल का दौरा किया और खराब पड़े वाटर कूलर को तुरंत प्रभाव से ठीक करवाने के सख्त निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि बच्चों की आधारभूत आवश्यकताओं को निश्चित रूप से पूरा किया जाना चाहिए और इस सम्बन्ध में किसी भी कोताही को सहन नहीं किया जायेगा। महेश कुमार ने स्थानीय लोगों से बात कर उनकी समस्याओ को सुना और उनको दूर करने का आश्वासन दिया।

## कुंभ के चलते दिल्ली से प्रयागराज का सफर हुआ महंगा

**नई दिल्ली।** कुंभ स्नान के चलते टूरिस्ट वाहनों की बुकिंग में भी काफी तेजी है। मांग इतनी है कि टूरिस्ट वाहन संचालक उसे पूरा नहीं कर पा रहे हैं। क्योंकि, वाहन कम पड़ जा रहे हैं। दूसरे राज्यों से टूरिस्ट बसें व टेंपो ट्रैवलर मंगाकर दिल्ली वालों को प्रयागराज भेजकर कुछ स्थिति में सुधार की कोशिश की जा रही है, लेकिन सड़क मार्ग पर लगने वाला जाम राह मुश्किल कर रहा है।

हाल के दिनों में प्रयागराज की बुकिंग में ४० प्रतिशत की तेजी आई है। यह इसलिए क्योंकि, अब कुंभ के संपन्न होने में चंद दिन शेष रह गए हैं। ऐसे में बचे लोग तय तिथि में कुंभ स्नान के भरसक प्रयास में है। इस स्थिति में जबकि ट्रेनों में टिकट कंफर्म नहीं मिल रहा है। साथ ही रेलवे स्टेशनों पर भारी भीड़ है। तब लोग सड़क मार्ग के जरिए भी प्रयागराज पहुंचने की कोशिश में है। दिल्ली के पर्यटन उद्योग से जुड़े लोगों के अनुसार, मौजूदा समय में प्रतिदिन दिल्ली से प्रयागराज ७०० से अधिक पर्यटन वाहन बुकिंग पर जा रहे हैं।

## लापता किशोरी को उत्तराखंड से सकुशल बरामद किया

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस की अपराध शाखा ने ऑपरेशन मिलाप के तहत एक १६ साल की किशोरी को ट्रांजिट कैंप, रुद्रपुर, उत्तराखंड से सकुशल बरामद किया है। पुलिस अधकारियों ने बताया कि पिछले साल १८ दिसम्बर को प्रेम नगर थाने किशोरी के अचानक लापता होने की गुमशुदगी उसके परिजनों ने दर्ज करवाई थी। एसीपी अरुण चौहान की देखरेख में इंस्पेक्टर मुकेश के निर्देशन में पुलिस टीम ने किशोरी के परिजनों और रिश्तेदारों से पूछताछ की। विभिन्न व्यक्ति यों, संदिग्धों और गुप्त सूचना देने वालों से जानकारी एकत्र की।पीडिघ्ता की तलाश के दौरान सीसीटीवी फुटेज, कई बाल गृहों, पुनर्वास केंद्रों और स्थानीय पूछताछ भी टीम द्वारा की गई। लगातार छापेमारी के बाद टीम ने उत्तराखंड के रुद्रपुर के ट्रांजिट कैंप के इलाके से पीड़िता को सफलतापूर्वक बरामद कर लिया।

## एक नजर

### यूके के पूर्व प्रधानमंत्री ऋषि सुनक ने परिवार सहित संसद भवन परिसर का भ्रमण किया

**नई दिल्ली।** यूनाइटेड किंगडम (यूके) के पूर्व प्रधानमंत्री ऋषि सुनक अपने परिवार के साथ संसद भवन पहुंचे। उनके साथ राज्यसभा सांसद और उनकी सास सुधा मूर्ति और पत्नी अक्षता भी थीं। लोकसभा महासचिव उत्पल कुमार सिंह ने सुनक और उनके परिवार का स्वागत किया। इस दौरान सुनक ने परिवार के साथ संसद भवन परिसर का भ्रमण किया और इसकी वास्तुकला को बारीकी से देखा। इस दौरान वह उत्साहित नजर। सुनक ने संसद भवन की गैलरी, चौंबर और संविधान की प्रति को भी देखा। बीते 15 फरवरी को यूके के पूर्व प्रधानमंत्री सुनक ने ताजमहल का दीदार किया था। उन्होंने शाम को अपनी पत्नी अक्षता, सास सुधा मूर्ति और दोनों बेटियों कृष्णा और अनुष्का के साथ ताजमहल का भ्रमण किया था और करीब एक घंटे तक यहां समय बिताया था। इस दौरान पर्यटकों ने उन्हें देखकर जोश से नारे लगाए तो पूर्व प्रधानमंत्री ऋषि सुनक ने हाथ जोड़कर नमस्ते से उनका अभिवादन किया था। इस दौरान उन्होंने परिवार के साथ सेल्फी लीं और सेंट्रल टैंक पर डायना सीट पर फोटो भी

### नाबालिग घर छोड़कर भाग गया

**नई दिल्ली।** दक्षिण पश्चिम दिल्ली जिला पुलिस की एएचटीयू टीम ने अपने घर से लापता एक १४ वर्षीय नाबालिग को ढूंढ कर उसके परिजनों से मिलाया है। नाबालिग दिल्ली के दिलशाद गार्डन इलाके से बरामद किया गया है। पुलिस टीम ने कानूनी कार्रवाई पूरी कर नाबालिग को परिजनों को सौंप दिया है। नाबालिग ने बताया कि उसके परिजनों ने उस पर पढ़ाई और अन्य्य कई चीजों को लेकर पाबंदी लगाई हुई थी। जिससे वह परेशान था। इसलिए उसने घर छोड़ने का फैसला किया। पुलिस उपायुक्त सुरेन्द्र चौधरी ने बताया कि 12 फरवरी को पालम गांव थाने में एक नाबालिग लड़के के गुमशुदा होने की शिकायत मिली। एएचटीयू टीम में तैनात एएसआई मुकेश और हेडकांस्टेबल संगीता की टीम को जांच सौंपी गई। टीम ने बच्चे के परिवार और दोस्तों से मुलाकात की और उसकी तस्वीर को कई संस्थानों, पुलिस अधिकारियों और ज्ञात व्यक्तियों के साथ साझा किया। पुलिस टीम ने सीसीटीवी फुटेज और डोर टू डोर अभियान के जरिए नाबालिग को दिलशाद गार्डन इलाके से ढूंढ निकाला।खिंचवाए थे।

### आयात नियंत्रण प्रणाली 2 रेल व सड़क तक हो जाएगी विस्तारित

**नई दिल्ली।** यूरोपीय संघ की आयात नियंत्रण प्रणाली 2 (आईसीएस2) उद्देश्य जूदा हवाई, समुद्री और अंतर्देशीय जलमार्ग आवश्यकताओं के साथ-साथ, सड़क और रेल सहित सभी परिवहन साधनों के लिए एक मान कीकृत, आगमन-पूर्व सीमा शुल्क प्रक्रिया शुरू करके यूरोपीय संघ में प्रवेश करने वाले माल की सुरक्षा और संरक्षा को बढ़ाना है। आगमन से पहले, सटीक और पूर्ण प्रवेश सारांश घोषणा (ईएनएस) डेटा प्रस्तुत करना अनिवार्य करके, आईसीएस२, सीमा शुल्क अधिकारियों को आने वाले माल से जुड़े जोखिमों का बेहतर आकलन करने में सक्षम बनाता है, जिससे सीमा शुल्क अपराधों को रोकने और उनका मुकाबला करने की यूरोपीय संघ की क्षमता में सुधार होता है, और अंततः एक सुरक्षित और अधिक सुरक्षित व्यापार वातावरण सुनिश्चित होता है। 1 अप्रैल 2025 से, पूर्ण ईएनएस के माध्यम से, सड़क और रेल वाहकों को, माल के पहुंचने से पहले, यूरोपीय संघ को या उसके रास्ते से भेजे गए माल पर डेटा प्रदान करना होगा।

# सिख दंगे: अभियोजन पक्ष ने हत्या के मामले में सज्जन कुमार के लिए मृत्युदंड की अपील की

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली में वर्ष १९८४ के सिख विरोधी दंगों से संबंधित हत्या के एक मामले में अभियोजन पक्ष ने मंगलवार को कांग्रेस के पूर्व सांसद सज्जन कुमार के लिए मृत्युदंड की अपील की और इसे दुर्लभतम अपराध करार दिया। अभियोजन पक्ष द्वारा दायर एक लिखित हलफनामे में विशेष न्यायाधीश कावेरी बावेजा को इस दलील के बारे में जानकारी दी गई। हत्या के लिए न्यूनतम सजा आजीवन कारावास है। कुमार के वकील ने मामले पर बहस करने के लिए समय मांगा, जिसके बाद न्यायाधीश ने यह कहते हुए मामले की सुनवाई २१ फरवरी तक के लिए स्थगित कर दी कि वकील, अधिवक्ता । संशोधन विधेयक २०२५ के विरोध में मंगलवार को काम नहीं करेंगे।

शिकायतकर्ता के वकील वरिष्ठ अधिवक्त । एचएस फुल्का ने अभियोजन पक्ष की मृत्युदंड की मांग का समर्थन किया और बहस के लिए समय मांगा। कुमार फिलहाल तिहाड़ जेल में बंद हैं। जसवंत सिंह और उनके बेटे तरुणदीप सिंह की एक नवंबर १९८४ को हत्या कर दी गई थी। हत्या के सिल. सिले में पंजाबी बाग थाने ने मामला दर्ज किया था लेकिन बाद में एक विशेष जांच दल ने जांच की जिम्मेदारी ले ली थी। अदालत ने १६ दिसंबर २०२१ को कुमार के खिलाफ आरोप तय किए और उनके खिलाफ प्रथम दृष्टया मामला पाया। कांग्रेस के उस समय के प्रभावशाली नेता और सांसद रहे कुमार वर्ष १९८४ में एक और दो नवंबर को दिल्ली की पालम कॉलोनी में पांच लोगों की हत्या के मामले में आरोपी थे। दिल्ली उच्च न्यायालय ने इस मामले में उन्हें आजीवन कारावास की सजा सुनाई थी और सजा को चुनौती देने वाली उनकी अपील सर्वोच्च न्यायालय में लंबित है।

# नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर अस्थायी प्रतीक्षालय टिकट काउंटर शुरू किए गए

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर मुसाफिरों की सुविधा के लिए अस्थाई प्रतीक्षालय टिकट काउंटर शुरू किए गए हैं। नई व्यवस्था के तहत दस टिकट काउंटर व पांच कियोस्क स्थापित किए गए हैं। इससे यात्रियों को कतारों में खड़े रहने की जरूरत नहीं पड़ेगी और वे आसानी से जल्दी टिकट प्राप्त कर सकेंगे। यह पहल यात्रियों के समय की बचत के साथ भीड़ नियंत्रण में भी सहायक साबित हो रही है। कियोस्क की सुविधा से यात्री अपने स्मार्टफोन से ही टिकट खरीद सकते हैं। इससे डिजिटल भुगतान प्रक्रिया आसान व तेज हो गई है। यात्रियों को केवल क्यूआर कोड स्कैन कर भुगतान करना होता है। रेलवे प्रशासन ने इस समस्या को ध्यान में रखते हुए काउंटर पर कर्मचारियों की तैनाती की है, जो जरूरतमंद यात्रियों को डिजिटल प्रक्रिया समझाने और उनकी सहायता करने का कार्य कर रहे हैं। साथ ही, स्टेशन पर डिजिटल भुगतान और क्यूआर कोड स्कैनिंग से संबंधित दिशा-निर्देश और पोस्टर भी लगाए गए हैं ताकि यात्री आसानी से इस सुविधा का लाभ उठा सकें।

नई दिल्ली मेट्रो स्टेशन के बाहर मुसाफिरों को काबू करने के लिए चारों ओर बैरिकेडिंग की व्यवस्था की गई। ऐसे में स्टेशन पर भीड़ को काबू करने के लिए यह कदम उठाए गए हैं। साथ ही, स्टेशन पर किसी प्रकार का अफरातफरी व अनियंत्रित भीड़ ना हो। वहीं, सुरक्षा बलों की संख्या भी बढ़ा दी गई।

## सुरबाना जुरोंग पीएलपीबी के साथ मिलकर बनाएगी इंडसपार्क




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** नई पीढ़ी की रियल एस्टेट और इंफ्रास्ट्रक्चर विकास कंपनी पीएलपीबी ने सिंगापुर स्थित सुरबाना जुरोंग के साथ भागीदारी का ऐलान किया है। इस साझेदारी के तहत पंजाब का पहला विश्व स्तरीय इंडस्ट्रियल पार्क पीएलपीबी इंडसपार्क विकसित किया जाएगा। यह समझौता सिंगापुर में सीआईआई लर्निंग मिशन के तहत रियल एस्टेट प्रतिनिधिमंडल की मौजूदगी में हुआ। यह परियोजना पटियाला जिले के राजपुरा के निकट १५० एकड़ के ग्रीनफील्ड में विकसित की जाएगी। अमृतसर-कोलकाता इंडस्ट्रियल कॉरिडोर से सीधे जुड़े होने के कारण इसे लॉजिस्टिक्स और सप्लाई चेन स्थापित करने में बेहतरी हासिल होगी। विशेष रूप से लघु एवं मध्यम उद्यमों को इसका लाभ मिलेगा। पीएलपीबी इंडसपार्क को केंद्र और राज्य सरकार की गाइडलाइंस के अनुसार ऑरेंज और ग्रीन श्रेणी के उद्योगों के लिए विक. सित किया जाएगा। । साझेदारी पर पीएलपीबी के सीईओ सुमित सिंगला ने कहा,हम सुरबाना जुरोंग जैसी विश्व-प्रसिद्ध अर्बन और इंफ्रास्ट्रक्चर कंसल्टिंग फर्म के साथ साझेदारी करके उत्साहित हैं। सीआईआई रियल एस्टेट कमेटी (एनआर) के सह-अध्यक्ष एवं बीसीडी ग्रुप के वीसी एवं सीईओ, अश्विंदर आर सिंह ने कहा,पीएलपीबी इंडसपार्क पंजाब के औद्योगिक भविष्य को नए सिरे से परिभाषित करने की दिशा में एक साहसिक कदम है।

## मोबिलिटी के पांचवें अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन का उद्घाटन

**नई दिल्ली।** केंद्रीय आवास एवं शहरी मामलों के मंत्री मनोहर लाल ने मंगलवार को कहा कि तापीय ऊर्जा से नवीकरणीय ऊर्जा की ओर बदलाव, सोलर रूफटॉप्स (छतों पर लगाना) का उपयोग और महानगरों में रीजेनरेटिव ब्रेकिंग को लागू करना हरित भविष्य की ओर बदलाव का उदाहरण है। रीजेनरेटिव ब्रेकिंग एक अनूठी तकनीक है जिसका उपयोग इलेक्ट्रिक व्हीकल (ईवी) में वाहन की गति के कारण उत्पन्न ऊर्जा को प्राप्त करने के लिए किया जाता है। सीआईआई इंडियन ग्रीन बिल्डिंग काउंसिल (सीआईआई आईजीबीसी) ने दिल्ली मेट्रो रेल कॉरपोरेशन (डीएमआरसी) के साथ साझेदारी में ग्रीन मेट्रो सिस्टम - द फ्यूचर ऑफ अर्बन मोबिलिटी वषय पर पांचवें अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन का उद्घाटन किया।

सम्मेलन में मंत्री ने कहा, जैसे-जैसे मानवता प्रगति कर रही है, हमारे नवाचार अक्सर प्रकृति के साथ संघर्ष कर रहे हैं, जिससे प्रगति और जोखिम दोनों आ रहे हैं। वैश्विक तापमान में 1.5 डिग्री सेल्सियस से अधिक की वृद्धि वैश्विक चिंता का कारण बन गई है, जिससे राष्ट्रों को पेरिस समझौते जैसे समझौतों के तहत एकजुट होने के लिए प्रेरित किया जा रहा है।

## बुनकरों को सालभर रोजगार व धागा सब्सिडी देने के लिए प्रतिबद्ध है सरकार: कपड़ा एवं हथकरघा मंत्री

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**नई दिल्ली।** कपड़ा एवं हथकरघा मंत्री एस. सविता ने भारत और विदेश के उद्योगपतियों से आंध्र प्रदेश के समृद्ध हथकरघा और कपड़ा क्षेत्र में निवेश करने का आह्वान किया। राष्ट्रीय राजधानी में आयोजित भारत टेक्स में आंध्र प्रदेश मंडप में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए, उन्होंने इस क्षेत्र को विकसित करने और बुनकरों के लिए स्थायी अवसर पैदा करने के लिए राज्य सरकार की पहलों की रूपरेखा प्रस्तुत की।

मंत्री सविता ने इस बात पर जोर दिया कि आंध्र प्रदेश एक अनुकूल निवेश माहौल प्रदान करता है, जो सरकारी सब्सिडी और हथकरघा क्षेत्र के आधुनिक. ीकरण के लिए बनाई गई नीतियों द्वारा समर्थित है। उन्होंने उत्पादन बढ़ाने, बाजार विस्तार को बढ़ावा देने और कुशल कारीगरों को सहायता प्रदान करने के लिए तैयार की गई विभिन्न पहलों को रेखांकित किया। मंत्री ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की पहल भारत टेक्स की भी सराहना की और इसे एक ष्मेगा इवेंटष बताया, जिसमें 120 से अधिक देशों की भागीदारी देखी गई। उन्होंने कहा कि यह एक्सपो भारत की समृद्ध कपड़ा विरासत को प्रदर्शित करने और वैश्विक सहयोग को बढ़ावा देने के लिए एक महत्वपूर्ण मंच प्रदान करता है। सविता ने यह भी बताया कि राज्य सरकार ने हथकरघा उत्पादों को प्रमुख ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म पर शामिल करने के प्रयास किए हैं, जिससे पारंपरिक वस्त्रों को व्यापक बाजार मिल सके। उन्होंने निवेशकों के साथ मिलकर इस क्षेत्र को और मजबूत करने और रोजगार के अवसर उत्पन्न करने के सरकार के संकल्प को दोहराया।

भारत माँ के चार सिपाही
हिन्दू मुस्लिम सिख ईसाई
देश को मज़बूत बनाना है तो
भाईचारा मज़बूत बनाएं



फैसल कुरैशी

भाई मेहरबान
अध्यक्ष: भाईचारा समिति
दिल्लीप्रदेश 9810024415

## जैन मुनि संत आचार्य गुप्ती सागर महाराज का जैन समाज ने किया स्वागत



शाह टाइम्स संवाददाता

**मोदीनगर।** कादराबाद स्थित विकास नगर में अरिहंत टेक्सटाइल पर जैन मुनि संत आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज के शिष्य आचार्य गुप्ती सागर का दिल्ली से हरिद्वार पंचकल्याण महोत्सव में शामिल होने के लिए जाते समय जैन समाज के लोगों ने भव्य स्वागत कर आशीर्वाद प्राप्त किया। इस मौके पर जैन मुनि संत आचार्य गुप्ती सागर महाराज जी ने कहा कि भगवान महावीर के आदर्श और सिद्धांतों को हमें अपने जीवन में उतारना चाहिए तभी हमारा जीवन सफल होगा। इस मौके पर श्री सुमत प्रसाद जैन सतीश चंद्र जैन सूत वाले तरुण जैन वरुण जैन राकेश जैन वीरेश जैन लोकेश जैन दिनेश जैन प्रवेश जैन सूत वाले मितेश जैन आदि जैन समाज के लोग उपस्थित थे।

# समस्याओं व विकास की सम्भावनाओं पर संवाद बैठक का आयोजन




शाह टाइम्स संवाददाता

**गाजियाबाद।** आईआईए राष्ट्रीय अध्यक्ष नीरज सिंघल की अध्यक्षता में मुख्य अतिथि, सीईओ यूपीसीडा मयूर माहेश्वरी आईएएस व आसपास के जनपदों की यूपीसीडा से सम्बन्धित समस्याओं एवं विकास की सम्भावनाओं पर संवाद बैठक का आयोजन किया गया।

इसके अलावा बैठक में यूपीसीडा से उप-महाप्रबन्धक आर. एस. यादव, विभिन्न क्षेत्रीय प्रबन्धक, प्रदीप सत्यार्थी, राकेश झा, परियोजना अधिकारी शर्मिला पटेल इत्यादि उपस्थित रहे। स्वागत सम्बोधन चैप्टर सचिव, हर्ष अग्रवाल द्वारा किया गया। गाजियाबाद समस्त औद्योगिक क्षेत्रों एवं हापुड़ के एमजी रोड से सम्बन्धित समस्याऐं/सुझाव चैप्टर चेयरमैन संजय अग्रवाल द्वारा प्रस्तुत किए गये।

राष्ट्रीय अध्यक्ष नीरज सिंघल ने अपने सम्बोधन में 3 सैक्टर में पॉलिसी रिफार्म, फ्यूचरिस्टिक इण्ड. एरिया तथा भूमि पर विस्तृत जानकारी सीईओ के सम्मुख प्रस्तुत की, जिसमें पॉलिसी रिफार्म के अन्तर्गत उन्होने सीईओ से अनुरोध किया उन्होने कहा कि विकसित भारत की परिकल्पना में फ्यूचरिस्टिक इण्डस्ट्रियल एरिया बहुत ही अहम भूमिका निभाते हैं

आईआईए गाजियाबाद व हापुड़ के 271 उद्यमी सदस्यों से नए निवेश/विस्तार के प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं, जिनमें लगभग 119745.50 लाख निवेश तथा लगभग 15451 रोजगार को बढ़ावा मिलेगा, जिस हेतु लगभग 30 हेक्टेयर भूमि की आवश्यकता है। अत: उक्त नए निवेश/विस्तार हेतु 30 हेक्टेयर भूमि उपलब्ध कराए जाने विषयक। उक्त के अलावा विभिन्न उपस्थित गाजियाबाद, मोदीनगर, नोएडा एवं ग्रेटर नोएडा इत्यादि से उपस्थित विभिन्न पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने अपनी समस्याऐं एवं सुझाव भी प्रस्तुत किए।

सीईओं ने शालीनता के साथ सभी प्रकरण सुने तथा आश्वस्त किया है कि यूपीसीडा सभी समस्याओं एवं सुझावों पर कार्यवाही कर रहा है। आगामी 5-6 महीनों में ऐसा होने लगेगा कि औद्योगिक क्षेत्रों में मुकाबला होगा कि हमारा औद्योगिक क्षेत्र सबसे विकसित औद्योगिक क्षेत्र है, जो नीतिगत प्रकरण है, उन पर अवश्य कार्यवाही की जायेगी। आपकी जो भी समस्याऐं एवं सुझाव हैं, उनको आप कभी-भी अवगत करा सकते हैं। धन्यवाद प्रस्ताव कोषाध्यक्ष संजय गर्ग द्वारा दिया गया। राष्ट्रगान के साथ बैठक का समापन हुआ।

इस अवसर डिवीजनल चेयरमैन राकेश अनेजा, सीईसी सदस्य मनोज कुमार, आईएसी चेयरमैन साकेत अग्रवाल, एमएसएमई एवं पॉलिसी समिति चेयरमैन प्रदीप गुप्ता, एम्पलॉयमेंट एक्सचेंज समिति चेयरमैन अमित नागलिया, प्रिंटिंग एवं पब्लिकेशन समिति चेयरमैन यश जुनेजा, वाईस चेयरमैन अमित बंसल व रमन मिगलानी, कन्वेनर संदीप गुप्ता अलावा विभिन्न उद्यमी उपस्थित रहे।

## नवनियुक्त जिलाध्यक्ष का रालोद कार्यकर्ताओं ने किया स्वागत



शाह टाइम्स संवाददाता

**गाजियाबाद।** राष्ट्रीय लोकदल के नवनियुक्त जिलाध्यक्ष रामपाल चौधरी का इंद्रजीत सिंह टीटू के ऑफिस पर बधाई व शुभकामनाएं देकर स्वागत किया गया। इस अवसर पर इंद्रजीत सिंह टीटू के द्वारा (राष्ट्रीय उपाध्यक्ष) माइनॉरिटी ने दुपट्टा पहनाकर कर स्वागत किया। प्रदेश के महासचिव रविंद्र चौहान ने जिला अध्यक्ष को पगड़ी पहनकर बधाई दी व्यापारी नेता लोकदल समर्पित संजीव अरोड़ा और दिनेश शर्मा ने गुलदस्ता देकर स्वागत किया तथा विजय कौशिक ने मालाओं के द्वारा शुभकामनाएं दी गई।

सभी उपस्थित राष्ट्रीय लोकदल के समर्पित कार्यकर्ता व नेताओं ने जिला अध्यक्ष को आश्वासन दिया कि हम सब लोग राष्ट्रीय लोकदल के लिए पूर्ण समर्पित है। लोकदल के राष्ट्रीय अध्यक्ष केंद्र सरकार के मंत्री चौधरी जयंत सिंह ने जो भी निर्णय लिया है पार्टी के सभी नेता व कार्यकर्ता उस निर्णय के साथ है।

राष्ट्रीय अध्यक्ष के निर्देश का पालन करते हुए पश्चिम उत्तर प्रदेश के अध्यक्ष योगेंद्र ने चौधरी रामपाल को जो जिम्मेदारी दी है सभी मिलकर पार्टी को मजबूत करने का काम करेंगे और राष्ट्रीय लोकदल के साथ समाज के सभी जाति धर्म के लोगों को जोड़ने का काम करेंगे। उपस्थित लोगों में इंद्रजीत सिंह टीटू (राष्ट्रीय उपाध्यक्ष) माइनॉरिटी रविंद्र चौहान प्रदेश के महामंत्री विजय कौशिक राष्ट्रीय महासचिव खेलकूद प्रकोष्ठ व्यापारी नेता लोकदल समर्पित संजीव अरोड़ा दिनेश शर्मा और करण जोशी आदि उपस्थित रहे।

## नए थाना प्रभारी का बुके देकर किया गया स्वागत



शाह टाइम्स संवाददाता

**मुरादनगर।** आर एस तोमर एंड जे एस सैफी फाउंडेशन व निफा गाजियाबाद के संस्थापक एवं संरक्षक डॉ राजपाल तोमर, अध्यक्ष डॉ फहीम सैफी एवं कोषाध्यक्ष सीदू अल्वी ने मंगलवार को मुरादनगर थाना के नए प्रभारी शैलेन्द्र तोमर से शिष्टाचार मुलाकात कर उनकों बुके देकर सम्मानित किया। इस मौके पर थाना प्रभारी ने फाउंडेशन के प्रतिनिधि मंडल का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि हम लोगों की सेवा हेतु हमेशा तत्पर है। इस अवसर पर व्यापार मंडल से पंकज गर्ग, ज्ञानेंद्र सिंघल, मोहित गर्ग, एम ए मलिक, सीदू अल्वी आदि उपस्थित रहे।

उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मण्डल के प्रदेश अध्यक्ष

## मुकुंद मिश्रा का समरकूल प्रतिष्ठान पर संजीव गुप्ता ने किया अभिनंदन

शाह टाइम्स संवाददाता

**गाजियाबाद।** उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मण्डल के प्रदेश अध्यक्ष मुकुंद मिश्रा का संजीव कुमार गुप्ता और राजीव गुप्ता ने अपने समरकूल प्रतिष्ठान पर स्वागत अभिनंदन किया। उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मण्डल की महानगर इकाई और मेरठ मण्डल के शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया था।

जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में व्यापार मण्डल के प्रदेश अध्यक्ष मुकुंद मिश्रा का भी आगमन हुआ था। इस शपथग्रहण समारोह से पूर्व प्रदेश अध्यक्ष ने समरकूल पहुचकर उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मण्डल (उधोग



मंच) के प्रदेश अध्यक्ष संजीव कुमार गुप्ता से मुलाकात की तथा कुशलक्षेम पूछते हुए। व्यापार मण्डल की महानगर इकाई की क्रियाओं के संबंध में भी चर्चा की। इस अवसर पर अभिषेक गुप्ता, आशुतोष गुप्ता, तुषार गुप्ता, तनुज गुप्ता, रोहित गोयल आदि उपस्थित रहें।

## जाट समाज ने किया रालोद जिलाध्यक्ष का भव्य स्वागत



शाह टाइम्स संवाददाता

**मोदीनगर।** मोदीनगर में जाट समाज द्वारा रामपाल सिंह को राष्ट्रीय लोकदल जनपद गाजियाबाद का जिलाध्यक्ष नियुक्त होने पर जोरदार स्वागत किया। संस्था के संस्थापक पूर्व प्रधानाचार्य चौधरी सुखवीर सिंह ने कहा कि रामपाल सिंह ने सदैव क्षेत्रीय किसानों, मजदूरों के लिए हमेशा संघर्ष किया है। उनको जिला अध्यक्ष बनाये जाने पर सम्पूर्ण क्षेत्रीय जाट समाज माननीय चौधरी जयन्त सिंह जी का आभार व्यक्त करता है। संस्था अध्यक्ष सतीश नेहरा जी ने कहा कि जाट समाज भी जिला अध्यक्ष रामपाल सिंह से समाज की मजबूती अपेक्षा रखता है।

इस अबसर बोलते हुए चौधरी रामपाल सिंह ने कहा कि राष्ट्रीय अध्यक्ष माननीय चौधरी जयन्त सिंह ने जो जिम्मेदारी मुझे प्रदान की है। मैं समाज के सामने वादा करता हूँ कि राष्ट्रीय अध्यक्ष जयन्त सिंह जी की अपेक्षाओ पर खरा उतरने का भरोसा देता हूँ। सम्मान समाहरोह का संचालन लक्षमण राठी ने किया। इस मौके पर बीडीओ नेपाल सिंह, चौधरी वेदप्रकाश सभासद, चौ के पी सिंह, प्रीतम सिंह, शोकेंद्र मास्टर, बाल चौ, जे पी सिंह, दुष्यंत चौ, सरलपाल राठी, ईशु नेहरा, विक्की नेहरा, डॉ सहन्सरपाल, डॉ सुधीर राठी, धर्मेंद्र नेहरा, सतीश तेवतिया, गोविंद, चौ अर्जुन नेहरा, संजीत नेहरा, आदि उपस्थित रहे।



गाजियाबाद। दिल्ली व्हीलचेयर क्रिकेट एसोसिएशन द्वारा पुश-अप मैन आफ भारत रोहतास चौधरी को व्हीलचेयर प्रिमियर लीग का ब्रांड एंबेसडर बनाया गया। इस अवसर पर मुख्य संरक्षक सुमित प्रताप सिंह, अध्यक्ष विक्की लाम्बा, महासचिव कुंदन प्रसाद, सुभाष चंद, शिवकुमार एवं व्हील चेयर क्रिकेट खिलाड़ी कल्यान, राजेश, पप्पु शर्मा, राकेश, परवेश, सोनु, पुरन सिंह, अमरजीत सिंह, अनुप सिंह उपस्थित रहे।

(छाया: शाह टाइम्स)

## फर्जी पुलिसकर्मी बन युवती के बनवाए अश्लील वीडियो फिर वायरल करने की दी धमकी

**गाजियाबाद।** देश में साइबर फ्रॉड के मामले तेजी से बढ़ रहे हैं जो अब एक गंभीर समस्या बन गए हैं। इंटरनेट का इस्तेमाल बढ़ने के साथ, लोग ऑनलाइन शॉपिंग, बैंकिंग, और सोशल मीडिया का इस्तेमाल कर रहे हैं, जिससे साइबर अपराधियों के लिए यह एक आसान रास्ता बन गया है। इस बीच उत्तर प्रदेश के गाजियाबाद जिले से एक चौंकाने वाला साइबर फ्रॉड का मामला सामने आया है। यहां एक युवती को फर्जी पुलिसकर्मी ने व्हाट्सएप पर धमकाकर अश्लील फोटो और वीडियो बनवा लिए। जिसके बाद युवती को ब्लैकमेल कर धमकी देने लगा। मामले में एडीसीपी क्राइम सच्चिदानंद राय का कहना है कि कवि नगर क्षेत्र की रहने वाली युवती को 13 सितंबर को एक अनजान नंबर से व्हाट्सएप कॉल आया। कॉल करने वाले व्यक्ति ने खुद को पुलिसकर्मी बताया जिसने पुलिस की वर्दी भी पहन रखी थी। उसने युवती को गिरफ्तार करने की धमकी दी। गिरफ्तारी के डर से युवती ने फर्जी पुलिसकर्मी के कहने पर अपने निजी फोटो और वीडियो बनवा दिए। जिसके बाद आरोपी ने युवती से 5 लाख रुपए की मांग की। साथ ही पैसे न देने पर फोटो और वीडियो वायरल करने की धमकी दी। वहीं जब युवती ने मामले की शिकायत 15 फरवरी को डाक के जरिए थाना कवि नगर को दी तो पुलिस ने शिकायत दर्ज कर आरोपियों की तलाश करनी शुरू कर दी।

## एमएम कॉलेज में हुआ विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन



शाह टाइम्स संवाददाता

**मोदीनगर।** राष्ट्रीय सेवा योजना के अंतर्गत मुल्तनीमल मोदी महाविद्यालय के स्वयंसेवक सेविक. ाओं ने ष्बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियानष के अन्तर्गत महाविद्यालय में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया। जिसके अंतर्गत स्वयं सेवको ने जगतपुरी बस्ती में जाकर बेटियों के पढ़ाने के लिए जागरुकता अभियान चलाया। जिसमें स्थानीय सरकारी प्राइमरी स्कूल के अध्यापकों का और बस्तीवासियों का सहयोग रहा।

विद्यार्थियों के लिए एक कार्यशाला भी आयोजित की गई। कार्यशाला में बालिका विद्यार्थियों को व्यक्तिगत स्वच्छता पर परिचर्चा डॉ शिवांगी त्रिवेदी द्वारा की गई। नवजात बेटी की परवरिश और बड़ी बेटियों के पढ़ाने के लिये माता पिता को प्रेरित करने के लिए व्यावहारिक प्रशिक्षण किया गया। इस अवसर पर प्रोक्टर डॉ ममता गुप्ता, मुख्य वक्ता ने बेटियों को सबल होने व जागरूक होने की जरूरत बताई। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य प्रो डॉ डी के अग्रवाल ने की तथा कार्यक्रम का संचलन कार्यक्रम अधिकारी डॉ शिवांगी त्रिवेदी ने किया।

कार्यक्रम के प्रबंधन एवं आयोजन में मुकुल शर्मा,अंकित त्यागी, शुभम सोनी, समद अली, रिया, साक्षी, श्वेताअंजलि, पायल लक्ष्य, पीयूष चौधरी आदि रहे। डॉ राजकुमार डॉ कुमकुम गौतम आदि का सहयोग रहा। कार्यक्रम का संयोजन डॉ अमर सिंह कश्यप कार्यक्रम अधिकारी राष्ट्रीय सेवा योजना ने किया।

## मास को-ऑपरेशन एनजीओ द्वारा आत्मरक्षा के सिखाए जा गुर

शाह टाइम्स संवाददाता

**गाजियाबाद।** मास को-ऑपरेशन एनजीओ द्वारा चलाएं जा रहे महिला सेल्फ डिफेंस ट्रेनिंग के तहत इंदिरापुरम वैशाली सेक्टर 9 जज कॉलोनी जनपद गाजियाबाद में लगभग 6 महीने से शनिवार व रविवार को हर हफ्ते निशुल्क प्रशिक्षण कैंप का आयोजन किया जा रहा है जिसमें मलिन बस्ती की कुल 25 लड़कियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा ले रही हैं प्रशिक्षित ट्रेनरों द्वारा उन्हें आत्मरक्षा के गुर सिखा कर उन्हें कंपटीशन की तैयारी कराई जा रही है।



प्रशिक्षण कैंप के बाद लड़कियों में आत्मरक्षा के प्रति आत्मविश्वास देखने को मिल रहा है कॉलोनी वासियों ने इस शिविर के लिए मास को-ऑपरेशन एनजीओ, एवं सहयोग ट्रस्ट को धन्यवाद दिया। सहयोग ट्रस्ट के द्वारा सभी मलिन बस्तियों की लड़कियों को ड्रेस भी निशुल्क उपलब्ध कराई गई। सहयोग ट्रस्ट की अध्यक्ष निशी त्यागी ने कहा कि आज के युग में जहां महिला व पुरुष का अंतर खत्म हो रहा है ऐसे में महिलाओं को अपनी रक्षा का जिम्मा खुद ही लेना पड़ेगा जिस प्रकार मास को-ऑपरेशन एनजीओ ने यह मुहिम चलाई है। वह काबिले तारीफ है मैं अन्य कॉलोनियों, सोसाइटियों व स्कूलों के संचालकों से भी अनुरोध करती हूं कि महिला सशक्तिकरण के लिए मास को-ऑपरेशन एनजीओ की मुहिम से जुड़े।

इस अवसर पर मास को-ऑपरेशन एनजीओ के नेशनल कोऑर्डिनेटर एवं ट्रेनिंग कैंप के हेड संतोष कुमार ने कहा कि इस प्रकार के शिविरों का आयोजन नियमित रूप से लगातार चल रहा है ताकि महिलाओं, बालिक. ाओं तथा छात्राओं को ट्रेनिंग मिल सके और उनके आत्मविश्वास में इजाफा हो ताकि छात्राएं निडर होकर अपनी व समाज की अन्य महिलाओं की रक्षा कर सके। कहा कि समाज में जिस प्रकार महिलाओं के प्रति हिंसक घटनाएं बढ़ रही है।

उसे देखते हुए महिलाओं को सेल्फ डिफेंस ट्रेनिंग अति आवश्यक है बताया कि महिलाएं बाहर जाते समय अलर्ट नहीं रहती है और डरी हुई से महसूस करती है ट्रेनिंग के दौरान मैंने स्वयं देखा की छात्राओं में आत्मरक्षा के प्रति हिचक थी लेकिन ट्रेनिंग के बाद छात्राओं का आत्मविश्वास बढ़ा हुआ दिखाई दिया इसलिए मेरा कहना है की ऐसे ट्रेनिंग शिविर नियमित रूप से लगाने चाहिए।

शिविर के अवसर पर एनजीओ के राष्ट्रीय अध्यक्ष तौसीफ हाशमी ने कहा कि उनकी संस्था महिला सुरक्षा को लेकर प्रतिबद्ध है और वह उन सभी महिलाओं तक पहुंच कर उन्हें प्रशिक्षित करने का प्रयास करेंगे जो अपनी दैनिक दिनचर्या में किसी न किसी शोषण का शिकार होने के खतरे मैं जूझती है साथ ही ट्रेनिंग स्टाफ के हेड संतोष कुमार को अच्छे प्रशिक्षण के लिए बधाई दी और कहा कि एनजीओ की तरफ से अब तक हजारों छात्र-छात्राओं को ट्रेनिंग देकर आत्मनिर्भर बनाया गया है।

# उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल ने किया शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन

शाह टाइम्स संवाददाता

**गाजियाबाद।** उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल मेरठ मंडल में महानगर इकाई का शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के प्रदेश अध्यक्ष मुकुंद मिश्रा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम में मुकुंद मिश्रा ने कहा कि व्यापारी ही देश की रीड की हड्डी है आज व्यापारियों को एकजुट होकर अपनी शक्ति का प्रदर्शन करना चाहिए।

उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल भारत का सबसे पुराना व्यापार मंडल है जिसकी इकाइयां जम्मू से लेकर कन्याकुमारी तक है। इस व्यापार मंडल की स्थापना स्वर्गीय श्री श्याम बिहारी मिश्रा जी पूर्व सांसद के द्वारा




की गई थी जो कि आज है वटवृक्ष पूरे भारत में अपनी शाखाएं बने हुए हैं।

उन्होंने आगे कहा कि आज ऑनलाइन बाजार सभी के लिए एक अभिशाप बन गया है उन्होंने सबसे अपील की कि आप ऑनलाइन शॉपिंग छोड़कर बाजारों से अपनी खरीदारी करें जिससे दुकानदार भी मजबूत होगा आगे उन्होंने शपथ ग्रहण में नवनियुक्त मेरठ मंडल अध्यक्ष अनिल अग्रवाल सांवरिया एवं महामंत्री गौरव गर्ग और उनकी समस्त टीम को व्यापार मंडल की शपथ दिलाई।

इसी के साथ महानगर गाजियाबाद से सुभाष छाबड़ा व महामंत्री मनवीर नगर को पुन: चौथी बार नियुक्त किया गया साथ ही बजरिया व्यापार मंडल की इकाई अजय कालरा के नेतृत्व में व्यापार मंडल की सदस्यता जॉइन की। इसी क्रम में मेरठ मंडल महिला इकाई का भी गठन किया गया। जिसमें सीमा गोयल को चेयरमैन एवं दीप्ति अरोड़ा को अध्यक्ष मनोनीत किया।

कार्यक्रम में संजीव गुप्ता प्रदेश अध्यक्ष युवा मंच सुभाष गुप्ता प्रदेश उपाध्यक्ष राजू छाबड़ा प्रदेश महामंत्री सौरभ जयसवाल संरक्षक एवं मीडिया प्रभारी अनिल गर्ग राम अवतार जिंदल केपी गुप्ता राकेश मित्तल राज किशोर गुप्ता रजनीश बंसल संजय अग्रवाल अंकित शर्मा राजेश गुप्ताअनिल अरोड़ा विवेक गोयल जितेंद्र अग्रवाल उदयवीर लाडी राहुल जाटव मुलायम सुरेश महाजन हरीश मल्होत्रा नीतू लाहो. रिया तनुज गंभीर अशोक अरोड़ा मुकेश आनंद निशांत गुप्ता सुनील चाचासीमा गोयल दीप्ति अरोड़ा शशि श्रीवास्तव वंदना अग्रवाल गीता त्यागी मंजू खन्ना सीमा कुशवाहा एवं कार्यक्रम में सैकड़ो व्यापारी उपस्थित रहे।

## बुजुर्ग ने घर ले जाकर की रेप की कोशिश सूझबूझ और हिम्मत से इस तरह बची जान

**गाजियाबाद।** मुरादनगर क्षेत्र से एक हैरान कर देने वाला मामने आया है जहां, एक 45 वर्षीय व्यक्ति ने दूसरी कक्षा में पढ़ने वाली 7 वर्षीय मासूम बच्ची को किडनैप कर रेप करने का प्रयास किया। लेकिन बच्ची की सूझबूझ और हिम्मत ने उसे इस दरिंदगी का शिकार होने से बचा लिया। ये घटना उस वक्त घटी जब बच्ची दुकान की ओर जा रही थी।

रास्ते में गांव का ही एक 45 वर्षीय व्यक्ति उसे जबरन अपने घर ले गया। वहां उसने बच्ची का रेप करने की कोशिश की। लेकिन बच्ची ने हिम्मत दिखाते हुए न केवल अपना हाथ छुड़ाया बल्कि शोर भी मचा। जिसके बाद आसपास के लोगों को आता देख आरोपी मौके से फरार हो गया। बच्ची ने घर पहुंचकर अपने परिजनों को पूरी घटना की जानकारी दी। परिवार ने तुरंत मुरादनगर थाने में शिकायत दर्ज कराई। शिकायत मिलने के बाद पुलिस आरोपी की तलाश में जुट गई।

### संबंध विच्छेद

सूचित किया जाता है कि मेरे व्यवहारी प्रमोद कुमार पुत्र श्री जय प्रकाश निवासी विकास कालोनी असालत नगर मुरादनगर ने अपने पुत्र सचिन त्यागी व पुत्रवधू अंशु त्यागी व उनके बच्चों को उनके गलत आचरण के चलते अपनी समस्त चल व अचल संपत्ति से बेदखल कर दिया है। भविष्य में उनके प्रति मेरे व्यवहारी व उसके परिवार का कोई उत्तरदायित्व नहीं होगा।

**बीके निम्मी एडवोकेट।**

## सुबह 11 बजे होगा शपथ ग्रहण कार्यक्रम बीजेपी ने 48 घंटे पहले लिया फैसला

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली में नई सरकार के गठन की प्रक्रिया तेज हो गई है। आज १९ फरवरी को भाजपा विधायक दल की बैठक होगी जिसमें मुख्यमंत्री के नाम की घोषणा की जाएगी, लेकिन इन सबके बीच अब खबर है कि बीजेपी ने शपथ ग्रहण के कार्यक्रम में बदलाव किया है। पहले जहां २० फरवरी की शाम ४.३० बजे दिल्ली के नए सीएम का शपथ ग्रहण होना था, वहीं अब यह कार्यक्रम सुबह ११ बजे होना तय किया गया है। इसको लेकर दिल्ली में आज बुधवार को ३.३० बजे विधायक दल की बैठक होने वाली है। वहीं भाजपा का राष्ट्रीय नेतृत्व आज पर्यवेक्षक नियुक्त करेगा। पर्यवेक्षक की उपस्थिति में पार्टी के सभी ४८ नवनिर्वाचित विधायकों के साथ ही सांसद और प्रदेश अध्यक्ष बैठक करेंगे। बैठक में विधायक दल का नेता चुना जाएगा। उसके बाद विधायक दल का नेता उपराज्यपाल से मिलकर सरकार बनाने का दावा पेश करेगा। शपथ ग्रहण समारोह को भव्य बनाया जाएगा। इसके लिए रामलीला मैदान में तैयारी शुरू हो गई है। तैयारी को लेकर भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव विनोद तावड़े व तरुण चुघ, भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा सहित अन्य नेता अधिकारियों के साथ बैठक करेंगे।

## बीच सड़क पर दिनदहाड़े चाकू से गोदकर महिला की हत्या

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** पूर्वी दिल्ली के गोकलपुरी थाना क्षेत्र में दिनदहाड़े बीच सड़क पर चाकू से गोदकर एक महिला की हत्या कर दी गई। वारदात को अंजाम देकर आरोपी मौके से भाग गया। मृतका की पहचान पूजा के रूप में हुई है। महिला के पेट व शरीर पर कई जगह चाकू के निशान हैं।

गोकलपुरी थाना पुलिस ने हत्या समेत कई धाराओं में प्राथमिकी दर्ज की है। मृतक महिला की मां का आरोप है कि उसके दामाद हर्ष गोयल ने फोन करके उन्हें सूचना दी कि उसने अपनी पत्नी की हत्या कर दी है। वारदात के बाद से ही वह फरार है। जिला पुलिस उपायुक्त आशीष मिश्रा ने बताया कि सुबह ९:०८ बजे पुलिस को सूचना मिली थी कि जौहरीपुर नाले के पास एक महिला को चाकू मारा गया है। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और घायल को इलाज के लिए जग प्रवेश चंद्र अस्पताल में भर्ती कराया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। अस्पताल में महिला के परिजनों ने पुलिस को बताया कि पूजा की हर्ष गोयल के साथ शादी हुई थी। दंपती के दो बच्चे हैं। आरोप लगाया कि हर्ष गोयल शराब पीने के साथ जुआ भी खेलता है। वह अपनी पत्नी से शराब के लिए रुपये मांगता था, न देने पर उसे मारता पीटता था। करीब सात माह पहले पूजा अपने पति को छोड़कर बच्चों के साथ मायके में आकर रहने लगी थी।

मृतका की मां मंजू गुप्ता ने आरोप लगाया कि दस दिन पहले हर्ष उनके घर पर आया था और पूजा की पिटाई की थी। उसने धमकी दी थी अगर उसने उसे तलाक दिया, तो वह उसकी हत्या कर देगा और बाद में अपनी जान दे देगा। पूजा सोमवार को कुछ सामान लेने के लिए जा रही थी, उसी दौरान सड़क पर उसकी हत्या कर दी गई।

## अंदरूनी कलह के चलते नहीं मिल पाया मुख्यमंत्री: आतिशी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली को 10 दिन बाद भी मुख्यमंत्री न मिलने पर आप नेता आतिशी ने आरोप लगाया कि भाजपा में अंदरूनी कलह के कारण दस दिन बाद भी दिल्ली को मुख्यमंत्री नहीं मिल पाया है। इससे यह साफ है कि भाजपा के पास कोई सीएम का चेहरा नहीं है। प्रधानमंत्री को भी पता है कि उनके ४८ विधायकों में से किसी के पास सरकार चलाने की योग्यता नहीं है। आतिशी ने कहा कि दिल्लीवालों को उम्मीद थी कि भाजपा अपने मुख्यमंत्री का चेहरा घोषित करेगी। १० फरवरी तक शपथ ग्रहण समारोह होगा और उसके तुरंत बाद दिल्लीवालों का काम शुरू होगा। अभी तक कुछ नहीं हो पाया। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा ने १५ साल तक दिल्ली नगर निगम में सरकार चलाई। उन्होंने एमसीडी के खजाने को खाली किया। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा के पास दिल्लीवालों के लिए कोई विजन नहीं है। उनके पास दिल्लीवालों के लिए काम करने का कोई प्लान नहीं है। दिल्ली की जनता के सामने भाजपा की सच्चाई सामने आने लगी है।

## बारात व मंडप तैयार, लेकिन भाजपा का दूल्हा कौन, ये किसी को पता नहीं: गोपाल राय

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी के दिल्ली प्रदेश संयोजक गोपाल राय ने कहा कि बारात और मंडप तैयार है, लेकिन भाजपा का दूल्हा कौन होगा, ये किसी को पता नहीं है। उन्होंने पूछा कि भाजपा मुख्यमंत्री का नाम अभी तक तय नहीं कर पाई है या फिर इसके पीछे कोई बड़ा रहस्य है। आमतौर पर तो चुनाव में जीत के बाद पार्टी के विधायक दल की बैठक होती है, उसमें उसका नेता चुना जाता है और वह एलजी से मिलकर सरकार बनाने का दावा पेश करता है। लेकिन यहां भाजपा सारी तैयारियां पहले ही कर रही हैं, लेकिन मुख्यमंत्री कौन बनेगा, इसका कोई अता-पता नहीं है।

आम आदमी पार्टी के दिल्ली प्रदेश संयोजक गोपाल राय ने कहा कि इस देश में अलग-अलग राज्यों में अलग-अलग पार्टियों की सरकारें बनती रही हैं, लेकिन यह भारत के इतिहास में पहली बार देखा जा रहा है कि बारात तैयार है, मंडप भी तैयार है, उसका निरीक्षण भी हो रहा है, बस दूल्हा कौन होगा, ये किसी को नहीं पता। भाजपा मुख्यमंत्री का नाम अभी तक तय नहीं कर पाई है या फिर इसके पीछे कोई बड़ा रहस्य है जिसे वह छिपाना चाहती है। जिसकी वजह से केवल मुख्यमंत्री को छोड़कर सारी चीजें हो रही हैं।

गोपाल राय ने कहा कि आम तौर पर परंपरा रही है कि चुनाव के पश्चात जो भी पार्टी जीती होती है, वह अपने विधायक दल की बैठक करती है, जिसमें विधायक दल का नेता चुना जाता है जो मुख्यमंत्री का दावेदार होता है। वह अपना दावा प्रस्तुत करता है और साथ में राज्यपाल या राष्ट्रपति को अपने मंत्रीमंडल का नाम देता है। वहां से मंजूरी होने के बाद शपथ की तारीख दी जाती है और उसके बाद उसकी तैयारियां शुरू होती हैं। यहां सारी तैयारियां पहले ही हो रही हैं, लेकिन मुख्यमंत्री कौन बनेगा इसका कोई अता-पता नहीं है। लेकिन यह भाजपा है, कुछ भी कर सकती है। इसलिए अगले पांच साल में ये लोग कई और रिकॉर्ड बनाएंगे।

## 2027 से नहीं गिरेगा यमुना में सीवरेज का गंदा पानी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** जनवरी 2027 से यमुना में सीवरेज का गंदा पानी नहीं गिरेगा। दिसंबर २०२६ तक दिल्ली में बनाए गए सभी सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट शुरू कर दिए जाएंगे। इनकी मदद से यमुना को साफ करने में मदद मिलेगी।

दिल्ली के उपराज्यपाल वीके सक्सेना ने दिल्ली के मुख्य सचिव के साथ उच्च स्तरीय बैठक की। बैठक के बाद इस दिशा में काम शुरू हो गया है। इसके तहत यमुना में सीवेज और औद्योगिक अपशिष्टों के प्रवाह को पूरी तरह से रोकने के लिए शहर के सभी सीवेज ट्रीटमेंट प्लांटों को पूरी तरह कार्यात्मक बना देगी। दिल्ली में छह नए प्लांट लगाए जा रहे हैं। इनकी मदद से दिसंबर २०२७ तक यमुना को साफ कर दिया जाएगा।

बता दें कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने चुनाव के दौरान दावा किया था कि प्रदूषण से ग्रस्त यमुना को साफ किया जाएगा। दिल्ली के अतिरिक्त मुख्य सचिव नवीन चौधरी का कहना है कि तीन सालों के अंदर नदी को साफ किया जाएगा। दिल्ली में यमुना का ५७ किलोमीटर का हिस्सा है। यह हरियाणा से दिल्ली में प्रवेश करती है और उत्तर प्रदेश की सीमा तक पहुंच जाती है। उन्होंने कहा कि नदी से ठोस अपशिष्ट, जलकुंभी और खरपतवार को हटाने के लिए सात मशीनें लगाई गई हैं। यह काम अगले कुछ महीनों तक चलेगा। उन्होंने कहा कि दिल्ली में लगभग एक दर्जन एसटीपी का आधुनिकीकरण किया जाना है। २०२६ के अंत तक छह ऐसे संयंत्रों का निर्माण पूरा करना है। दिसंबर २०२६ तक सभी एसटीपी पूरी तरह कार्यात्मक हो जाएंगे। उसके बाद यमुना में कोई अनुपचारित सीवेज गिराया गया पाया गया तो सख्त कार्रवाई की जाएगी।

उन्होंने कहा कि नदी में औद्योगिक अपशिष्टों के प्रवाह को रोकने के लिए ठोस कदम उठाए जाएंगे, जिसके लिए दिल्ली प्रदूषण नियंत्रण समिति (डीपीसीसी), दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) और उद्योग विभाग मिलकर काम करेंगे। उन्होंने कहा कि औद्योगिक क्षेत्रों में (सीईटीपी) ठीक से काम कर रहे हैं। लोगों को मूर्तियों को विसर्जित करने, कैलेंडर आदि वस्तुओं को नदी में फेंकने से रोकने के लिए जागरूकता पैदा की जाएगी। यमुना में करीब २८ से ३० बड़े नाले अनुपचारित अपशिष्ट जल डालते हैं। सबसे बड़े नाले नजफगढ़ और बारापुला नाले हैं। इन नालों में कई छोटे नाले मिलते हैं जो अनुपचारित पानी को नदी में ले जाते हैं।

## सिसोदिया पर ऑफिस का एसी, टीवी टेबल ले जाने का लगाया आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली के पटपड़गंज से भाजपा विधायक रविंद्र नेगी ने पूर्व डिप्टी सीएम मनीष सिसोदिया पर एक बड़ा आरोप लगाया है। विधायक रविंद्र नेगी ने अपने एक्स अकाउंट पर एक वीडियो पोस्ट करते हुए आरोप लगाया कि आम आदमी पार्टी से पटपड़गंज के पूर्व विधायक मनीष सिसोदिया ने चुनाव से पहले ही अपना असली चेहरा दिखा दिया था। उन्होंने अपनी पोस्ट में यह भी लिखा कि मनीष सिसोदिया विधानसभा कैंप कार्यालय से एसी, टीवी टेबल, कुर्सी और पंखे जैसे सामान सब चुरा ले गए।

आम आदमी पार्टी से पटपड़गंज के पूर्व विधायक सिसोदिया ने चुनाव से पहले ही अपना असली चेहरा दिखा दिया था। विधानसभा कैंप कार्यालय से जिसमें एसी,टीवी टेबल, कुर्सी और पंखे जैसे सामान चुराए गए। रविंद्र नेगी लिखते हैं कि इनकी भ्रष्टाचार की हदें अब भी पार नहीं हुईं। अब ये अपनी असलियत और चोरी छिपाने की राजनीति में माहिर हो गए हैं। हम जनता के हक की रक्षा करेंगे और ऐसे भ्रष्टाचारियों को बेनकाब करेंगे। बता दें कि हाल ही में दिल्ली में हुए विधानसभा चुनाव में बीजेपी ने ऐतिहासिक जीत दर्ज की है। भाजपा ने ७० सीटों में से ४८ सीटें जीतकर पूर्ण बहुमत हासिल किया है। हालांकि, बीजेपी ने २७ साल बाद दिल्ली में सत्ता हासिल की है।

## शिक्षा मंत्री के बयान के खिलाफ एआईएसएफ ने किया प्रदर्शन

**नई दिल्ली।** वामपंथी छात्र संगठन एआईएसएफ ने मंगलवार को केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के उस हालिया बयान के खिलाफ शास्त्री भवन के बाहर प्रदर्शन किया, जिसमें केंद्रीय शिक्षा कोष को तमिलनाडु में राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) २०२० के कार्यान्वयन से जोड़ा गया है। इस विरोध प्रदर्शन के संबंध में केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय की ओर से तत्काल कोई प्रतिक्रिया नहीं आई।

केंद्रीय शिक्षा मंत्री प्रधान ने कहा है कि समग्र शिक्षा योजना के तहत तमिलनाडु को तब तक धन जारी नहीं किया जाएगा, जब तक राज्य एनईपी २०२० को पूरी तरह से लागू नहीं कर देता। उन्होंने द्रमुक के नेतृत्व वाली तमिलनाडु सरकार पर शिक्षा नीति का राजनीतिकरण करने का आरोप लगाया। ऑल इंडिया स्टूडेंट्स फेडरेशन (एआईएसएफ) ने एक बयान में कहा कि एनईपी २०२० क्षेत्रीय स्वायत्तता को कमजोर करती है, निजीकरण को बढ़ावा देती है, असमानता बढ़ाती है और शिक्षा में भाषाई और सांस्कृतिक संरक्षण के लिए तमिलनाडु की प्रतिबद्धता की अवहेलना करती है। इसमें कहा गया है, केंद्र महत्वपूर्ण शिक्षा निधि रोककर राज्यों को एनईपी २०२० को लागू करने के लिए ब्लैकमेल कर रहा है। एआईएसएफ के राष्ट्रीय अध्यक्ष विराज देवांग ने कहा, हमने शिक्षा मंत्रालय के बाहर शांतिपूर्ण विरोध प्रदर्शन किया। एनईपी कार्यान्वयन पर मंत्री की टिप्पणी उन राज्यों को मजबूर करने का प्रयास है जिन्होंने इसे नहीं अपनाया है। भारत के कई राज्यों में भाजपा की सरकार नहीं है। हमारे शांतिपूर्ण प्रदर्शन के बावजूद हमें हिरासत में लिया गया। एआईएसएफ के राष्ट्रीय महासचिव दिनेश सीरंगराज ने प्रधान पर तमिलनाडु को धमकाने का और एनईपी २०२० को राज्य में लागू करने पर ही केंद्रीय शिक्षा कोष में २,००० करोड़ रुपए जारी करने की शर्त रखने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा, यह संविधान और गैर-भाजपा शासित राज्यों के लिए खतरा है। प्रदर्शनकारियों को बाद में दिल्ली पुलिस ने हिरासत में ले लिया। सीरंगराज के अनुसार, हिरासत में लिए गए प्रदर्शनकारियों को बवाना पुलिस थाने ले जाया गया और कुछ समय बाद रिहा किया गया।



डीयू ने गैर-सरकारी संगठन 'ग्रीन यात्रा' के साथ मिलकर 'शहरी सघन वृक्षारोपण' करके वायु प्रदूषण से निपटने की दिशा में डीयू कुलपति प्रो. योगेश सिंह पौधारोपण करते हुए।

## वायु प्रदूषण से निपटने को डीयू में वृक्षारोपण

**नई दिल्ली।** दिल्ली विश्वविद्यालय ने गैर-सरकारी संगठन "ग्रीन यात्रा" के साथ मिलकर "शहरी सघन वृक्षारोपण" करके वायु प्रदूषण से निपटने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया है।

पर्यावरणीय स्थिरता के प्रति कुलपति की प्रतिबद्धता से प्रेरित यह हरित पहल शहरी परिवेश में पर्यावरण के अनुकूल प्रथाओं की परिवर्तनकारी क्षमता को प्रदर्शित करती है। मंगलवार को डीयू कुलपति प्रो. योगेश सिंह ने इस सघन पौधरोपण का उद्घाटन करते हुए स्वयं भी एक नींबू का पौधा लगाया। इस अवसर पर कुलपति ने कहा कि दिल्ली विश्वविद्यालय में स्थानाभाव के कारण सघन वृक्षारोपण एक अच्छी पहल है।

कुलपति ने कहा कि दिल्ली विश्वविद्यालय पर्यावरण के प्रति अपनी जिम्मेवारी को लेकर गंभीर है। विश्वविद्यालय में निर्माण कार्यों के दौरान जहां भी वृक्ष बीच में आते हैं, उन्हें काटने की बजाए दूसरी जगह लगाने पर काम हो रहा है। उन्होंने कहा कि निर्माण कार्यों और विस्तार कार्यों के लिए कई बार वृक्षों को हटाना तो पड़ता है, इसलिए दिल्ली विश्वविद्यालय में उपयुक्त स्थानों की पहचान करके सघन वृक्षारोपण पर और भी काम होना चाहिए, ताकि हरियाली कायम रहे। कुलपति ने कहा कि यह उद्यम न केवल पर्यावरणीय स्थिरता के लिए हमारे विश्वविद्यालय के समर्पण को दर्शाता है, बल्कि अन्य शैक्षणिक संस्थानों के लिए अनुकरणीय मॉडल के रूप में भी कार्य करेगा। कुलपति ने कहा कि वायु प्रदूषण से निपटना और हमारे शहरों में पारिस्थितिकी संतुलन बहाल करना हमारी सामूहिक जिम्मेदारी है।

दिल्ली विश्वविद्यालय उद्यान समिति की अध्यक्ष प्रो. रूपम कपूर ने बताया कि डीयू आर्ट्स फैकल्टि के पास ३०० वर्ग मीटर के एक छोटे से भूखंड पर विकसित यह शहरी वृक्षारोपण जापानी वनस्पतिशास्त्री अकीरा मियावाकी द्वारा अग्रणी प्रसिद्ध मियावाकी तकनीक के आधार पर बनाया गया है। यह तकनीक घने समूहों में देशी पेड़ों और झाड़ियों के रोपण पर जोर देती है, जो इसे सीमित भूमि संसाधनों वाले शहरी क्षेत्रों के लिए एक आदर्श समाधान बनाती है। मियावाकी पद्धति न केवल छोटे स्थानों में हरित आवरण को अधिकतम करती है बल्कि विकास को भी गति देती है, जैव विविधता को बढ़ाती है और वायु गुणवत्ता में सुधार करती है। यह पूरी प्रक्रिया पूरी तरह से जैविक है, जिसमें मिट्टी को उपजाऊ बनाने के लिए चावल की भूसी, सरसों की खली, वर्मीकम्पोस्ट, गौमूत्र, गुड़ और चने के पाउडर का पारंपरिक उपयोग किया जाता है।

## न्यायालय ने सुकेश की याचिका को कानून का दुरुपयोग बताया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने कथित ठग सुकेश चंद्रशेखर की वह याचिका मंगलवार को खारिज कर दी जिसमें उसने खुद को राष्ट्रीय राजधानी की मंडोली जेल से पंजाब और दिल्ली के अलावा किसी अन्य जेल में स्थानांतरित करने का अनुरोध किया था। न्यायमूर्ति बेला एम त्रिवेदी और न्यायमूर्ति पी बी वराले की पीठ ने कहा कि चंद्रशेखर की ओर से पूर्व में दायर की गई इसी तरह की याचिकाओं को शीर्ष अदालत ने खारिज कर दिया था। पीठ ने चंद्रशेखर से कहा कि उसकी शिकायत दिल्ली सरकार के खिलाफ थी और अब शासन बदल जाने से शिकायत भी समाप्त हो जाती है। पीठ ने कहा, आपके पास खर्च करने के लिए धन है तो आप मौके ले रहे हैं। यह कानूनी प्रक्रिया का दुरुपयोग है। आप एक ही तरह की याचिकाएं कैसे दायर करते रह सकते हैं। पीठ ने कहा, हम संविधान के अनुच्छेद 32 के तहत दायर याचिका पर विचार करने के इच्छुक नहीं हैं।

**श्रीराम फाइनेंस लिमिटेड**

SHRIRAM Finance
SHRIRAM City MONEY WHEN YOU NEED IT MOST

**पंजीकृत कार्यालय:** श्री टावर्स, प्लॉट नंबर 14ए, साउथ फेज़ इंडस्ट्रियल एस्टेट, गिंडी, चेन्नई 600 032
**शाखा कार्यालय:** यूजीएफ-12 से 21, अपर ग्राउंड फ्लोर, अंबा डीप बिल्डिंग, कस्तूरबा गांधी मार्ग, नई दिल्ली-110001 वेबसाइट: www.shriramfinance.in

**सांकेतिक कब्जा सूचना**

**यह सूचित किया जाता है कि एनसीएलटी, चेन्नई के आदेश के अनुसार ''श्रीराम सिटी यूनियन फाइनेंस लिमिटेड'' को ''श्रीराम ट्रांसपोर्ट फाइनेंस लिमिटेड'' के साथ समामेलित किया गया है। तत्पश्चात् ''श्रीराम ट्रांसपोर्ट फाइनेंस लिमिटेड'' का नाम बदलकर ''श्रीराम फाइनेंस लिमिटेड'' कर दिया गया, जो दिनांक 30.11.2022 को परिवर्तन के अनुसरण में निगमन प्रमाणपत्र के माध्यम से 30.11.2022 से प्रभावी हो गया।**

सिक्योरिटाइजेशन एण्ड रिकस्ट्रक्शन ऑफ फाइनैंशियल एसेट्स एव इफोर्समेंट ऑफ सिक्योरिटी इंटरेस्ट एक्ट, 2002 (उक्त अधिनियम) के प्रावधानों के अधीन और सिक्योरिटी इंटरेस्ट (इंफोर्समेंट) नियम, 2002 के नियम 3 के साथ पठित उक्त अधिनियम की धारा 13(12) के अधीन प्रदत्त शक्तियों के अनुसरण में, श्रीराम फाइनेंस लिमिटेड (एसएफएल) के प्राधिकृत अधिकारी के रूप में अधोहस्ताक्षरी ने ऋणियों को मांग सूचना पत्र जारी किया था जिसका विवरण नीचे तालिका में किया गया है जिसके तहत उक्त मांग सूचना पत्र में उल्लिखित राशि का भुगतान करने के लिए कहा गया था। ऋणियों द्वारा धनराशि न चुकाए जाने पर, एतदद्वारा ऋणियों एवं सामान्य रूप से जनसाधारण को सूचित किया जाता है कि अधोहस्ताक्षरी ने उक्त नियमों के नियम 8 के साथ पठित उक्त अधिनियम की धारा 13 (4) के अधीन उन्हें दी गई शक्तियों का प्रयोग करते हुए **14.02.2025** को नीचे वर्णित संपत्ति का सांकेतिक कब्जा ले लिया है।

विशेष रूप से उधारकर्ता और आम जनता को एतद्द्वारा चेतावनी दी जाती है कि वे संपत्ति का लेन-देन न करें और संपत्ति का कोई भी लेन-देन श्रीराम फाइनेंस लिमिटेड के प्रभार के अधीन होगा, जैसा कि नीचे उल्लिखित राशि पर ब्याज के साथ है।

**उधारकर्ता का नाम और पता**

**1) मैसर्स यूनिक होम सॉल्यूशन ..........(उधारकर्ता)**
**प्रतिनिधि श्री गौरव शर्मा प्लॉट नंबर 27, 16/15, मुख्य मथुरा रोड, डी पी एस स्कूल के पास, हरियाणा-121008.**
**इसके अलावा: मकान नंबर 814, सेक्टर-28, फ़रीदाबाद, हरियाणा - 121008.**
**इसके अलावा:**
**फ्लैट नंबर जे-301, तीसरी मंजिल, टॉवर-जे, क्षेत्रफल 135 वर्ग मीटर, पार्क फ्लोर, सेक्टर-77, तहसील-तिगांव, जिला-फरीदाबाद, हरियाणा-121006.**
**2) श्रीमान गौरव शर्मा (सह-उधारकर्ता/गारंटर)**
**मकान नंबर 814, सेक्टर-28, फ़रीदाबाद, हरियाणा-121008.**
**3) श्रीमती मनप्रीत शर्मा (सह-उधारकर्ता/गारंटर)**
**मकान नंबर 814, सेक्टर-28, फ़रीदाबाद, हरियाणा-121008.**

**डिमांड नोटिस के अनुसार देय राशि**

रू. 23,23,902/- (रू. तेईस लाख तेईस हज़ार नौ सौ दो मात्र) दिनांक 14/03/2024 को ऋण संख्या के संदर्भ में RSSDLLP2110060011.
डिमांड नोटिस की दिनांक: 18-03-2024

**सम्पत्ति का विवरण**

**आवासीय संपत्ति, फ्लैट नंबर जे-301, टावर-जे में तीसरी मंजिल पर, सुपर एरिया, 1458 वर्ग फीट, (135.452 वर्ग मीटर) मल्टी स्टोरीज़ आवासीय हाउस कॉम्प्लेक्स में जिसे ''पार्क फ्लोर'' सेक्टर-77, तहसील-तिगांव, जिला फ़रीदाबाद।**

सुरक्षित परिसंपत्तियों को भुनाने के लिए उपलब्ध समय के संबंध में, अधिनियम की धारा 13 की उप-धारा (8) के प्रावधानों के लिए उधारकर्ता का ध्यान आकर्षित किया जाता है।

**स्थान:- दिल्ली** **एसडी/- प्राधिकृत अधिकारी**
**दिनांक:- 14.02.2025** **श्रीराम फाइनेंस लिमिटेड।**

## रनहौला में रॉड से जानलेवा हमला करने वाला वांछित पकड़ा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** रनहौला इलाके में एक युवक पर लोहे की रॉड से पीट पीटकर हत्या करने की कोशिश की वारदात में वांछित अजय कुमार को अपराध शाखा ने गिरफ्तार किया है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि पिछले साल १७ नवम्बर को आरोपी अजय कुमार के सहयोगी तरुण थापा का शिकायतकर्ता राजेश से टकराव हुआ। तरुण थापा ने उसे खत्म करने का संकल्प लिया। आरोपियों को पता था कि राजेश बदरपुर में एक शादी से अपनी ग्रैंड विटारा ब्रेजा चलाकर लौट रहा था। तरुण थापा ने अजय कुमार और अन्य सहयोगियों- गोलू, कमल, आयुष और फरहान के साथ मिलकर शिकायतकर्ता पर नजर रखी। जैसे ही राजेश कुमार अपनी कार से उतरकर अपने घर के पास पहुँचा, आरोपियों ने उससे भिड़ गए और झगड़ा शुरू कर दिया। वे रॉड से लैस थे और आयुष के हाथ में पिस्तौल थी। समूह ने राजेश पर मुक्कों, घूंसों और लोहे की रॉड से हमला करना शुरू कर दिया। राजेश को घायल करने के बाद आयुष ने उसे जान से मारने की कोशिश में गोली चलाई। सौभाग्य से, शिकायतकर्ता बाल-बाल बच गया। हमले के बाद, सभी आरोपी मौके से भाग गए। पुलिस ने मामला दर्ज किया। अपराध शाखा में तैनात एसीपी नरेश कुमार की देखरेख में इंस्पेक्टर गुलशन यादव के निर्देशन में एसआई पवन कुमार और हेड कांस्टेबल अरविंद की एक पुख्ता जानकारी के बाद आरोपी को उत्तम नगर इलाके से गिरफ्तार कर लिया।

## मैजिक विद एवरी स्ट्रोक कला प्रदर्शनी का आयोजन



**नई दिल्ली।** मैजिक विद एवरी स्ट्रोक नामक छह दिवसीय राष्ट्रीय समूह कला प्रदर्शनी का आयोजन गांधी दर्शन आर्ट गैलरी गांधी स्मृति, राजघाट, दिल्ली में18 से 23 फरवरी 2025 तक किया जा रहा है ,प्रदर्शनी आयोजक और क्यूरेटर पारुल भगत ने बताया कि प्रदर्शनी का उद्घाटन विजय गोयल वाइस वाइस चेयरपर्सन गांधी दर्शन और गांधी स्मृति करेंगे। प्रदर्शनी सभी विधाओं के कलाकारों को एक छत्र के नीचे मंच प्रदान करेगी, जिसमें कलाकार आधुनिक और समकालीन कलाकृतियों के माध्यम से अपने विषयों के बारे में विचारों का संचार करेंगे। देश विदेश के ४० से अधिक कलाकारों ने अपनी कलाकृतियों को प्रदर्शित किया है राज बलराम, पारुल भगत, मौर्य राजेश कुमार, अभिषेक वर्धन सिंह, पिंकी लाहिड़ी, गौरव सैनी, रश्मी नाग, बिकास दास, सात्विक गर्ग, वनिता, डॉ. अंजलि निगम, प्रदर्शनी में भाग लेने वाले कलाकार है ।

## वाहन को स्क्रैप कराने से पहले मालिक को वाहन से जरूरी दस्तावेज निकालने का मिलेगा मौका

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** उम्र पूरी कर चुके वाहनों को उठाने के मामले में दिल्ली परिवहन विभाग अब वाहन को स्क्रैप कराने से पहले संबंधित मालिक को वाहन से अपने जरूरी दस्तावेज निकाल लेने के लिए एक मौका भी देगा। इस संबंध में परिवहन विभाग ने आदेश जारी कर दिया है।

अभी तक निर्देश स्पष्ट नहीं होने के कारण इस मामले में लोगों को भारी परेशानी हो रही थी। दरअसल परिवहन विभाग की टीम उम्र पूरी कर चुकी वाहनों को उठा ले रही थी और वाहन मालिक का वाहन के अंदर रखा सामान भी नहीं दे रही थी। परिवहन विभाग की टीमें उन्हें तरह-तरह से परेशान करती थीं, वे वाहन में रख अपने दस्तावेज लेने के लिए इधर से उधर भटकते थे। परिवहन विभाग की टीमें स्क्रैप करने वाली संबंधित एजेंसी के पास ऐसे लोगों को भेजती थी और स्क्रैप करने वाली एजेंसी इस मामले में परिवहन विभाग से बात करने के लिए कहती थी। बीते दिनों एक ऐसा मामला भी सामने आया था कि केशवपुरम से घर के बाहर खड़ी एक मोटर साइकिल को उठा लिया गया और घर के लोगों को भी इसकी सूचना नहीं दी गई। जबकि घर में परिवार के सदस्य मौजूद थे।

दिल्ली परिवहन विभाग की टीम एक दीवार पर वाहन उठाने का नोटिस चिपकाकर वहां से चली गई।वाहन मालिक भटकते रहे, मगर न ही परिवहन विभाग और न ही स्क्रैप करने वाली एजेंसी ने ही उन्हें मोटर साइकिल में रखे उनके दस्तावेज निकालने दिए। जबकि इसकी शिकायत परिवहन आयुक्त तक से की गई। इस तरह की हो रही परेशानी लगातार आ रहीं शिकायतों को देखते हुए अब नई सरकार के गठन से पहले परिवहन विभाग ने इस बारे में आदेश कर स्पष्ट कर दिया है कि विभाग की टीम जो भी वाहन उठाएंगी उसमें रखा सामान उनके मालिक को निकाल लेने का एक मौका जरूर देंगी।

यदि वाहन पहले से ही निर्धारित प्रक्रिया, नियम, दिशानिर्देशों के अनुसार स्क्रैप किया जा चुका है, तो स्क्रैप करने वाली एजेंसी मालिक या अधिकृत प्रतिनिधि को जमा प्रमाणपत्र और वाहन स्क्रैपिंग प्रमाणपत्र की एक देगी।

## भगदड़ में कई लोगों की मौत के बाद बढ़ाई मुस्तैदी

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस ने नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर यात्रियों की भारी भीड़ को नियंत्रित करने के लिए कई उपाय किए हैं, ताकि भगदड़ जैसी स्थिति फिर से न बने। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। गत शनिवार को स्टेशन पर मची भगदड़ में 18 लोगों की मौत हो गई थी और कई लोग घायल हुए थे। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया, सोमवार रात को एक विशेष बैठक हुई, जिसमें यह निर्णय लिया गया कि निर्धारित ट्रेन प्रस्थान समय से बहुत पहले पहुंचने वाले यात्रियों को रेलवे स्टेशन के बाहर इंतजार करना होगा।

**सम्मन**

**जिला उपभोक्ता आयोग प्रथम-बरेली**
**सिविल लाइन्स जेल रोड, बरेली**
**वाद संख्या-88/2023**
नोटिस बनाम सेबेन सीज हॉस्पिटैलिटी डायरेक्टर रमेश डांग/मैनेजर श्री आकाश सिंघल पता 12, एम. 2 के. रोड मंगलम प्लेस सेक्टर 3, रोहिणी नई दिल्ली-110085 मो.नं. 09810028788, 9818974747

आपको सूचित किया जाता है कि आपके विरुद्ध श्री राजीव भसीन पुत्र श्री स्व० श्याम सुन्दर भसीन निवासी ए-344, राजेन्द्र नगर तहसील व जिला बरेली दिनांक 31.01.2023 को एक शिकायत पत्र उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम 1683 के अन्तर्गत इस फोरम के समक्ष प्रस्तुत किया है। जिनकी प्रतिलिपि इस नोटिस के साथ सलंग्न है।

अत: आपको आदेश दिया जाता है कि आप इस सम्बन्ध में अपना उत्तर स्वयं उपस्थित होकर या अपने अधिकृत प्रति. निधि द्वारा इस फोरम के समक्ष दिनांक 20.02.2025 को 10 बजे तक प्रस्तुत करें। तथा अपने कथन के समर्थन में जो अभिलेख दाखिल करना चाहें दाखिल कर दें।

यदि आप नोटिस मिलने पर अपना उत्तर उपरोक्त अवधि के अन्दर प्रस्तुत नहीं करेंगे तो आपके विरुद्ध एक तरफा आदेश पारित कर दिया जायेगा।

**आज दिनांक 11.02.2025 को जारी किया गया।**
**आदेशानुसार**
**अध्यक्ष**
**जिला उपभोक्ता आयोग प्रथम-बरेली**

## भगदड़ पर आरपीएफ की रिपोर्ट में खुलासा: अनाउंसमेंट के बाद प्लेटफॉर्म बदलना भारी पड़ा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर शनिवार रात हुई भगदड़ को लेकर रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) की रिपोर्ट में बड़ा खुलासा हुआ है। शुरुआती जांच में भारी लापरवाही सामने आई है।

रिपोर्ट में कहा गया है कि १५ फरवरी की रात लगभग १०.०० बजे, नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर भगदड़ की घटना हुई। रिपोर्ट के अनुसार, प्लेटफॉर्म नंबर १२, १३, १४, १५,१६ पर भीड़ अधिक हो गई थी। इस कारण इन प्लेटफॉर्म पर रास्ते पूरी तरह जाम हो गए थे। बताया गया है कि प्लेटफॉर्म नंबर १४ पर यात्रियों की भारी भीड़ थी, जो प्रयागराज जाने वाली ट्रेन का इंतजार कर रही थी। इसी समय, प्लेटफॉर्म नंबर १३ पर, नई दिल्ली से दरभंगा जाने वाली स्वतंत्रता सेनानी एक्सप्रेस में सवार होने के लिए बड़ी संख्या में यात्री एकत्र हो गए थे। यह ट्रेन देरी से चल रही थी और इसे मध्यरात्रि में प्रस्थान करने के लिए पुनर्निर्धारित किया गया था, जिसके कारण यात्री प्लेटफॉर्म पर ही रहे। ऐसे में प्लेटफॉर्म नंबर-१४ और १३ दोनों प्लेटफॉर्म पर भीड़ बढ़ती रही।

रिपोर्ट में कहा गया है कि शनिवार रात आठ बजे शिवगंगा एक्सप्रेस के प्लेटफॉर्म नंबर १२ से रवाना हुई, इसके बाद प्लेटफॉर्म पर यात्रियों की अधिक भीड़ जुटने लगी थी। इस कारण प्लेटफॉर्म नंबर १२ से १६ पर जाने वाले रास्ते पूरी तरह जाम हो गए। रिपोर्ट में कहा गया है कि इसके अतिरिक्त, रेलवे अधिकारी प्रयागराज के लिए लगभग १,५०० सामान्य टिकट प्रति घंटे जारी कर रहे थे।

**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं 109-110, प्रताप भवन, 5, बहादुर शाह जफर मार्ग, नई दिल्ली-110002 से प्रकाशित।

**सम्पादक:**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎011-41509401-2
फैक्स: 011-41509403
मुख्यालय मोबाइल 9720007290
R.N.I. NoDEL.HIN./2002/8501
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# परीक्षा केंद्रों के आसपास भीड़ एकत्रित होने पर होगी सख्त कार्रवाई

## 24 फरवरी से शुरू होगी यूपी बोर्ड परीक्षा, जिलाधिकारी ने की तैयारियों की समीक्षा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** जिलाधिकारी अस्मिता लाल व पुलिस अधीक्षक अर्पित विजयवर्गीय ने मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभागार में माध्यमिक शिक्षा परिषद उत्तर प्रदेश बोर्ड परीक्षा 2025 हाई स्कूल /इंटरमीडिएट परीक्षाओं को स्वतंत्र, निष्पक्ष, पारदर्शी ,सकुशल संपन्न कराए जाने के उद्देश्य से संबंधित जोनल मजिस्ट्रेट, सेक्टर मजिस्ट्रेट, स्टैटिक मजिस्ट्रेट व केंद्र व्यवस्थापकों के साथ बैठक कर आवश्यक निर्देश दिए।

जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि समस्त सेक्टर मजिस्ट्रेट परीक्षा केंद्रों का पूर्व निरीक्षण सुनिश्चित करें और यह सुनिश्चित करें कि परीक्षा केंद्रों पर सभी आवश्यक मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध हों। इसमें विशेष रूप से बिजली, पानी, शौचालय, चिकित्सा सहायता, जनरेटर, एवं अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं की समय पर उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। उन्होंने कहा कि सभी परीक्षा केंद्रों को परीक्षा से पूर्व पूरी तरह तैयार कर लिया जाए ताकि परीक्षार्थियों को किसी भी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। हाई स्कूल एवं इंटरमीडिएट की परीक्षाएं 24 फरवरी 2025 से प्रारंभ होकर 12 मार्च 2025 तक दो पालियों में आयोजित की जाएंगी।

जनपद में इस वर्ष कुल 13,549 हाई स्कूल एवं 14,578 इंटरमीडिएट के परीक्षार्थी पंजीकृत हुए हैं। परीक्षा संचालन के लिए जनपद में कुल 37 परीक्षा केंद्र निर्धारित किए गए हैं। जिलाधिकारी ने बोर्ड परीक्षाओं की शुचिता, पवित्रता, गुणवत्ता एवं विश्वसनीयता बनाए रखने के लिए विशेष दिशा-निर्देश जारी किए। उन्होंने परीक्षा केंद्रों पर नकल की प्रवृत्ति पर अंकुश लगाने हेतु सभी केंद्रों पर वॉयस रिकॉर्डर युक्त सीसीटीवी कैमरों की अनिवार्य व्यवस्था करने के निर्देश दिए। प्रत्येक परीक्षा केंद्र पर सीसीटीवी कैमरों की डीवीआर रिकॉर्डिंग क्षमता कम से कम 30 दिनों की होनी चाहिए, सीसीटीवी कैमरे एक कंट्रोल रूम से जुड़े होंगे ताकि परीक्षा की निगरानी प्रभावी ढंग से की जा सके। परीक्षा केंद्रों पर सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए सीसीटीवी कैमरों के साथ डीवीआर और राउटर की व्यवस्था सुनिश्चित की जाएगी। जिलाधिकारी ने जिला विद्यालय निरीक्षक को निर्देश दिए कि परीक्षा अवधि के दौरान निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित की जाए। किसी भी प्रकार की तकनीकी या संरचनात्मक कमियों को तत्काल दुरुस्त करने के निर्देश दिए गए। परीक्षा केंद्रों के आसपास भीड़ एकत्रित होने पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। परीक्षा केंद्रों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए पुलिस बल की तैनाती की जाएगी। जिला. धिकारी ने परीक्षा के दौरान परीक्षार्थियों की सुविधा के लिए परिवहन निगम को निर्देश दिए कि परीक्षा अवधि में सभी परीक्षा केंद्रों तक सुगम परिवहन व्यवस्था उपलब्ध कराई जाए। विशेष रूप से दोनों पालियों की परीक्षा समाप्ति के बाद विद्यार्थियों के सुरक्षित आवागमन के लिए पर्याप्त संख्या में बसों की व्यवस्था की जाए। जिला. धिकारी ने सभी अधिकारियों को निर्देशित किया कि परीक्षा संचालन के दौरान किसी भी प्रकार की लाप. रवाही या अनुशासनहीनता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। परीक्षा की विश्वसनीयता बनाए रखने के लिए समस्त परीक्षा केंद्रों पर सतर्कता बरती जाएगी। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी पंकज वर्मा, जिला विद्यालय निरीक्षक धर्मेंद्र सक्सेना ,समस्त एसडीम सहित अधिकारी उपस्थित रहे है।



# लापता युवती के शव के मामले में की एसपी से कार्रवाई की मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** सूप गांव के तालाब में तैरता मिला लापता युवती रुकसार का शव के मामले में कार्रवाई को लेकर पीड़ित परिजनों ने एसपी से शिकायत करते हुए आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग की है।

रमाला थाना क्षेत्र के सूप गांव निवासी जमील पुत्र हनीफ ने मंगलवार को करीब साढे 11 बजे अपने परिजनों के साथ एसपी दफ्तर पहुंचे। उन्होंने एसपी को शिकायत करते हुए बताया कि गत 4 फरवरी को बेटी रुकसार की रमाला थाना पर गुमशुदगी दर्ज कराई थी। दस फरवरी की दोपहर करीब तीन बजे बेटी रुकसार का शव गांव के तालाब में तैरता मिला। रमाला पुलिस ने शव को कब्जे में देकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया था। आरोप है कि अभी तक इस संबंध में कोई कार्रवाई नहीं की है। पीड़ित ने एसपी से शिकायत कर उपरोक्त मामले की जांच कराकर कार्रवाई कराने की मांग की है।



# मारपीट के मामले में पीड़ित ने कोतवाल से की शिकायत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** सुभाष गेट के निकट एक युवक को चार युवकों ने अपने साथियों के साथ मिलकर धारदार हथियार से हमला किया। पीड़ित ने कोतवाली पर तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।

पुराना कस्बा बागपत निवासी अरसद ने अपने परिजनों के साथ कोतवाली पहुंचकर तहरीर देते हुए बताया कि वह सुभाष गेट के निकट खड़ा हुआ था। उसी दौरान चार युवक अपने चार-पांच साथियों के आकर गाली-गलौच करने लगे। विरोध करने पर धारदार हथियार से हमला किया। इतना ही नहीं बीच-बचाव में शहजाद, भूरा, जानू और शहनवाज के साथ मारपीट की। शोर शराबा होने पर आरोपित युवकों ने जान से मारने की धमकी देते फरार हो गए। पीड़ित ने कोतवाली प्रभारी से मामले की जांच कर कार्रवाई करने की मांग की है।




# चोरों ने दिन दहाड़े चोरी की घटना को दिया अंजाम, पुलिस बेबस

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रटौल।** चमरावल गांव में घर पर लगा ताला देख चोर घर में घुस आये और कमरे में रखी अलमारी का ताला तोड़ लाखों के जेवरात और नगदी चोरी कर ले गये पीड़ित ने 112 पर काल कर पुलिस को सूचना दी मौकें पर पुलिस जांच पर जुटी है।

चमरावल निवासी अंकुर पुत्र छिदा नोएडा की एक कम्पनी में काम करता है। गांव में उसकी पत्नी रहती है जबकि उसकी मां सारदा भी उसके घर के पास ही रहती है। अंकुर की पत्नी प्रिया रविवार को अपने मायके गयी हुई थी घर पर ताला लगा हुआ था। मंगलवार सुबह लगभग 11 बजे पडौस के लोगों उसके घर का ताला टूटा हुआ देखा तो उसकी मां सारदा को बताया उसकी मां ने घर में जाकर देखा तो तीन कमरे का समान बिखरा पड़ा था और अलमारी भी खुली पड़ी थी। उसने तुरंत अपने बेटे को मोबा. इल फोन पर जानकारी दी और बहू प्रिया को भी बताया। वही अलमारी से सोने की अंगूठी एक जोड़ी सोने के कुड़ल और एक जोड़ी चांदी की पाजेब चोरी हुई मिली, इसके अलावा दस हजार की नगदी चोरी हुई मिली। परिजनो ने तुरंत 112 पर कॉल कर पुलिस को सूचना दी। वही फॉरोसिक टीम ने भी मौकें पर पहुंच जांच शुरू कर दी है। पीड़ित परिजनो ने बताया लगभग डेढ लाख की चोरी हुई है।






# दबंगों से प्लाट को कब्जा मुक्त कराकर दिलवाने की मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** सूजती गांव के एक व्यक्ति ने कलेक्ट्रेट पहुंचकर जिला. धिकारी से शिकायत कर दबंगों से प्लाट को कब्जा मुक्त कराकर दिलवाने की मांग की है। दोघट थाना क्षेत्र के सूजती गांव निवासी सेवाराम ने मंगलवार को करीब 11 बजे जानकारी देते हुए बताया कि उसका गांव में खसरा संख्या 337 में 632 वर्ग मीटर का एक प्लाट है। गांव के ही आधा दर्जन लोगों ने उनके प्लाट पर कब्जा कर लिया है। शिकायत के बाद राजस्व विभाग ने पुलिस बल के साथ प्लाट की पैमाइश कराई गई थी। उसके बावजूद भी उन्हें प्लाट भी घुसने नहीं दिया गया। पीड़ित ने बताया कि करीब दो सालों से प्लाट पर कब्जा दिलवाने के लिए संबंधित अधिका. रियों के दफ्तरों के चक्कर काटकर थक चुका है। उन्होंने कलेक्ट्रेट पहुंचकर जिलाधिकारी से शिकायत कर प्लाट को कब्जा मुक्त कराकर दिलवाने की मांग की है।



## सांकलपुट्टी में ग्राम प्रधान चुनाव की आज होगी वोटिंग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रटौल।** साकंलपुट्टी गांव मे रिक्त ग्राम प्रधान की सीट पर चुनाव बुधवार सुबह शुरू होगा जिसके लिए प्रशासन ने तैयारी पूरी कर ली है।

साकंलपुठी गांव के प्रधान धर्मपाल की नवम्बर 2024 में बीमारी के चलते मौत हो गयी थी जिसके चलते प्रशासन द्वारा मेंबर सचिन को ग्राम प्रधान का कार्यवाहक प्रधान बनाया गया था। बुधवार को गांव मे चुनाव होना है जिसके लिए चार बूथ बनाये गये है और पोलिंग पार्टी भी गांव पहुंच चुकी है। तीन प्रत्याशी रजत, यशवीर और सचिन ग्राम प्रधान का चुनाव लड़ रहे है। गांव में 2175 वोट है जिसके लिए पीठासीन अधिकारी राजेन्द्र सिंह मंडौला को बनाया गया है। गांव के लोग बुधवार सुबह से ही मतदान करेगे और अपने गांव का प्रधान चुनेगे।



# महीनो से वेतन विलंब से मिलने के कारण शिक्षकों ने दिया धरना

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बड़ौत।** नगर के जनता वैदिक कॉलेज के शिक्षकों ने प्राचार्य कार्यालय के सामने कई महीनो से वेतन विलंब से मिलने के कारण शांतिपूर्ण धरना प्रदर्शन किया।

इस दौरान शिक्षक संघ अध्यक्ष डा. देवेंद्र पाल सिंह तोमर ने बताया कि पिछले कुछ समय से उच्च शिक्षा अधिकारी मेरठ द्वारा शिक्षक एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारियों की सैलरी पास करने में उदासीनता बरती जा रही है जिसके कारण शिक्षकों को समय से वेतन नहीं मिल पा रहा है। शिक्षक समय से वेतन न मिलने के कारण आर्थिक सामाजिक एवं मान. सिक परेशानियों का सामना कर रहे हैं। इन परेशनियों के कारण यह धरना प्रदर्शन किया जा रहा है। शिक्षक संघ के सचिव डा.अनुपम तिवारी ने कहा कि वर्तमान में महाविद्यालय के शिक्षक गहरे आर्थिक संकट से गुजर रहे हैं। बताया कि होली का त्यौहार भी नजदीक है। वेतन न मिलने के कारण कहीं न कहीं सभी शिक्षक मानसिक रूप से परेशान है जिससे उनका शैक्षिक कार्य भी प्रभावित हो रहा है। कॉलेज के प्राचार्य डा.बीपी सिंह ने बताया कि क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी कार्यालय मेरठ को शिक्षकों का वेतन समय से भेज दिया गया था। कार्यालय द्वारा यह पत्र निर्गत किया गया था कि जनवरी माह का वेतन बायोमेट्रिक उपस्थिति से ही बनाया जाएगा परंतु कुछ शिक्षकों ने बायोमेट्रिक उपस्थिति दर्ज नहीं की तो उनका वेतन काट लिया गया था जिस पर विचार उच्च शिक्षा अधिकारी को ही करना था। किंतु उच्च शिक्षा अधिकारी ने उपरोक्त प्रकरण में अभी तक कोई भी पत्र नहीं लिखा है। जनता वैदिक शिक्षक संघ ने चेतावनी दी है कि यदि शिक्षकों का वेतन समय पर नहीं आया तो वह क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी मेरठ कार्यालय पर भी शांतिपूर्वक धरना देने के लिए विवश होंगे।



# मारपीट करने वाले आरोपियों की गिरफ्तारी को लेकर पीड़ितों ने की एसपी से शिकायत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** हसनपुर जिवानी के पीड़ित ने मारपीट करने के फरार आरोपितों की गिरफ्तारी को लेकर एसपी से शिकायत करते हुए कार्रवाई की मांग की है।

रमाला थाना क्षेत्र के हसनपुर जिवानी गांव निवासी विवेक ने मंगलवार को करीब साढे 12 बजे एसपी से शिकायत करते हुए बताया कि गत 12 फरवरी को बहन व माता के साथ विपिन, कपिल, शिक्षा और राजीव ने मारपीट कर घायल कर दिया था। उन्होंने रमाला थाना पर मुकदमा दर्ज कराया था। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए विपिन और कपिल को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। जबकि शिक्षा व राजीव की अभी तक गिरफ्तारी नहीं हो पाए है। आरोपित पक्ष लगातार केस में समझौता का दबाव बना रहे है। ऐसा न करने पर जान से मारने की धमकी दे रहे है। पीड़ित ने एसपी से फरार आरोपितों की गिरफ्तारी कराने की मांग की है।



## मौसम में बदलाव से बढ़ रहा बिमारी का खतरा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बड़ौत।** मौसम में बदलाव के कारण ग्रामीण क्षेत्र के लोग बीमारी की चपेट में आ रहे हैं। जहां एक तरफ मौसम अपनी करवट बदल रहा है वहीं ग्रामीण क्षेत्र के लोग बीमारी की चपेट में आ रहे हैं।

मंगलवार को नगर की सीएचसी में बुखार, खांसी, सांस, दर्द से छुटकारा आने वालों की लाइन लगी रही। अस्पताल में लंबी लाइन लग जाने से मरीजों को काफी इंतजार करना पड़ा, वही डॉक्टरों के पास दवाई लेने वाले लोगों की भीड़ लगी रही। इस संबंध में जब सीएचसी प्रभारी डा.विजय कुमार गर्ग से बात की गई तो उन्होंने कहा की मौसम में बदलाव हो जाने के कारण ग्रामीण क्षेत्र के लोग लापरवाही बरत रहे है जिस कारण बीमारी की चपेट में आ रहे हैं मगर जो भी मरीज सीएचसी में आता है उसकी तसल्ली पूर्वक जांच कर कर उपचार किया जाता है। सभी मरीजों को दवाई देकर उन्हें तसल्लीपूर्वक तरीके से दवाई को भी समझाया जाता है।



# पीड़ित बुजुर्ग ने कृषि भूमि में पाइप लाइन दबाने का लगाया आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** उच्च न्यायालय प्रयागराज के आदेश का उल्लंघन कर कृषि भूमि में पाइप लाइन दबाने का आरोप। लूंब के लोगों ने जिलाधिक. ारी से शिकायत करते हुए कार्रवाई की मांग की है।

मंगलवार को करीब 12 बजे बड़ौत तहसील क्षेत्र के लूंब गांव निवासी प्रताप सिंह ने बताया कि सह खातेदारी की कृषि भूमि मौजा लूंब गांव में खसरा संख्या 748 व 750 पर एक वाद उच्च न्यायालय प्रयागराज में विच. ाराधीन है। उन्होंने बताया कि 19 अप्रैल 2023 को उच्च न्यायालय द्वारा यथा स्थिति का आदेश पारित हुआ था। आरोप है कि 18 फरवरी 2025 को विपक्षीगण ने उच्च न्यायालय प्रयागराज के आदेश का उल्लंघन करते हुए भूमि में पाइल लाइन दबा दी। उन्होंने डायल 112 पुलिस को घटना से अवगत कराया, लेकिन पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की। उन्होंने कलेक्ट्रेट पहुंचकर जिला. धिकारी से शिकायत करते हुए भूमि से पाइप लाइन उखाड़वाकर विपक्षीगण के विरुद्ध कार्रवाई कराने की मांग की है।



# फिजिकल एजुकेशन का पेपर देखकर विद्यार्थियों के खिले चेहरे

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** सीबीएसई परीक्षा 12वीं का फिजिकल एजुकेशन का पेपर देखकर विद्यार्थियों के चेहरे खिले और उन्होंने पेपर काफी अच्छा बताया। वहीं 66 विद्यार्थियों ने परीक्षा छोड़ी। सभी केंद्रों पर परीक्षा शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हुई।

जिले में सीबीएसई की परीक्षा कराने के लिए 14 केंद्र बनाए गए हैं। 12वीं के विद्यार्थियों का फिजिकल एजुकेशन का पेपर था। सघन चैकिंग के बाद विद्यार्थियों को तलाशी लेने के बाद अंदर प्रवेश करने दिया। इसमें 3942 विद्यार्थी पंजीकृत थे। इसके बाद परीक्षा शुरू हुई। परीक्षा पर्यवेक्षकों ने कई केंद्रों का निरीक्षण किया और सभी जगह सबकुछ ठीक मिला। पहले दिन 66 विद्यार्थियों ने परीक्षा से दूरी बनाई। सबसे अधिक बड़ौत के जौहर पब्लिक स्कूल में 22 विद्यार्थी परीक्षा से अनुपस्थित रहे। वहीं 10वीं फिजिकल एजुकेशन की तीन केंद्रों पर परीक्षा हुई, जिसमें बड़ौत के कुमकुम मोदी में 81, रेजोनेंस स्कूल में 22 व जौहर पब्लिक स्कूल में एक विद्यार्थियों ने परीक्षा दी। जिला कॉर्डिनेटर रचना जौहर ने बताया कि सभी केंद्रों पर सीसीटीवी कैमरे लगाए थे, ताकि कोई भी विद्यार्थी नकल न कर सकें।



# कुर्डी में दीवारों को बाहर निकालने के लिए किया उत्खनन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बड़ौत।** कुर्डी गांव में टीले पर भारतीय विरासत संस्थान द्वारा कराए जा रहे उत्खनन में खोदाई में कुछ नया नहीं मिला। वहीं टीले पर दिखी दीवारों को जमीन से बाहर निकालने के लिए खोदाई की जा रही है।

टीला सैकड़ों बीघा परिक्षेत्र में फैला हुआ है। इस विशाल टीले पर अब कफी ऐसे साक्ष्य मिलने शुरू हो चुके हैं, जिसकी उम्मीद लगाए जा रही थी। अभी तक की खोदाई में कुछ ट्रेंच से ईटों की बडी दीवारें भी साफ दिखाई देने लगी हैं। इन दीवारों को जमीन से सुरक्षित बाहर निकालने के लिए प्रयास जारी है। टीले पर पहुंचे नए शोधार्थी खोदाई में निकले पुरावशेष को देखकर काफी उत्साहित है। क्योंकि अब इससे एक बात तो स्पष्ट हो गई है कि टीले पर मानव बस्ती मौजूद रही होगी। मानव बस्ती के प्रमाण सभी के सामने आ गए है। इससे ग्रामीण भी टीले का राज जानने के लिए उत्सुक हैं।

वहीं तिलवाड़ा टीले पर भी खोदाई का काम चल रहा है। यहां भी बहुत धीमी गति के साथ काम किया जा रहा है। जिस सफलता की यहां पर उम्मीद जताई जा रही थी। वह अभी तक नहीं मिल पाई है। इसके बाद भी उम्मीद पर उत्खनन कार्य जारी है।



**सूचना**

मेरे पुत्र का आचरण ठीक नहीं है गलत आचरण के चलते मै अपने पुत्र राकिब व उसकी पत्नि आरजू से सम्बंध विच्छेद करते हुए अपनी समस्त चल-अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं भविष्य में अपने किसी भी कृत्य के लिए वे स्वयं जिम्मेदार होंगे। रहीसू पुत्र मुन्शी निवासी पट्टी धीमाना कस्बा टीकरी थाना दोघट तहसील बड़ौत जनपद बागपत।

# अस्पताल में दवाई के लिए घंटोंकरना पड़ रहा इंतजार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** मौसम में परिवर्तन होने से बीमारियों भी फैलने लगी है। मंगलवार को जिला संयुक्त चिकित्सालय में मरीजों की संख्या बढ गई और चिकित्सकों के कक्षों के बाहर मरीजों की लंबी लंबी लाईने लगी रही। मरीजों को दवा लेने के लिए कई कई घंटे प्रतीक्षा करनी पडी।

पिछले कुछ दिनों से मौसम में लगातार परिवर्तन हो रहा है। सुबह शाम की ठंड होने और दिन में गर्मी का अहसास होने से इसका असर लोगों के स्वास्थ्य पर पडने लगा है। जिस कारण अस्पतालों में मरीजों की संख्या भी बढ गई है। मंगलवार को जिला संयुक्त चिकित्सालय में मरीजों की लंबी लंबी लाईनें लगी रही। चिकित्सकों के कक्षों के बाहर मरीजों की भीड रही, जिसमें खांसी, नजला जुकाम, बुखार से पीडित मरीज पहुंचे थे। इसमें कुछ मरीज स्किन से संबंधित भी मिले। चिकित्सकों ने मरीजों से अपने स्वास्थ्य की देखभाल करने की सलाह दी। साथ की स्किन से संबंधित मरीजों को कपडे धूप में सुखाकर पहनने और गीले कपडे न पहनने की सलाह दी। मंगलवार को जिला अस्पताल में करीब 1200 मरीजों की ओपीडी हुई है।



शामली। अस्पताल में खड़े मरीज। छाया शाह टाइम्स

### नहाते समय वीडियो बनाकर वायरल करने की धमकी देने का आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांधला।** थाना क्षेत्र की एक महिला ने थाने पहुंचकर बताया कि गांव निवासी एक युवक ने तीन माह पहले उसकी नहाते समय वीडियों बना ली थी। जिसके बाद से वह समय - समय पर वीडियों वायरल करने की धमकी देकर उसके साथ बालात्कार करता चला आ रहा है। सोमवार का जब महिला के पति कार्य के सिलसिले में हरियाणा गए हुए थे। उसी समय इस्तखार एक बार फिर उसके घर आया तथा उसके साथ जबरदस्ती करने लगा। उसके विरोध करने पर उसके पीडिता के साथ मारपीट करते हुए वीडियों वायरल करने की धमकी देने लगा। आरोपी युवक के उत्पीडन से तंग आकर पीडिता ने थाने पहुंचकर कार्यवाही की मांग की है। पुलिस ने महिला को कार्यवाही का आश्वासन दिया है।

# पहलवानों ने दिखाई अखाड़े में अपनी प्रतिभा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झिंझाना।** कस्बे में आयोजित दंगल में पंजाब, हरियाणा, राजस्थान के साथ साथ उत्तराखंड के पहलवान आकर अखाड़े में कुस्ती के दांव पेंच दिखाकर सभी को अचंभित कर रहे हैं। पहलवानों से उनके दिल की बात जानी कि वह पहलवानी में किस से प्रेरित होकर आए हैं तथा आगे चलकर देश के लिए क्या करने का जज्बा रखते हैं। मंगलवार को कस्बे में आए हरियाणा के रोहतक के पहलवान जतिन ने बताया की वह 5 साल से पहलवानी कर रहा है तथा उसका सपना ओलंपिक में गोल्ड मेडल लाना है उसने अपनी डाइट के बारे में घी दूध बादाम रगड़ा अमला गाजर का मुरब्बा बताया। कैराना के अनीश पहलवान ने बताया कि वह अपने दादा तथा पिता से प्रेरित हैं जो कैराना के बड़े पहलवान में शुमार होते थे, उन्हें देखकर पहलवानी में कदम रखा तथा उभरते नौजवानों को पहलवानी में आगे लाने में वह भरपूर प्रयास कर रहे हैं। अमित पहलवान सासारौली रोहतक हरियाणा से करीब 15 पहलवानों की टीम के साथ आए ने बताया कि वह युवाओं को रेसलिंग में लाकर देश के लिए सोना लाना चाहते हैं तथा वह भी करीब 20 साल से पहलवानी कर रहे हैं। अलग-अलग स्थान पर उन्होंने जनपद स्तरीय से लेकर स्टेट स्तर तक मेडल हासिल किए हैं। पहलवान उमेश कुमार हरियाणा भिवानी से आए ने बातचीत में बताया कि वह अंडर 23 में सीनियर टीम में मेडल जीतकर अपने क्षेत्र का सम्मान बढ़ाया है तथा वह भी ओलंपिक में खेलने का सपना संजोए है। उन्होंने अपनी डाइट के बारे में बताया कि घी, दूध, बादाम रगड़ा, आंवला, गाजर का मुरब्बा तथा शरीर निरंतर तेल की मालिश करना और सबसे महत्वपूर्ण ब्रह्मचर्य को बताया।



झिंझाना। कुश्ती में भिड़ने को तैयार पहलवान।

### शादी का झांसा देकर यौन उत्पीड़न करने के आरोप पर पुलिस जांच में जुटी

**कांधला।** थाना क्षेत्र निवासी एक महिला ने थाने में तहरीर देते हुए बताया कि वह एक भट्टे पर कार्य करती है। कार्य करने के दौरान वहां के मुन्शी ने उसे अपने प्रेम जाल में फंसा लिया तथा बाद में उसे शादी का आश्वासन देकर पिछले काफी समय से उसका यौन उत्पीडन करता रहा। पीडिता अब उससे अपने साथ शादी करने के लिए दबाब बना रही थी तो वह उसे सिर्फ आश्वासन देता रहा तथा अब आकर उसने पीडिता के साथ शादी करने से मना कर दिया। जिसके चलते पीडिता मान. सिक रूप से परेशान है।

# प्रथम चरण के परिणामों को लेकर मेधावी छात्रों को किया सम्मानित

**शामली।** शहर के सेंट आरसी कान्वेंट स्कूल में लायंस ओलंपियाड के प्रथम चरण के परिणामों के अवसर पर पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें मल्टीपल चेयरमैन अरविंद संगल ने बच्चों को सम्मानित किया।

प्रतियोगिताओं को संबोधित करते हुए उन्होने ऐसी प्रतियोगिताऐ बच्चों के बौद्धिक विकास में सहायक होती हैं और इससे विद्यार्थियों का आत्मविश्वास भी बढ़ता है। प्रधानाचार्या उजमा जैदी ने समारोह में विज्ञान, गणित और अंग्रेजी विषयों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को बधाई दी और उन्हें आगे की परीक्षाओं के लिए कड़ी मेहनत करने के लिए प्रेरित किया, उन्होंने लायंस ओलंपियाड के आयोजन के लिए आभार व्यक्त किया। कक्षा 7 से अतिक्ष राणा ने ओलंपियाड परीक्षा में अपने ज्ञान का उजाला फैलाते हुए विज्ञान गणित और अंग्रेजी तीनों परीक्षा में गोल्ड मेडल हासिल कर स्टूडेंट ऑफ द स्कूल का खिताब अपने नाम किया। वही कक्षा 8 से रूही सिंह ने अंग्रेजी और गणित में एवं कक्षा से आरव चौधरी ने मैथ और साइंस में बाजी मारते हुए दोनों ने दोनों सब्जेक्ट में सर्वोत्तम विद्यार्थी के रूप में गोल्ड मेडल प्राप्त किए। अंग्रेजी विषय में कक्षा 7 से दक्ष देशवाल ने सिल्वर और अर्णव चौधरी ने ब्रॉन्ज मेडल जीता। जबकि कक्षा 8 दिव्या गर्ग को सिल्वर और अपेक्षा को ब्रॉन्ज प्राप्त हुआ। विज्ञान में कक्षा 5 से आर्य मलिक ने गोल्ड, अक्षांश नारायण ने सिल्वर और अभिमन्यु बालियान ने ब्रॉन्ज जीता। कक्षा 6 में कृष्णा देशवाल ने सिल्वर और नक्श कुमार ने ब्रॉन्ज हासिल किया। कक्षा 7 में आतिश राणा को गोल्ड, दिव्या सिंह को सिल्वर और अर्णव चौधरी को ब्रॉन्ज मिला। कक्षा 8 में विधाता सिंह ने गोल्ड, कनक देशवाल ने सिल्वर और अनाया ने ब्रॉन्ज मेडल जीता। कक्षा 9 में तै"यबा जैदी ने गोल्ड, धैर्य मित्तल ने सिल्वर और अथर्व शिव ने ब्रॉन्ज जीता। इस अवसर पर अरविंद चौधरी, मनीष मित्तल, अनुपम मित्तल, अजय गोयल, अभिषेक वर्मा, रवि हुड्डा मौजूद रहे।



# शिवभक्तों के आने का सिलसिला शुरू

**शामली।** महाशिवरात्रि पर्व को लेकर हरिद्वार से गंगाजल लेकर शिवभक्तों के आने का सिलसिला शुरू हो गया है। मंगलवार को हरिद्वार से पवित्र गंगाजल लेकर पहुंचे शिवभक्तों की टोलियां शामली शहर से होकर गुजरी।

बम बम भोले के जयकारों का शहर शिवमय हो गया था। आगामी 26 फरवरी को महाशिवरात्रि का पर्व मनाया जाएगा। शिवभक्तों की आस्था का प्रतीक महाशिवरात्रि पर्व नजदीक आते ही हरिद्वार से गंगाजल लेकर शिवभक्तों का आगमन शुरू हो गया है। मंगलवार को हरिद्वार से पवित्र गंगाजल लेकर आने वाले शिवभक्तों की टोलियां शामली शहर से होकर गुजरीं। बम बम भोले के जयकारों से शहर शिवमय हो गया, जहां श्रद्धालुओं की भारी भीड़ ने महाशिवरात्रि की तैयारी का अहसास दिलाया। महा. शिवरात्रि का पर्व को लेकर हरिद्वार से गंगाजल की यात्रा विशेष रूप से शिवभक्तों के लिए महत्वपूर्ण मानी जाती है। श्रद्धालु इस पवित्र जल को शिवालयों में अर्पित करने के लिए जुटते हैं।

मंगलवार को हरियाणा के जींद निवासी 25 शिवभक्तों की टोली शामली से होकर गुजरी, जो हरिद्वार से पवित्र गंगाजल लेकर अपने शिवालयों की ओर बढते जा रहे है।





शामली। कांवड़ लेकर जाते शिवभक्त।

# आदर्श पब्लिक स्कूल में छात्राओं ने किया फूड प्रतियोगिता का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांधला।** कस्बा स्थित आदर्श पब्लिक स्कूल में छात्राओं द्वारा फूड प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का शुभारंभ राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय की प्राचार्या द्वारा किया गया।

कस्बे के आदर्श पब्लिक स्कूल में मंगलवार को फूड प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में छात्राओं ने बढ़ चढ़कर भाग लिया। प्रतियोगिता के दौरान छात्राओं द्वारा विभिन्न प्रकार के भोज्य पदार्थ बनाए गए।

स्कूल परिसर में मौजूद मुख्य अतिथि सहित अभिभावकों और मौजूद लोगों ने छात्राओं द्वारा तैयार भोज्य पदार्थों का स्वाद लिया और छात्राओं की सराहना की। निर्णायक टीम ने प्रतियोगिता में भाग लेने वाली छात्राओं शुमायला,जिया,लवी परी समूह को प्रथम, दुहा,रिया,जिया, पायल,अंजली समूहद्वितीय और इशिका, त्रिशा,प्रिया,नंदनी समूह की तृतीय स्थान पर घोषणा करते हुए छात्राओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया। निर्णायक टीम में प्राचार्या प्रमोद कुमारी, डॉक्टर बृजभूषण, डॉक्टर श्याम, डॉक्टर रामायण में शामिल रहे। सभासद पति अनिल बो. हरा, तेजपाल, चन्दगी, किरणपाल, परवीन ने संयुक्त रूप से छात्राओं को नगद पुरस्कार देकर सम्मानित किया। स्कूल प्रबंधक रविता, प्रधानाचार्य दीपक कुमार ने बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना की। इस दौरान मरियम, फारिया, राजकुमार शर्मा, वैष्णवी, अंकित आदि मौजूद रहे।

# प्रधान पति सहित आधा दर्जन से अधिक लोगों पर दबंगता के चलते मारपीट करने का लगाया आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झिंझाना।** क्षेत्र के गांव डोकपुरा निवासी प्रदीप ने ग्राम प्रधान पति सहित आधा दर्जन से अधिक लोगों पर दबंगता के चलते लाठी-डंडे व असलहे से घर में घुसकर हमला करने का आरोप लगाते हुए तहरीर दी। पुलिस तहरीर के आधार पर मामले की जांच कर रही है।

मंगलवार को गांव डोकपुरा निवासी प्रदीप पुत्र महेन्द्र सिंह ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि हमारे गांव की प्रधान स्वाति पत्नी सुनित है। प्रधानी के चुनाव में दूसरे पक्ष को वोट करने से मौजूदा प्रधान हमसे रंजिश रखता हैं, जिसके चलते रविवार की देर शाम को ग्राम प्रधान पति ने अपने साथियों लाठी-डंडे ओर तमंचे लेकर जबरन घर में घुस गए।घर के बाहर सड़क पर बनी सीढ़ी को जेसीबी मशीन से तोड़ने लगे। जब हमने विरोध किया तो उक्त सभी हमलावरों ने गाली-गलौच करते हुए मारपीट शुरू कर दी तथा पड़ोसी का जबरन दरवाजा खुलवा दिया। मारपीट की आवाज सुनकर ग्रामीणों के आने के बाद हमलावर जान से मारने की धमकी देते हुए चले गए। पीड़ित ने आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने की मांग की है। कोतवाली प्रभारी जितेन्द्र कुमार शर्मा ने बताया डोकपुरा गांव में घर के बाहर पेड़ी तोड़ने की शिकायत ग्रामीण द्वारा एसडीएम को दी गई थी। मामले की जांच कर उचित कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## यश देव भारद्वाज का निधन

**धामपुर।** यश देव भारद्वाज सागर प्रेस वालों का निधन हो जाने का समाचार पाकर ब्राह्मण समाज मे शोक छा गया। लगभग 60 वर्षीय दिवंगत यश देव भारद्वाज कुछ समय से अस्वस्थ चल रहे थे। उनके निधन का समाच. ार मोहल्ला बाड़वान की शास्त्री नगर कॉलोनी वाली गली स्थित आवास पर बड़ी संख्या में पहुंचे प्रतिष्ठित नागरिकों ने दिवंगत के प्रति संवेदना व्यक्त करते हुए परमपिता परमेश्वर से शोक संतृप्त परिवार को इस असहनीय दुख को सहन करने की शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना की। उनकी शव यात्रा में बड़ी संख्या में लोगों की उपस्थित रहे। नहटौर मार्ग स्थित श्मशान घाट पर दिवंगत यश देव भारद्वाज की पार्थिव देह को उनके सुपुत्र सत्यम भारद्वाज ने मुखाग्नि दी।

## ट्रैक्टर ट्राली में घुसी कार

**स्योहारा।** सोमवार की सवेरे यहां मुरादाबाद मार्ग पर उस समय अफरा तफरी मच गई, जब महाकुंभ से वापसी करते हुए ड्राइवर को झपकी आने से उनकी कार ट्रैक्टर ट्राली से टकरा गई। कार में चार लोग सवार थे जो धामपुर जा रहे थे। घायल होने की स्थिति में उन्हें निजी अस्पताल भेजा गया। जहां ऋतिक कुमार पुत्र नितिन कुमार आयु 25 वर्ष थाना धामपुर और अन्य तीन को इलाज के बाद घर भेज दिया गया। हालांकि ट्रेक्टर चालक मौके से फरार हो गया।

## बाघ को ट्रंकुलाइज कर पकड़ा

**कालागढ़।** कॉर्बेट टाइगर रिजर्व की बिजरानी रेंज के कानिया बीट में पेट्रोलिंग गश्त के दौरान बाघ ने श्रमिक गणेश पर हमला कर घायल कर दिया था। गणेश को बचाने के लिए श्रमिकों ने कई राउंड हवाई फायरिंग की। इसके बाद बाघ जंगल की ओर भाग गया। घायल गणेश श्रमिक का इलाज अस्पताल में किया जा रहा है। इससे पूर्व नौ जनवरी को भी संविदा कर्मी पर बाघ ने हमला कर मौत के घाट उतार दिया था, जिससे आसपास के क्षेत्र में दहशत फैल गई थी। बाघ को पकड़ने की मांग जोर से उठने लगी थी। वहीं कॉर्बेट टाइगर रिजर्व के आला अधिकारियों ने हमलावर बाघ को ट्रंकुलाइज कर पकड़ने की सफलता हासिल की। बाघ पकड़े जाने पर क्षेत्र वासियों ने राहत की सांस ली। बाघ को पकड़ने के लिए क्षेत्रवासी कई दिनों से धरना प्रदर्शन कर रहे थे। ग्रामीण प्रेम सिंह की मौत के बाद ग्रामीणों में बाघ को पकड़ने की आवाज उठने लगी थी। जिसको लेकर ग्रामीणों ने धरने प्रदर्शन शुरू कर दिए थे।

## लेखपाल पर अवैध ढंग से जमीन में खनन का आरोप

**बिजनौर।** मौहल्ला जाटान निवासी मनीष कुमार का आरोप है कि क्षेत्र तरीकमपुर के लेखपाल ने एक व्यक्ति से मिलकर उसकी जमीन में अवैध रूप से खनन कराया। उनके द्वारा की शिकायत पर तहसील का स्टाफ इस मामले में लीपापोती कर रहा है और लेखपाल को बचाने में लगा है।

मनीष कुमार का आरोप है कि बिजनौर तहसील के ग्राम तरीकमपुर में गाटा संख्या 825 में 0.371 हैक्टेयर जमीन नीलामी में ली हुई है। यह जमीन 21 जुलाई 2022 को अमल दरामद में उसके नाम आ चुकी है। इसके बावजूद जमीन के पूर्व स्वामी जाहिद हसन से मिलकर लेखपाल रजत चौधरी ने उस जमीन से अवैध खनन करा दिया। तहसील स्टाफ लेखपाल रजत चौधरी को बचाने में लगा है। उल्टी-सीधी जांच रिपोर्ट दे रहा है। मनीष कुमार ने शासन-प्रशासन से सही से जांच कर दोषियों के विरूद्ध कार्यवाही की मांग की है।

### हाईस्कूल में उत्तीर्ण छात्र छात्राओं का हुआ सम्मान समारोह



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** क्षेत्र के गांव लिसाढ स्थित आदर्श विद्या मंदिर जूनियर हाई स्कूल में मंगलवार को उत्तीर्ण छात्र-छात्राओं के सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे रालोद प्रदेश महासचिव विजय कौशिक ने उत्तीर्ण हुए छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया। मंगलवार को क्षेत्र के गांव लिसाढ स्थित आदर्श विद्या मंदिर जूनियर हाई स्कूल में कक्षा 8 तक के बच्चों का सम्मान समारोह आयोजित किया गया। इस दौरान अपनी अपनी कक्षा में बेहतर अंक लाकर उत्तीर्ण हुए छात्र-छात्राओं को मुख्य अतिथि रालोद प्रदेश महासचिव विजय कौशिक ने सम्मानित किया। अपनी अपनी कक्षा में प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले बच्चों को इनाम दिया गया। इस आयोजन में प्रधानाचार्य रविंद्र मलिक और समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

### मावा भट्टी की डीएम से की शिकायत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** मंगलवार को गांव भैंसानी इस्लामपुर निवासी एक व्यक्ति ने डीएम को शिकायती पत्र देकर गांव में अवैध तरीके से मावा भटटी लगाकर गांव में प्रदूषण फैलने का आरोप लगाया है। गांव के गुलबहार पुत्र यामीन ने दिए शिकायती पत्र में कहा कि गांव भैसानी इस्लामपुर में अवैध धूप से मावा भटटी चल रही है, जिससे जहरीला धुआं निकलता है। उससे बच्चे व बुर्जुग बीमार हो रही है। 40-50 किलो दूध से लगभग ढाई कुंतल मावा पाउडर मिलाकर निकाला जा रहा है। मावा खाने वाले वयक्ति के बीमार हो रहे है। उक्त मावा निकालने वाले व्यक्ति को कई बार समझाया गया, लेकिल वह नही माना और गांव में लगातार प्रदूषण फैला रहा है। उन्होने मामले में जांच कराकर कार्यवाही किए जाने की मांग की है।

### प्रधान पर पटवारी के साथ साठगांठ का आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** ग्राम अम्बेहटा याकूबपुर निवासी बाला, ओमी, सावित्री, राम. रती, बबली, ममता, सुरेश, मिथलेश ने बताया कि उनके पट्टे के प्लाट व गांव के पास बंजर पड़ी सरकारी भूमि पर महिलाऐं गोबर, उफले बिटाडा रखने का कार्य करती है। आरोप है कि ग्राम प्रधान व पटवारी आपस में साठ गाठ करके पीडितों से पट्टे में मिले प्लाटो को जबरन खाली करवाने का प्रयास कर रहे है व खाली करने के लिए तरह-2 की धमकी दे रहे है। ग्राम प्रधान के कहने पर पटवारी पीडितों के घर जाकर प्लाट खाली करने की धमकी देता है व गन्दी-2 गाली-गलौच करता है। महिलाओं ने मामले में जांच कराकर कार्यवाही किए जाने की मांग की है।

### फर्जी ई-मेल बनाकर बदनाम करने का आरोप, मुकदमा दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कैराना।** फर्जी ई-मेल आईडी बनाकर डीएम शामली की सरकारी मेल पर मैसेज भेजने के आरोप में पुलिस ने पीड़ित युवक की तहरीर पर मुकदमा दर्ज किया है। क्षेत्र के गांव मन्नामाजरा निवासी कामिल पुत्र रसाला ने कोतवाली पर तहरीर देकर अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। बताया है कि मेरे नाम से लगातार डीएम शामली की ई-मेल से मेल की जा रही हैं, जिससे मेरा कोई लेना देना नहीं है और मैं किसी पारुल नामक महिला को भी नहीं जानता हूं। मेरे नाम का दरूपयोग करके मेरे खिलाफ षड्यंत्र रचा जा रहा है और मेरे नाम से कोई अन्य ई-मेल भेज रहा है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज करके जांच कार्रवाई शुरू कर दी है।

# सात साल पुराने मामले में भाजपा नेता सहित 20 को मिली जमानत



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कैराना।** सात वर्ष पूर्व बिना अनुमाति के बाइक रैली निकालने के आरोप में न्यायालय द्वारा भाजपा नेता विवेक प्रेमी सहित उनके 20 समर्थकों की जमानत याचिका मंजूर की है। विदित रहे कि सात वर्ष पूर्व कोतवाली शामली क्षेत्र में बिना अनुमति के भाजपा नेता विवेक प्रेमी के नेतृत्व में एक बाइक रैली निकाली गई थी। वीडियो के आधार पर कोतवाली शामली में तैनात एक उपनिरिक्षक की और से विवेक प्रेमी सहित 20 समर्थकों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया था। जिसमें दर्शाया गया था कि बिना अनुमति निकाली गई बाइक रैली को मुस्लिम क्षेत्र में भी ले जाया गया था। बाद में विवेचक द्वारा साक्ष्य एकत्रित करते हुए चार्जशीट न्यायालय में प्रस्तु कर दी गई थी। तभी से यह मामला मुख्य न्यायायिक मजिस्ट्रेट के न्यायालय में विचाराधीन चल रहा था। न्ययालय द्वारा गत 14 फरवरी को सभी आरोपियों के खिलाफ वारंट भी जारी किए गए थे। जिसके बाद आज भजपा नेता विवेक प्रेमी अपने समर्थकों के साथ न्यायालय के समक्ष पेश हुए और अपने अधिवक्ता के माध्यम से अपनी दलील रखी। दोनों पक्षों के अधिवक्ताओं के तर्क-वितर्क सुनने के बाद न्ययालय द्वारा सभी आरो. पियों की जमानत याचिका स्वीकर कर ली गई है।

# बुढाना क्षेत्र में छाई स्प्रिंग एंड मेपल्स की लहर

बुढ़ाना। मेपल्स एकेडमी बुढाना में हर वर्ष की तरह इस बार भी स्प्रिंग एंड मेपल्स अभिभावकों के दिलों दिमाग पर छाया रहा। स्प्रिंग एंड मेपल्स की खुशी अभिभावकों के चेहरे पर दिखाई दी। वर्ष में एक बार होने वाले इस वार्षिक महोत्सव का सबको बड़ी बेसब्री से इंतजार था। वह एक बार फिर हमारे बीच प्रस्तुत हुआ।

आयोजन का शुभारंभ विद्यालय के प्रबंधक राजीव गर्ग, एकेडमी की प्रधानाचार्या डॉक्टर गरिमा वर्मा व एकेडमी के उपप्राचार्य क्षितिज श्रीवास्तव द्वारा मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित करके की गई। मां सरस्वती के आशीर्वाद के बाद एकेडमी में अभिभावकों का बड़े जोरों शोरों से स्वागत किया गया। अभिभावकों में हर वर्ष की तरह मेले को लेकर उत्साह दिखाई दिया। मेपल्स एकेडमी के प्रांगण में जहां एक तरफ आए अभिभावकों को अलग-अलग प्रकार के व्यंजनों का लुफ्त उठाते देखा गया तो दूसरी ओर भिन्न-भिन्न प्रकार के खेलों का आनंद उठाते भी देखा गया। अभिभावकों ने अपने भाव प्रकट करते हुए कहा कि हमें यह वर्ष में एक बार आई दिवाली के सामान लगता है और हम इस दिन का इंतजार बड़ी अधीरता के साथ करते हैं और हर साल हमें कुछ नया देखने को मिलता है। जिधर बड़ों ने खाने और खेलों का लुत्फ उठाया वहीं बच्चों को कमांडो नेट, बर्मा ब्रिज व टार्जन स्विंग का लुफ्त उठाते देखा गया। एकेडमी की सजावट और अध्यापकों की मेहनत की सराहना करते हुए अभिभावक काफी उत्सुक दिखाई दिए। हमेशा की तरह विद्यालय में आकर्षण का केंद्र नन्हे मुन्ने बच्चों का नृत्य प्रदर्शन रहा। बच्चों को इस जोश में नाचते गाते देख अभिभावक फूले नहीं समाए। चक धूम धूम, मेरा जूता है जापानी व आज ब्लू है पानी पानी आदि जैसे गानों पर धूम मचाई।प्रतिभागियों की पोशाकें मन मोह लेने वाली थी। एकेडमी में फन एंड फॉलिक का आनंद उठाकर अलग अलग प्रकार के खेल खेलकर आकर्षक इनाम जीते। बच्चों ने परियोजनाओं के माध्यम से अलग अलग विभागों जैसे हिंदी, गणित, सामाजिक विज्ञान, कोमर्स, विज्ञान अंग्रेजी, गेम्स एंड स्पोर्ट्स, फाइन आर्ट्स, कला का प्रतिनिधित्व किया। यहां मुख्य आकर्षण योग, स्केटिंग, मार्शल आर्ट्स रहे। मेपल्स प्रयागराज महाकुंभ व सेल्फी पोइंट अभिभावकों का आकर्षण का केंद्र बने रहे। आयोजन के अंतिम चरण में लक्की ड्रा निकाल 3 विजेताओं को एकेडमी की ओर से आकर्षित उपहार दिये गए।



# बकाया गन्ना भुगतान को लेकर आंदोलन की चेतावनी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**थानाभवन।** किसानों के बकाया गन्ना भुगतान को लेकर किसानों में आक्रोश बढ़ता जा रहा है। किसानों ने अपने हक की लड़ाई को तेज करने के लिए किसान संघर्ष समिति का गठन किया है। समिति की पहली बैठक बुधवार को ग्राम कैडी में होगी, जिसमें आंदोलन की रूपरेखा तैयार की जाएगी। किसानों ने चेतावनी दी कि यदि जल्द से जल्द गन्ना भुगतान नहीं किया गया तो वे बड़े स्तर पर आंदोलन करेंगे। किसान मजदूर संगठन के पदाधिकारियों ने गन्ना भुगतान को लेकर बजाज शुगर मिल प्रबंधन से मुलाकात की। मंगलवार को किसान मजदूर संगठन के जिला अध्यक्ष सुरेश सिंह पुण्डीर, युवा जिला अध्यक्ष शहजाद पुंडीर के नेतृत्व में किसानों के एक प्रतिनिधि मंडल ने बजाज शुगर मिल के वीपी जानेन्द्र वीर सिंह और गन्ना महाप्र. बंधक लेखराज सिंह से मुलाकात की। किसानों ने मांग रखी कि उन्हें नवंबर और दिसंबर महीने का बकाया भुगतान जल्द से जल्द किया जाए।किसानों का कहना है कि जब चीनी मिल ने अपनी चीनी बेच दी है तो फिर गन्ने का भुगतान क्यों नहीं किया जा रहा? किसानों को सिर्फ पांच दिन का भुगतान किया जा रहा है, जबकि अब तक सिर्फ 20 नवंबर तक का ही भुगतान हुआ है। किसानों ने मांग की कि उन्हें एक साथ 15 दिन का भुगतान किया जाए।मिल प्रबंधन की ओर से वी पी जानेन्द्र वीर सिंह ने किसानों को 10 दिन का भुगतान करने का आश्वासन दिया, लेकिन किसानों ने साफ कर दिया कि यदि जल्द से जल्द नवंबर और दिसंबर महीने का पूरा भुगतान नहीं किया गया तो वे बड़े आंदोलन के लिए बाध्य होंगे। इस दौरान प्रतिनिधि मंडल में दफेदार सिंह, इंद्रपाल, सतेंद्र सिंह, नरेश तोमर, शहजाद पुण्डीर, नरेश प्रधान, देशपाल भूरा राव आदि मौजूद रहे। भाकियू भी सक्रिय, गन्ना समिति के सचिव से की मुलाकात



थानाभवन। बैठक कर रणनीति बनाते किसान।

## किसान संघर्ष समिति का गठन



दूसरी ओर, भारतीय किसान यूनियन (भाकियू) के जिला महासचिव धीरज राणा के नेतृत्व में एक अन्य प्रतिनिधि मंडल ने गन्ना समिति कार्यालय में गन्ना समिति सचिव पुष्कर राजवंशी से मुलाकात की। भाकियू पदाधिकारियों ने मांग रखी कि यदि जल्द से जल्द किसानों को गन्ना भुगतान नहीं किया गया तो मिल के खिलाफ न्यायिक कार्रवाई की जाएगी।गन्ना समिति सचिव ने किसानों को आश्वासन दिया कि इस मुद्दे पर उच्चाधिकारियों से वार्ता कर उचित कार्रवाई की जाएगी।

इस अवसर पर किसानों ने किसान संघर्ष समिति का गठन किया और सभी किसान संगठनों से एकजुट होकर संघर्ष में शामिल होने की अपील की। किसानों ने बुधवार को ग्राम कैडी में महापंचायत बुलाने का ऐलान किया, जिसमें आंदोलन की रणनीति तैयार की जाएगी। लवी राणा, सतीश राणा, प्रेम सिंह, संदीप कुमार, देवेंद्र राणा, धीरज राणा सहित बड़ी संख्या में किसान मौजूद रहे।

### किसानों की चेतावनी, बकाया भुगतान नहीं तो होगा बड़ा आंदोलन

किसानों ने साफ कर दिया है कि यदि जल्द से जल्द पूरा बकाया भुगतान नहीं हुआ तो वे मिल के खिलाफ उग्र आंदोलन करेंगे। किसानों का कहना है कि मिल बंद होने का समय नजदीक है और ऐसे में यदि बकाया नहीं दिया गया तो उनकी आर्थिक स्थिति और खराब हो जाएगी। अब देखना यह होगा कि प्रशासन और मिल प्रबंधन किसानों की इस मांग को कितना गंभीरता से लेते हैं।

## हाईवे पर अज्ञात वाहन की टक्कर से कार में सवार दो लोग घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांधला।** थाना क्षेत्र के दिल्ली सहारनपुर नेशनल हाईवे स्थित गांव जसाला के निकट कार में सवार दो लोगों को की कार में अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। कार में सवार दोनों युवक घायल हो गए राहगीरों सुचना 108 एंबुलेंस को दी, 108 एंबुलेंस कर्मचारियों ने उपचार के लिए नगर के राजकीय अस्पताल में भर्ती कराया चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार कर जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। थाना क्षेत्र के गांव भभीसा निवासी अनिल एवं राहुल अपनी कार में सवार होकर किसी कार्य से शामली की ओर जा रहे थे। राहगीरों के अनुसार दोनों लोगों ने शराब पी रखी थी और कार सवार दोनों लोगों ने नशे में होने के कारण अपनी कार हाईवे पर खड़ी कर दी। पीछे से तेज गति से आए किसी अज्ञात वाहन ने कार में टक्कर मार दी कार में सवार दोनों लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों की चीख पुकार सुनकर राहगीरों ने जानकारी 108 एंबुलेंस को दी। एंबुलेंस के कर्मचारियों ने दोनों घायलों को गंभीर अवस्था में नगर के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया।

# परीक्षा केंद्रों को लेकर डीएम ने दिए निर्देश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** माध्यमिक शिक्षा परिषद, उत्तर प्रदेश प्रयागराज द्वारा आयोजित वर्ष 2025 की हाईस्कूल इण्टरमीडिएट बोर्ड परीक्षा की तैयारियों के सम्बन्ध में आज जिला पंचायत के सभागार में जिलाधिकारी शामली अरविन्द कुमार चौहान की अध्यक्षता में जनपद में निर्धारित 35 परीक्षा केन्द्रों के सभी केंद्र व्यवस्थापक बाह्य केंद्र व्यवस्थापक स्टेटिक मजिस्ट्रेट सेक्टर मजिस्ट्रेट तथा जोनल मजिस्ट्रेट की संयुक्त रूप से बैठक आहुत की गई। आयोजित बैठक की अध्यक्षता करते हुए जिला. धिकारी ने समस्त संबंधित को पूरी मुस्तैदी के साथ अलर्ट रहते हुए वर्ष 2025 की हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट की बोर्ड परीक्षा को नकलविहीन एवं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराए जाने के कड़े निर्देश दिए। बैठक में जिला. धिकारी ने निर्देशित करते हुए कहा कि बोर्ड परीक्षा बच्चों के लिए महत्वपूर्ण होती है इसलिए सभी संबंधित अपनी नैतिक जिम्मेदारी कि निर्वाहन करते हुए विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी परीक्षा को शांतिपूर्ण ढंग से नकलविहीन संपन्न कराएंगे।



शामली। दिशा-निर्देश देते जिलाधिकारी।



शामली। बैठक में मौजूद अधीनस्थ अधिकारी।

उन्होंने कहा कि जनपद में अन्य परीक्षाएं भी सकुशल संपन्न हुई है, अतः परीक्षा के .ष्टिगत दिए गए दायित्वों के निर्वाहन किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। बैठक में जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि परीक्षा के दौरान मोबाइल फोन, इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस,उपकरणों सहित पूर्ण वर्जित हैं। इसके लिए प्रॉपर चेकिंग करनी है। बैठक में जिला विद्यालय निरीक्षक जनार्दन सिंह शाक्य व अमित मलिक जी द्वारा बोर्ड परीक्षाओं को लेकर जिलाधिकारी को अवगत कराया गया कि हाईस्कूल इण्टरमीडिएट की लिखित परीक्षाएं जनपद में निर्धारित 35 परीक्षा केन्द्रों पर दो पालियों में प्रथम पाली 8:30 से 11:45 व द्वितीय पाली 2रू00 बजे से 5रू15 बजे तक दिनांक 24-02-2025 से 12-03-2025 के मध्य संपन्न होगी जिसमे हाईस्कूल के 12265 छात्रध्छात्राएं तथा इण्टरमीडिएट के 12123 छात्र छात्राएं दोनों परीक्षा में कुल 24388 निर्धारित 35 परीक्षा केन्द्रों पर परीक्षाएं देगें। उन्होंने अवगत कराया कि उनके द्वारा जनपद में निर्धारित परीषदीय परीक्षा केन्द्रों पर केन्द्र व्यवस्थापक बाह्य केन्द्र व्यवस्थापकों की नियुक्ति कर दी गई है। जनपद के समस्त परीक्षा केन्द्रों पर स्टेटिक मजिस्ट्रेट सेक्टर मजिस्ट्रेट जोनल मजिस्ट्रेट की नियुक्ति हो गई है। जनपद स्तर पर परीक्षाओं के सफल संचालन हेतु कार्यालय जिला विद्यालय निरीक्षक शामली में कन्ट्रोल रूम की स्थापना कर कर्मचारियों की नियुक्ति कर दी गई है एवं सभी 35 परीक्षा केन्द्रों को जनपद एवं राज्य स्तरीय कन्ट्रोल रूम से आनलाईन जोड़ दिया गया है। परिषदीय परीक्षा वर्ष 2025 से सम्बन्धित सभी आवश्यक तैयारियां कर ली गई है। बैठक में एसडीएम कैराना स्वप्निल कुमार यादव, एसडीएम ऊन निधि भारद्वाज, जिला विद्यालय निरीक्षक जेएस शाक्य, अमित मलिक सहित समस्त संबंधित मौजूद रहे।

# टोडा बिजलीघर पर भाकियू का धरना, किसानों ने उठाई मांगें

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चौसाना।** टोडा बिजलीघर पर भारतीय किसान यूनियन (भाकियू) के प्रदेश सचिव जितेंद्र कुमार के नेतृत्व में किसानों ने आज जोरदार धरना प्रदर्शन किया। यह धरना सुबह 10 बजे शुरू हुआ और शाम 4 बजे तक चला। किसानों ने बिजली से जुड़ी विभिन्न समस्याओं को लेकर अपनी मांगें रखीं और प्रशासन से तत्काल समाधान की गुहार लगाई।

किसानों की प्रमुख मांग यह थी कि टोडा गांव में लगी 11 हजारी हाई-वोल्टेज लाइन को हटाकर केवल लाइन लगाई जाए। उनका कहना था कि गांव में नीचे लटक रही बिजली की तारें लगातार जानलेवा साबित हो रही हैं। अब तक कई लोग करंट लगने के कारण अपनी जान गंवा चुके हैं। किसानों ने सरकार से मृतकों के परिजनों को उचित मुआवजा देने की भी मांग की।

इसके अलावा, किसानों ने खेतों में स्मार्ट मीटर लगाने का विरोध किया। उनका कहना था कि ए मीटर किसानों पर अतिरिक्त भार डालेंगे। साथ ही, उन्होंने बिजली विभाग द्वारा किसानों पर दर्ज किए गए फर्जी मुक. दमों को वापस लेने की मांग भी की।

भाकियू के बैनर तले किसान करीब छह घंटे तक टोडा बिजलीघर पर डटे रहे। धरने के दौरान किसानों ने बिजली विभाग की कार्यशैली पर सवाल उठाए और अपनी समस्याओं का शीघ्र समाधान कराने की मांग की।अरविंद कुमार खोडसमा, काल. ूराम राठी, पाल्लेराम, जांबाज खान, सतेन्द्र सहित कई अन्य किसान मौजूद रहे।

करीब 3:30 बजे बिजली विभाग के एसडीओ अनिल कुमार बिजलीघर पहुंचे और किसानों से बातचीत की। उन्होंने किसानों को आश्वासन दिया कि उनकी सभी मांगों को उच्च अधिकारियों तक पहुंचाया जाएगा और जल्द से जल्द समाधान कराया जाएगा। एसडीओ के आश्वासन के बाद किसानों ने उन्हें ज्ञापन सौंपा और धरना समाप्त किया।



चौसाना। टोडा बिजलीघर पर रणनीति बनाते किसान।

## छत से गिरकर युवक हुआ गंभीर रूप से घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांधला।** थाना क्षेत्र के गांव कनियान निवासी सोनू पुत्र कृष्णपाल ने सोमवार की रात शराब का सेवन किया हुआ था। परिजनों के अनुसार युवक शराब के नशे में मकान की छत पर चढ़ गया। मकान की छत पर चढ़ने के दौरान युवक का संतुलन बिगड़ गया और वह मकान की छत से नीचे गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल की चीख-पुकार सुनकर परिजनों ने गंभीर अवस्था में नगर के राजकीय अस्पताल में उपचार के लिए भर्ती कराया। चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार कर गंभीर अवस्था में मेरठ मेडिकल के लिए रेफर कर दिया है। युवक की हालत गंभीर बनी हुई है।

## रोडवेज ने एडवोकेट की कार में मारी टक्कर, हंगामा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कैराना।** अपनी आल्टो कार से कचहरी आ रहे एडवोकेट पारस की कार में हरियाणा रोडवेज बस ने टक्कर मार दी।जिसके बाद मौके पर हंगामा शुरू हो गया। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर हरियाणा रोडवेज बस परिचालक को हिरासत में ले लिया।बाद में दोनों पक्षों में समझौता होने के बाद मामले को रफा दफा कर दिया गया।

मंगलवार की सुबह गांव लिलौन निवासी एडवोकेट पारस अपनी निजी आल्टो गाड़ी संख्या यूपी 19 पी 9394 से कचहरी में आ रहे थे,जैसी ही वह मुख्य मार्ग पर स्थित खण्ड विकास कार्यालय के सामने पहुंचे तो शामली की ओर से आ रही तेजरफ्तार हरियाणा रोडवेज बस संख्या एच आर 67 जी 8102 ने उनकी गाड़ी में टक्कर मार दी। आरोप है कि जब हरियाणा रोडवेज चालक से इस संबन्ध में बातचीत की गई तो वो अभद्रता पर उतर आया और स्वंय ही परिचालक के कपड़े फाड़कर एडवोके के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराने की धमकी दे डाली। सूचना मिलते ही कचहरी परिसर से साथी एडवोकेट मौके पर पहुंच गए और हंगामा शुरू हो गए। दोनों पक्षों के बीच तीखी नोक झोंक होने लगी। इस दौरान मार्ग पर वाहनों की लंबी लाइन लग गई। हंगामे की सूचना मिलते ही उपनिरीक्षक आनंद कुमार पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और मामले को शान्त कराते हुए परिचालक को पकड़कर कोतवाली ले आए और हरियाणा रोडवेज बस को भी कोतवाली के बाहर लाकर खड़ा कर दिया। जिसके बाद दोनों पक्षों में आपसी समझौता होने के बाद मामले को रफा दफा कर दिया गया है।

# शिव के अवतरण दिवस का यादगार पर्व महाशिवरात्रि: सुनिता दीदी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**थानाभवन।** मंगलवार को प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय की स्थानीय शाखा सरस्वती बिहार में त्रिमूर्ति शिव जयंती महोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें शोभा यात्रा का शुभारभ पूर्व कैवनेट मंत्री सुरेश राणा ने झंडी दिखा कर किया इस अवसर उन्होंने शिव रात्री पर जागरण की प्रथा, शिव को सहज प्राप्त करने की सहज विधी ,शिव का रात्री से क्या सम्बंध के विषय मे बताया , पानीपत से आई सुनिता दीदी ने शिवरात्रि के आध्यात्मिक रहस्य को स्पष्ट करते हुए बताया कि शिव का अर्थ है श्कल्याणकारीश शिव के साथ जुड़ी हुई रात्रि आध्यात्मिक रहस्यों की ओर संकेत है हमारे यहां बच्चे का जन्म अगर रात को भी होता है तो भी उसका जन्मदिन मनाते हैं परंतु शिव के साथ ही रात्रि का त्यौहार उस समय से मनाया जाता है जब यह सृष्टि विकारों के वशीभूत होकर अज्ञान अंधकार में होती है। तब पतित पावन परमपिता परमात्मा शिव इस सृष्टि में जन्म लेते हैं। शामली सेवाकेंद्र प्रभारी सुरभी दीदी ने कहा कि यह शिवरात्रि का पर्व हम सभी मनुष्य आत्माओं को एक साथ मिलकर के मनाना चाहिए क्योंकि परमात्मा शिव हम सब आत्माओं के पारलौकिक पिता है। बुढाना सेवाकेंद्र प्रभारी ममता दीदी ने कहा कि शिव पर अक-धतूरा नहीं अपनी बुराइयां अर्पण करें। नगर प्रभारी सुषमा दीदी ने कहा- भारत में 12 ज्योर्तिलिंगम प्रसिद्ध है और गली-गली में शिवालय बने हुए हैं इससे स्पष्ट होता है कि परम. पिता परमात्मा शिव इस सृष्टि पर आए हैं और विश्व कल्याण का कार्य किया है। कंडैला से आई बबीता दीदी ने परमात्मा शिव के गीत सुनकर सभी में उत्साह भर दिया। मंच संचालन बी।के। सुषमा बहन ने किया। कार्यक्रम में नन्हे मुन्ने बच्चों ने व्यसन मुक्त भारत, ड्रामा नाटिका कर सभी को यह संद. ेश दिया की नशा हमारे जीवन को खराब कर देता है कार्यक्रम के पश्चात शोभा यात्रा का पूर्व कैवनेट मंत्री ने हरी झंडी दिखा शुभारम्भ किया शोआ यात्रा चरथावल बस स्टैन्ड प्रताप चौक , चौक बाजार शामली बस स्टैन्ड, दिल्ली सहारनपुर रोड़ होती हुई सरस्वति बिहार समाप्त हुई। कार्यक्रम के अंत में सभी ने शिव ध्वज फहराकर परमात्मा शिव के ध्वज के नीचे प्रतिज्ञाएं की। कार्यक्रम में पूर्व कैवनेट मंत्री की पत्नि नीता राणा ,गुलशन ,सोमपाल ,प्रवीण कुमार अमित कुमार रजत कुमार ,आदि बड़ी सख्या मे श्रद्धालु उपस्थित रहे।





थानाभवन। शिव जी का अवतरण दिवस मनाते हुए व सुरेश राणा का स्वागत करती हुई। छाया शाह टाइम्स

## एक नजर

### तमंचा व कारतूस के साथ युवक गिरफ्तार


**शाह टाइम्स संवाददाता**



**कैराना।** पुलिस ने चेकिंग के दौरान एक व्यक्ति को 315 बोर के अवैध तमंचा व एक जिंदा कारतूस के साथ गिरफ्तार किया है। मंगलवार को कैराना कोतवाली पुलिस नगर क्षेत्र में सुरक्षा एंव शांति के दृष्टिगत गश्त पर थी कि इसी दौरान एक संदिग्ध व्यक्ति आता दिखाई दिया। शक होने पर पुलिस ने उसे टोका तो वह फरार होने का प्रयास करने लगा,लेकिन पुलिस ने उसे से पकड़ लिया। तलाशी के दौरान उसके कब्जे से 315 बोर का एक अवैध तमंचा व एक जिंदा कारतूस बरामद हुआ है। पकड़े गए व्यक्ति ने अपना नाम व पता इन्तिजार पुत्र लियाकत निवासी गांव गंदराऊ बताया है। पुलिस ने संबंधित धाराओं में अभियोग दर्ज कर चालानी कार्रवई करते हुए उसे जेल भेज दिया है।

### 13 ग्राम अवैध स्मैक के साथ पकड़ा

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**कैराना।** पुलिस ने चेकिंग के दौरान एक व्यक्ति को 13 ग्राम अवैध स्मैक के साथ गिरफ्तार कर चालानी कार्रवाई की है। मंगलवार को कैराना कोतवाली पुलिस नगर क्षेत्र में सुरक्षा एंव शांति के दृष्टिगत गश्त पर थी कि गोगवान बाईपास रोड पर चेकिंग के दौरान पुलिस टीम को एक संदिग्ध व्यक्ति आता दिखाई दिया। शक होने पर पुलिस ने इस व्यक्ति को रूकने का इशारा किया तो वह जंगल के रास्ते भागने का प्रयास करने लगा। लेकिन पुलिस ने उसे सीता की टड्बवेल के पास से दबोच लिया। तलाशी लेने पर उसके कब्जे से 13 ग्राम अवैध स्मैक बरामद हुई।पकड़े गए युवक ने अपना नाम व पता अरशद उर्फ काला पुत्र शब्बीरा निवासी गांव गोगवान बताया है। पुलिस ने संबंधित धाराओं में चालानी कार्रवाई करते हुए उसे न्यायालय के समक्ष पेश किया,जहां से न्यायिक अभिरक्षा में उसे जेल भेज दिया गया है।

### बिडौली पुलिस ने डोडा पोस्त सहित युवक दबोचा

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**झिंझाना।** बिडौली पुलिस ने एक मादक पदार्थ तस्कर को गिरफ्तार किया, जिसके कब्जे से करीब पांच किलो अवैध डोडा चूर्ण बरामद किया। पुलिस ने पकड़े गए तस्कर के खिलाफ मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है। मंगलवार को पुलिस बिडौली पुलिस द्वारा चलाए गए चौकिंग अभियान के दौरान बिडौली चौसाना मार्ग के निकट से पुलिस ने एक मादक पदार्थ तस्कर जुबैर पुत्र हारून निवासी ग्राम सींगरा थाना झिंझाना को गिरफ्तार किया। जिसकी तलाशी लेने पर करीब पांच किलो अवैध डोडा चूर्ण बरामद हुआ। चौकी इंचार्ज अजयपाल ने कहा कि पूछताछ में पकड़े गए डोडा पोस्त तस्कर ने ट्रक चालकों से डोडा खरीद कर राह चलते नशे के आदि लोगों को बेचना बताया। पुलिस ने तस्कर के खिलाफ सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत कर जेल भेज दिया।

### दुष्कर्म में वांछित गिरफ्तार

**शामली।** थाना कोतवाली शामली क्षेत्रान्तर्गत युवती को बहला फुसलाकर ले जाकर खाने में नशीला पदार्थ मिलाकर दुष्कर्म करने के सम्बन्ध में पीडिता द्वारा लिखित तहरीर दी गई थी। दाखिला तहरीर के आधार पर थाना कोतवाली शामली पर सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत किया गया था । उपरोक्त घटना की विवेचना अपराध शाखा जनपद शामली के द्वारा की जा रही थी। पुलिस अधीक्षक शामली रामसेवक गौतम के आदेशानुसार चलाए जा रहे महिलाओं के विरूद्ध अपराध की रोकथाम एवं महिला अपराधों से संबंधित वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक शामली के निर्देशन तथा क्षेत्राधिकारी नगर के निकट पर्यवेक्षण में थाना कोतवाली शामली पुलिसध्अपराध शाखा द्वारा युवती को बहला फुसला कर ले जाकर नशीला पदार्थ मिलाकर दुष्कर्म करने के मामले में वांछित 1 अभियुक्त को गिरफ्तार करने में महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त की है । गिरफ्तारी के सम्बन्ध में थाना कोतवाली शामली पर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है। गिरफ्तार अभियुक्त मोहित कुमार संगल पुत्र नरेश चन्द्र संगल निवासी मौहल्ला फव्वारा चौक काम्बोज वाली गली थाना कोतवाली शामली जनपद शामली है।

### अभियुक्त को 20 वर्ष का कारावास

**शामली।** 29.10.2017 को असलम पुत्र नसीर निवासी मौहल्ला जोगियान थाना थानाभवन ने अपनी नाबालिग पुत्री के साथ दुष्कर्म करने के सम्बन्ध में अभियुक्तगण 1. उस्मान पुत्र शमशाद 2. सोनू पुत्र उमरद्दीन निवासीगण मौहल्ला जोगियान थाना थानाभवन जनपद शामली के विरुद्ध थाना थानाभवन पर मुकदमा पंजीकृत किया गया था। थाना थानाभवन पुलिस द्वारा अभियुक्त उस्मान व सोनू को गिरफ्तार कर उसके विरुद्द समस्त साक्ष्य संकलित कर आरोप पत्र माननीय न्यायालय प्रेषित किया गया था । जनपद शामली पुलिस द्वारा की गई प्रभावी पैरवी के क्रम में न्यायालय एडीजे स्पेशल जज प्रथम पोक्सो एक्ट मुजफ्फरनगर द्वारा अभियुक्त उस्मान को धारा 376 भादवि व 5/6 पोक्सो एक्ट में 20 वर्ष का कठोर कारावास सजा व 20,000/-रुपए के अर्थदण्ड, अर्थदण्ड अदा न करने पर 6 माह के अतिरिक्त कारावास की सजा व अभियुक्तगण उस्मान व सोनू को धारा 363 भादवि में 5 -5 वर्ष के कारावास की सजा व 5000-5000- रुपए के अर्थदण्ड, अर्थदण्ड अदा न करने पर 1 माह के अतिरिक्त कारावास की सजा की सजा का प्रावधान किया गया है।

### गो हत्या में आरोपी को दिया अर्थदंड

**शामली।** वर्ष 1992 में अभियुक्त अकरम पुत्र रफीक निवासी मौहल्ला अकबराबाद कस्बा व थाना बिजनौर के विरुद्ध थाना कैराना पर मुकदमा गोवध अधिनियम पंजीकृत किया गया था। न्यायालय सीजोएसडी सीजेएम कोर्ट कैराना शामली द्वारा अभियुक्त अकरम उपरोक्त को उपरोक्त धारा में जेल में बिताई गई अवधि की सजा व 1000/-रुपए अर्थदण्ड, अर्थदण्ड अदा न करने पर 7 दिवस के अतिरिक्त कारावास की सजा का प्रावधान किया गया है।

### किसान दिवस का आयोजन 19 को

**शामली।** उप कृषि निदेशक शामली, प्रमोद कुमार द्वारा जनपद शामली के समस्त सम्मानित कृषक भाईयों, कृषक संगठनों एवं सम्बन्धित विभागीय अधिकारियों को सूचित किया जाता है कि किसान दिवस का आयोजन दिनांक 19.2.2025 दिन बुधवार को अपराह्न 12:00 बजे से कलेक्ट्रेट सभागार कक्ष द्धशामलीऋ में मुख्य विकास अधिकारी/जिलाधिकारी की अध्यक्षता में आयोजित किया जाएगा। उनके द्वारा समस्त सम्बन्धित से अनुरोध किया गया है कि वह आयोजित होने वाले किसान दिवस में समय से प्रतिभाग करने का कष्ट करें।

### दलित समाज को मिला अंत्येष्टि स्थल, निर्माण कार्य हुआ शुरू।

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**थानाभवन।** थानाभवन के ग्राम भैंसानी इस्लामपुर में दलित समाज काफी लंबे समय से अंतएष्टि स्थल के निर्माण के लिए प्रयासरत था जो अब थानाभवन विधायक अशरफ अली की निधि से बनकर तैयार होगा।मालूम हो कि यहां कुछ परिवार अनुसूचित हैं जिनके पास श्मशान तक जाने के लिए रास्ता भी नहीं था जिसे जिला पंचायत सदस्य नीरज सैनी ने बनवाया था।लेकिन अभी भी उक्त ग्रामीण खुले में शव को फूंकने को मजबूर थे कई बार बरसात के दिनों में बड़ी मुश्किलों का सामना करना पड़ता था।इसी समस्या को लेकर ग्रामीण थानाभवन विधायक अशरफ अली से मिले जिसे अब स्वीकृति मिल गई है जल्दी ही अंतएष्टि स्थल बनकर तैयार हो जाएगा। विधायक अशरफ अली के निर्देश पर अभिषेक राणा ने मौके पर पहुंचकर कार्य का जायजा लिया और विधायक निधि से होने वाले कार्य को शुरू कराया, इस अवसर पर ग्रामवासियों में करण सिंह, आसाराम, पल्लू, अंजू , सुभाष, बुद्ध सिंह, रितिक, सागर, राहुल, गोविन्दा, दिनेश,मिंटू आदि लोगों ने रालोद सुप्रीमो जयंत चौधरी और थानाभवन विधायक अशरफ अली का आभार व्यक्त किया।

# एनकाउंटर: रंगदारी मांगने वाले बदमाश को मिली पुलिस की गोली

■ मुठभेड़ में घायल बदमाश सहित तीन गिरफ्तार, पत्थर व्यापारी से मांगी थी रंगदारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मवाना।** कुछ दिन पूर्व पत्थर व्यापारी से रंगदारी मांगने वाला बदमाश पुलिस की गोली का शिकार हो गया। उसके अलावा बदमाश के दो अन्य साथी भी पुलिस के हत्थे चढ़ गए। पुलिस ने सभी आरोपियों को कोर्ट में पेश किया, जहां से उन्हें न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

गौरतलब है कि चार दिन पहले डाकघर वाली गली में टाइल्स-पत्थर का कारोबार करने वाले राजू जैन से तीन बदमाशों ने रंगदारी मांगी थी। इस मामले में व्यापारी ने शादाब उर्फ गोली पुत्र आस मोहम्मद, जुबैर व आमिर के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया था। इंस्पेक्टर मवाना विशाल कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि अटौरा



आमिर जुबैर शादाब

रोड पर मंगलवार तड़के लगभग तीन बजे बदमाशों से पुलिस की मुठभेड़ हो गई। पुलिस की जवाबी फायरिंग में शादाब उर्फ गोलू के पैर में गोली लगने से घायल हो गया। जबकि उसके साथ मौजूद दोनों साथियों जुबैर व आमिर को पीछा कर दबोच लिया गया। बदमाशों के पास से दो तमंचे, कारतूस व एक चाकू बरामद हुआ है। इंस्पेक्टर ने बताया कि शादाब के विरुद्ध थाना मवाना के जानलेवा हमला, लूट, आर्म्स एक्ट आदि धाराओं में दस मुकदमें दर्ज हैं। जबकि जुबैर व आमिर पर भी अपराधिक मामले दर्ज हैं। पुलिस ने घायल बदमाश का उपचार कराया और गिरफ्तार हुए तीनों बदमाशों को कोर्ट में पेश किया, जहां कोर्ट के आदेश पर उन्हें न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

## करंट की चपेट में आने से किशोर की मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**किठौर।** मुंडाली थाना क्षेत्र में करंट की चपेट में आने से 11 वर्षीय बालक की मौत हो गई। बालक का शव एक खेत में पड़ा मिला। वहीं बालक की मौत से परिजनों में कोहराम मच गया। उधर घटना की सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने घटना की जानकारी ली। वहीं परिजनों ने शव का पीएम कराने से इंकार कर दिया। जानकारी के मुताबिक थाना मुंडाली के गांव अजराड़ा निवासी किसान गुफरान का 11 वर्षीय बेटा आबिद सोमवार की शाम घर से पतंग उड़ाने की बात कहकर निकला था। काफी देर तक घर नहीं पहुंचने पर परिजनों ने ग्रामीणों के साथ आबिद की तलाश शुरू की। मंगलवार की सुबह आबिद का शव एक गेहूं के खेत में पड़ा मिला। बताया जाता है कि आबिद के हाथ में मांझा लिपटा हुआ था और पतंग एलटी लाइन में उलझी हुई थी। वही मांझे में दौड़े करंट से आबिद की मौत होना माना जा रहा है। वहीं घटना की जानकारी मिलने पर पहुंची पुलिस ने परिजनों ने पूछताछ की। जिसके बाद परिजनों ने पोस्टमार्टम कराने से इंकार कर दिया। वहीं गमगीन माहौल में शव को सुपुर्द ए खाक किया गया।

## सात मार्च को थाना किठौर परिसर में की जाएगी वाहनों की नीलामी: उप जिलाधिकारी मवाना

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** उप जिलाधिकारी मवाना ने प्रभारी निरीक्षक थाना किठौर को पत्र प्रेषित करते हुये अवगत कराया कि थाना किठौर पर खड़े एक कार, दो टैम्पो, 14 मोटर साईकिल कुल 17 वाहनो की नीलामी 7 मार्च 2025 दिन शुक्रवार को 11 बजे डीएम के आदेश दिनाक आठ फरवरी 2025 के क्रम में गठित समिति के द्वारा थाना किठौर परिसर में की जायेंगी। उक्त समिति में पुलिस क्षेत्रधिकारी, मुख्य कोषाधिकारी द्वारा नामित अधिकारी, सम्भागीय परिवहन अधिकारी द्वारा नामित अधिकारी तथा संबंधित थानाध्यक्ष समिति के सदस्य होंगे। उक्त वाहनों की नीलामी उनकी अध्यक्षता में की जायेगी। उन्होंने बताया कि यह ऐसे वाहन हैं जो काफी समय से परिसर में खड़े है। इनकी नीलामी के आद. ेश हो चुके हैं नीलामी के बारे में लोगों को भी बताया जा चुका है।

## डीएम ने जिला महिला चिकित्सालय का किया निरीक्षण, मचा हड़कंप



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** मंगलवार को डीएम डॉ. वी.के. सिंह द्वारा जिला महिला चिकित्सालय का औचक निरीक्षण किया गया। उन्होंने वहां ओपीडी, इमरजेन्सी वार्ड, जनरल वार्ड, एनआईसीयू आदि को देखा तथा किचन, पंजीकरण काउंटर, मेडिकल स्टोर का जायजा लिया व संबंधित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। उन्होंने खाद्य सामग्री की गुणवत्ता की जांच करते हुये मरीजो को मेन्यू के अनुसार अच्छी गुणवत्ता का भोजन दिये जाने के निर्देश दिये। जिलाधिकारी ने भर्ती मरीजो से उनका हाल जाना तथा तीमारदारो से स्वास्थ्य सेवाओ को लेकर बातचीत की। उन्होंने चिकित्सालय की व्यवस्थाओं पर संतोष व्यक्त किया तथा संबंधित को निर्देशित करते हुये कहा कि मरीजो के साथ अच्छा व्यवहार रखें व उन्हें किसी भी प्रकार की समस्या न होने दें। प्रत्येक मरीज को प्राथमिकता से देखकर उन्हे उपचार दें। उन्होंने शौचालय में साफ-सफाई रखने के निर्देश दिये। इस अवसर पर नगर मजिस्ट्रेट अनिल कुमार सहित जिला महिला चिकित्सालय के चिकित्सक, स्टाफ आदि उपस्थित रहे।

## एक नजर

### चाइनीज मांझे की बिक्री पर प्रतिबंध लगाने की मांग, डीएम को सौंपा ज्ञापन




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** जन एकता सेवा समिति की तत्वाधान में मंगलवार को एक ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंपा गया। जिसमें समिति के कार्यकर्ताओं ने चाइनीज मांझे का विरोध किया है। उनका कहना था कि चाइनीज मांझे से लगातार दुर्घटनाएं हो रही हैं। कई बार इसका विरोध किया गया लेकिन मांझा बेचने वालों पर कोई कार्रवाई नहीं हुई। मांझे से लोगों की गर्दन कट रही हैं। पक्षियों को नुकसान पहुंचाया जा रहा है। इस चाइनीज मांझे के कारण कई लोगों की मृत्यु भी हो चुकी है। उन्होंने कहा कि इस चाइनीज मांझे बेचने वालों पर कार्रवाई की जाए। जिससे लोगों की जान बच सके।

### सरधना पुलिस ने छापा मारकर सात जुआरी पकड़े

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सरधना।** ईदगाह रोड बस्ती में मंगलवार सुबह सरधना पुलिस ने छापा मारकर सात जुआरियों को पकड़ा। बाकी जुआरी पुलिस को चकमा देकर फरार हो गए। पुलिस उनकी तलाश में जुटी हुई है। पकड़े गए जुआरियों के खिलाफ पुलिस ने कार्रवाई की है। ईदगाह रोड बस्ती के लोगों ने पुलिस से शिकायत करते हुए बताया कि बस्ती में बाहरी छोर पर लोग जुआ खेलते हैं। जिसके चलते बस्ती का माहौल खराब हो रहा है। युवा पीढ़ी पर इसका गलत प्रभाव पड़ रहा है। आरोप है कि यदि जुआरियों से इसका विरोध किया जाता था तो वे मारपीट पर उतारू हो जाते थे। इसी से परेशान होकर बस्ती के लोगों ने पुलिस से शिकायत की। पुलिस ने मंगलवार सुबह बस्ती में छापा मार दिया। एक स्थान पर दर्जनभर जुआरी जुआ खेलते मिले। पुलिस ने सात जुआरियों को धर दबौचा। जबकि बाकी वहां से फरार हो गए। पकड़े गए जुआरियों से पुलिस पूछताछ में जुटी हुई थी। खबर लिखे जाने तक उनका चालान नहीं हो पाया था। थाना प्रभारी निरीक्षक प्रताप सिंह ने बताया कि बस्ती के लोगों की शिकायत पर ये कार्रवाई की गई है।

### बगलामुखी धाम साकेत में माता मातंगी देवी की प्राण प्रतिष्ठा के बाद भंडारे का आयोजन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** माता बगलामुखी सकेत मन्दिर में 13 फरवरी से चल रहे पांच दिवसीय माता राज राजेश्वरी मातंगी देवी की प्राण प्रतिष्ठा ओर सोमवार को नगर भ्रमण कर मंदिर में स्थापित करने के उपरान्त मंगलवार को मंदिर में हवन पूजन कर विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। मन्दिर पुजारी आचार्य प्रदीप गोस्वामी ने कार्यक्रम में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

## ऑपरेशन शस्त्र में पुलिस ने की कार्रवाई

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** डीआईजी कलानिधि नैथानी के नेतृत्व में पुलिस जनपद में सराहनीय कार्य कर रही है। इसी के चलते परिक्षेत्र के जनपदों में चलाए जा रहे ऑपरेशन शस्त्र के अन्तर्गत जनपद मेरठ के थाना मवाना पुलिस द्वारा तीन अभियुक्त दो अवैध तमंचा मय कारतूस सहित गिरफ्तार किये हैं। वहीं बुलन्दशहर के थाना सलेमपुर व थाना सिकन्द्राबाद 02-02 अभियुक्तगण एवं थाना नरौरा में 01-01 अभियुक्तगण अवैध तमंचा मय कारतूस सहित गिरफ्तार किया है। इसके अलावा जनपद हापुड़ के थाना हापुड़ देहात व थाना बहादरगढ़ 01-01 अभियुक्त गण अवैध तमंचा सहित गिरफ्तार किया है। थाना मवाना क्षेत्रान्तर्गत व्यापारी से फिरौती मांगने वाले 25000-25000 रुपये के ईनामी बदमाश की पुलिस मुठभेड़ के दौरान एक बदमाश गोली लगने से घायल सहित तीन बदमाश गिरफ्तार कर उनके कब्जे से दो अवैध तमंचे मय कारतूस व एक चाकू बरामद हुआ है। वहीं अन्य थानों में भी कार्रवाई के आदेश दिये गये है।

## सभासदों ने एसडीएम को ज्ञापन देकर की स्वकर प्रणाली लागू न किए जाने की मांग



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सरधना।** नगर क्षेत्र में लागू की जा रही स्वकर प्रणाली का विरोध थमने का नाम नहीं ले रहा है। मंगलवार को सभासदों ने स्वकर प्रणाली के खिलाफ लामबंद होकर तहसील में प्रदर्शन किया। इस दौरान उन्होंने एसडीएम को एक ज्ञापन सौंपकर स्वकर प्रणाली लागू न किए जाने की मांग की। मांग पूरी न होने पर आगामी 24 फरवरी से पालिका परिसर में अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन करने की चेतावनी दी।

सभासदों ने बताया कि सरधना नगर पालिका क्षेत्र में स्वकर प्रणाली लागू किया जाना प्रस्तावित है। उन्होंने स्वकर प्रणाली का बोर्ड बैठक में भी विरोध किया था। बताया कि स्वकर प्रणाली लागू होने के बाद जलकर व गृहकर की दरों में बढ़ोतरी होगी। लोग बढ़ती महंगाई से पहले ही परेशान हैं। स्वकर प्रणाली लागू होने के बाद उन पर आर्थिक कठिनाइयां बढ़ जाएंगी। आरोप है कि सरकार की स्वकर प्रणाली लोगों के दैनिक जीवन को प्रभावित करेगी। सभासदों ने एसडीएम से नगर में स्वकर प्रणाली व्यवस्था को वापस लिए जाने की मांग की। ज्ञापन देने वालों में सभासद खालिद, हाजी मन्नान, फरमान अंसारी, मुकेश, दानिस्ता, शकील अहमद, कासिम अंसारी, राहुल पाल, शाहिद, तनिका जैन, फिरदौस, तारिक हसन आदि थे।


## चलती कार में तमंचे संग बनाई पांच युवकों ने वीडियो, जांच में जुटी पुलिस

■ कार में सवार युवक पर हत्या का चल रहा है मुकदमा, आरोपी कुछ दिन पहले ही जेल से छुटकर आया है बाहर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हो रहा है जिसमें कुछ युवक कार में सवार है और चलती कार में पिस्टल और तमंचे लहराकर वीडियो बना रहे है। युवकों ने वीडियो को लाइव भी चलाया। बताया जा रहा है की वीडियो बनाने वाले युवक जेल में बंद थे और हाल ही में जमानत पर छुटे है। वीडियो संज्ञान में आने के बाद पुलिस जांच में जुटी है। पुलिस का कहना है कि वीडियो की जांच की जा रही है, युवकों की पहचान की जा रही है जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

दरअसल मेरठ में सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हो रहा है जिसमें चलती कार में कुछ युवक तमंचा और पिस्टल के साथ वीडियो बनाते नजर आ रहे है। बाकायदा वीडियो बनाने वाले युवक कहते नजर आ रहे हैं कि वीडियो लाइव चल रहा है। हर्ष तोमर नाम की आईडी से वीडियो लाइव किया जा रहा है। कार में पांच युवक बैठे हुए दिखाई दे रहे हैं। बताया जा रहा है कि युवकों ने तमंचे और पिस्टल के साथ वीडियो बनाई और सोशल मीडिया पर लाइव प्रसारित की। बताया जा रहा है कि हर्ष तोमर 10 दिन पहले ही हत्या के प्रयास की एक



मामले में जेल से रिहा हुआ है। वीडियो में कुछ अपशब्द का प्रयोग भी किया जा रहा है। वीडियो संज्ञान में आने के बाद पुलिस वीडियो की जांच में जुट गई है पुलिस वीडियो के आधार पर युवकों की पहचान कर कार्रवाई की बात कह रही है। वहीं इस मामले में मेरठ के एसपी सिटी आयुष विक्रम का कहना है कि कार में पिस्टल और तमंचे लहराते हुए वीडियो संज्ञान में आया है जो कि मेरठ के कंकडखेड़ा थाना क्षेत्र की बताई जा रही है, आरोपियों की पहचान कर मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की जाएगी।

## एसडीएम के खिलाफ अधिवक्ताओं ने दिया धरना

### सरधना बार एसोसिएशन ने खेद प्रकट न करने पर दी तालाबंदी की चेतावनी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** मंगलवार को सरधना बार एसोसिएशन ने एसडीएम कोर्ट के समक्ष धरना प्रदर्शन किया। बार एसोसिएशन के अध्यक्ष कुलदीप त्यागी के नेतृत्व में धरना प्रदर्शन कर रहे अधिवक्ताओं ने एसडीएम नारायणी भाटिया के व्यवहार के प्रति नाराजगी व्यक्त की। अधिवक्ताओं का आरोप है कि एसडीएम का व्यवहार उनके प्रति ठीक नहीं रहता है। दोपहर के समय सभी अधिवक्ता एक होकर एसडीएम कोर्ट के समक्ष कुर्सी बिछाकर धरने पर बैठ गए। इस दौरान कोर्ट के समक्ष उन्होंने एसडीएम के विरुद्ध जमकर नारेबाजी भी की।



इसी अवसर पर एक सभा का आयोजन भी किया गया। सभा के दौरान अधिवक्ताओं ने आरोप लगाया कि एसडीएम नारायणी भाटिया का व्यवहार उनके प्रति ठीक नहीं रहता है। अधिवक्ताओं ने दोपहर बाद दो बजे तक धरना प्रदर्शन करने के बाद घोषणा की, कि अगर एसडीएम ने अपने व्यवहार को लेकर खेद प्रकट नहीं किया, तो बुधवार को एसडीएम कोर्ट में ताले लटका दिए जाएंगे। इस संबंध में बार अध्यक्ष कुलदीप त्यागी ने कहा कि वह कई दिनों से सांके. तिक रूप से अपना विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं, इसके बावजूद एसडीएम ने अपने व्यवहार में कोई परिवर्तन नहीं किया है। बताया गया है कि सरधना बार एसोसिएशन और एसडीएम के बीच कई दिनों से विवाद चल रहा है। अधिवक्ताओं का आरोप है कि एसडीएम उनके साथ ठीक से व्यवहार नहीं करती हैं। इस मामले में कई बार शिकायतें भी की जा चुकी हैं, लेकिन कोई समाधान नहीं निकला है। धरना प्रदर्शन के दौरान मलखान सैनी, सय्यद आरिफ अली, प्रशांत त्यागी, विशेष कौशिक, वेदपाल, मोहित शर्मा, आरिफ मिर्जा, रविंद्र कुमार, प्रमोद सिंघल, ब्रजपाल शर्मा, अरविन्द सिंह, राकेश मीणा, ब्रह्मानंद शर्मा, सुनील उपाध्याय, सतवीर सिंह, नितिन चांदना, पियूष त्यागी, सुनील उपाध्याय, शबाना मालिक, पोयम चंदेल, मना. ेरमा गौतम, समेत अनेक अधिवक्ताओं ने अपने विचार व्यक्त किए। दूसरी ओर एसडीएम नारायणी भाटिया का कहना है कि उनकी ओर से किसी भी अधिवक्ता के प्रति कोई ऐसा व्यवहार नहीं किया गया है जिसकी शिकायत की जाए। अधिवक्ता बराबर उनके कोर्ट में आकर अपना काम कर रहे हैं। अगर किसी अधिवक्ता को व्यक्तिगत रूप से कोई शिकायत है तो वह उनसे मिलकर अपनी बात रख सकते हैं।

## भाजपा नेता ने सीएमओ के खिलाफ खोला मोर्चा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** भाजपा नेता अंकित चौधरी के नेतृत्व में डीएम के माध्यम से मुख्यमंत्री को स्वास्थ्य विभाग में हो रहे घोटालो व मुख्य चिकित्सा अधिकारी और उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. महेश चंद्रा के द्वारा वित्तीय नियमावली को ताक पर रख कर कार्य करने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि जनपद मेरठ में हो रहे भ्रष्टाचार की शिकायत पूर्व में भी शासन से की गई थी तब सीएमओ मेरठ द्वारा अपनी गलती को स्वीकार करते हुए शासन से आई जांच को संतुष्ट करने के लिए लगभग 3 करोड़ रुपए के आदेशों को निरस्त किया गया था। जांच के उपरांत शासन को धोखा देने के लिए जो टेंडर डाले गए थे, उनको अपने पक्ष में शासन में जांच रिपोर्ट भेजकर उन्हें पुन: निरस्त कर दिया गया है। सीएमओ मेरठ द्वारा अपनी मनमानी एवं जनपद में अवैध वसूली करने के लिए अपने पसंदीदा डॉक्टर महेश चंद्र जोकि डिप्टी लेवल के होते हुए भी एसीएमओ लेवल के सभी चार्ज पीसीपीएनडी, झोलाछाप, सीएमएसडी, रजिस्ट्रेशन, प्राइवेट एंबुलेंस फिटनेस, परिवहन विभाग हेतु मेडिकल फिटनेस सर्टिफिकेट दिए हुए हैं जिसका उन्होंने विरोध कर कार्रवाई की मांग की है।

## क्रिटिकल थिंकिंग और इनोवेशन डिजाइन का उद्घाटन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** शोभित इंस्टीटयूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी डीम्ड-टू-बी यूनिवर्सिटी, मेरठ में सू एआईसीटी द्वारा आयोजित डिजाइन थिंकिंग, क्रिटिकल थिंकिंग और इनोवेशन डिजाइन' विषय पर एक सप्ताहीय आइडिएशन वर्कशॉप का भव्य उद्घाटन 18 फरवरी को संपन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ डॉ. लोमस कुमार तोमर कार्यक्रम समन्वयक के स्वागत भाषण से हुआ, जिसमें उन्होंने सभी गणमान्य अतिथियों, विशेषज्ञ प्रशिक्षकों और विद्यार्थियों का हार्दिक स्वागत किया। उन्होंने वर्कशॉप की प्रमुख गतिविधियों और इससे मिलने वाले ज्ञान व कौशल के बारे में विस्तार से जानकारी दी।



प्रो-वाइस चांसलर प्राफेसर डॉ. जयानंद ने अपने संबोधन में नवाचार और डिजाइन थिंकिंग के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि इस तरह के प्रशिक्षण कार्यक्रम विद्यार्थियों को न केवल नए विचारों को मूर्त रूप देने में सहायता करते हैं बल्कि उन्हें एक सफल आविष्कारक और उद्यमी बनने के लिए आवश्यक कौशल भी प्रदान करते हैं। साथ ही, उन्होंने पेटेंट फाइलिंग की महत्ता पर भी चर्चा की और बताया कि यह प्रक्रिया किस तरह नवाचार को बढ़ावा देती है। कानूनी और संवैधानिक अध्ययन संकाय के डीन प्रोफेसर डॉ. प्रमोद गोयल ने बौद्धिक संपदा अधिकार के महत्व पर प्रकाश डालते हुए बताया कि किसी भी नए विचार या नवाचार को कानूनी सुरक्षा कैसे दी जा सकती है और उसे व्यावसायिक रूप से कैसे उपयोग में लाया जा सकता है। कुलपति प्रोफेसर डॉ. वी.के. त्यागी ने अपने संबोधन में इस प्रशिक्षण कार्यक्रम को विद्यार्थियों के डिजाइन थिंकिंग, क्रिटिकल थिंकिंग और इनोवेशन डिजाइन कौशल को विकसित करने के लिए एक प्रभावी मंच बताया। उन्होंने कहा कि इस तरह के नवाचार आधारित कार्यक्रम विद्यार्थियों की रचनात्मक और उद्यमशील सोच को सशक्त बनाते हैं तथा उनके विचारों को व्यवहारिक समाधान और स्टार्टअप में परिवर्तित करने में सहायक होते हैं। उन्होंने विद्यार्थियों को इस वर्कशॉप के व्यावहारिक सत्रों में सक्रिय रूप से भाग लेने और प्रोटोटाइप डेवेलपमेंट के माध्यम से अपने विचारों को साकार करने के लिए प्रेरित किया। प्रोफेसर त्यागी ने इस कार्यक्रम के आयोजन के लिए डॉ. लोमस तोमर और डॉ. जयंता महतो के प्रयासों की सराहना की और विशेषज्ञ प्रशिक्षकों का भी आभार व्यक्त किया। उन्होंने प्रो. जितेंद्र जाडोन सहित सभी विशेषज्ञों के योगदान की प्रशंसा की।

उद्घाटन सत्र के उपरांत, प्रो. जितेंद्र जाडोन ने कार्यशाला के पहले प्रशिक्षण सत्र का संचालन किया, जिसमें उन्होंने विद्यार्थियों को सॉफ्टवेयर के माध्यम से 3मॉडलिंग की तकनीक समझाई और व्यावहा. रिक अभ्यास करवाया। यह एक सप्ताहीय कार्यशाला विद्यार्थियों को नवाचार, अनुसंधान और तकनीकी विकास के क्षेत्र में नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने के लिए एक सशक्त मंच प्रदान करेगी। यह प्रेस नोट हिंदी में प्रभावी ढंग से तैयार किया गया है, जिससे इसकी रोचकता और महत्व विद्यार्थियों, शिक्षाविदों और मीडिया के लिए स्पष्ट रूप से उभर कर आए।

## कलेक्ट्रेट सभागार में संपन्न हुई जिला सैनिक बन्धु की बैठक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** पूर्व सैनिकों एवं शहीद व दिवंगत सैनिकों की पत्नियों तथा उनके आश्रितों की समस्याओं के निराकरण हेतु जिला सैनिक बन्धु की मासिक बैठक अपर जिलाधिकारी नगर बृजेश सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार मेरठ में आयोजित की गयी। बैठक में अपर जिलाधिकारी ने आदेश किया कि भूतपूर्व सैनिको व उनके आश्रितो के लम्बित मसले खासकर जमीन के विवाद का एक निश्चित समय में निस्तारण किया जाये। अनित कुमार के जमीन से अधिक मिट्टी खनन के जल्द निस्तारण हेतु आदेशित किया गया। उपरोक्त मामलो में मुख्यत: जमीनी विवाद, शस्त्र लाईसेन्स नवीनीकरण, रास्ते सम्बन्धित विवाद व पुलिस सम्बन्धित मामलो पर त्वरित निस्तारण हेतु सम्बन्धित को निर्देशित किया गया। बैठक में सम्बन्धित प्रकरणो को अपर जिलाधिकारी नगर ने निस्तारण हेतु निर्देशित किया।



# चैंपियंस ट्रॉफी: भारतीय खिलाड़ियों को बडी राहत

■ खिलाड़ियों के परिवार को चैंपियंस ट्रॉफी के एक मैच को देखने के लिए मंजूरी दे सकता है बीसीसीआई

**नई दिल्ली, वार्ता।** भारतीय टीम के सदस्यों के लिए चैंपियंस ट्रॉफी से पहले राहत की खबर आई है।

भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) खिलाड़ियों के परिवार को चैंपियंस ट्रॉफी के एक मैच को देखने की मंजूरी दे सकता है। बार्डर-गावस्कर ट्रॉफी में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ खराब प्रदर्शन के बाद बोर्ड ने सख्त रवैया अपनाया था और दौरे पर परिवार के समय को सीमित कर दिया था। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, खिलाड़ियों को परिवार के सदस्यों को स्टेडियम में लाने के लिए बीसीसीआई की मंजूरी लेनी होगी। चैंपियंस ट्रॉफी के दौरान ग्रुप चरण में रोहित शर्मा की अगुआई वाली टीम को बांग्लादेश, पाकिस्तान और न्यूजीलैंड के खिलाफ मैच खेलना है। अगर टीम सेमीफाइनल और फाइनल के लिए क्वालिफाई करने में सफल रही तो दुबई में दो और मैच खेलेगी। बीसीसीआई के एक सूत्र ने इंडिया टूडे के हवाले से बताया, फिलहाल ध्यान टीम बान्डिंग पर है और यह सुनिश्चित करना है कि खिलाड़ी बिना किसी दिक्कत के एक साथ रहें, इसलिए बीसीसीआई ने चैंपियंस ट्रॉफी के दौरान क्रिकेटरों को अपने परिवार के सदस्यों को एक मैच में ले जाने की अनुमति देने का फैसला किया है। हालांकि, यह बोर्ड से मंजूरी मिलने पर ही हो सकता है। खिलाड़ियों को बीसीसीआई को बताना होगा कि उनके परिवार के सदस्य कौन सा मैच देखना चाहते हैं और उस हिसाब से ही मंजूरी दी जाएगी। भारत को न्यूजीलैंड के खिलाफ घरेलू जमीन पर और फिर ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पांच मैचों की टेस्ट सीरीज में हार का सामना करना पड़ा था जिसके बाद बीसीसीआई ने कड़े कदम उठाए थे। हालांकि, यह दिशानिर्देश कभी आधिकारिक रूप से नहीं बताए गए, लेकिन माना जाता है कि बीसीसीआई यह सुनिश्चित करना चाहता है कि खिलाड़ी परिवार के सदस्यों के साथ निजी समय बिताने के बजाए अभ्यास और टीम बान्डिंग पर ध्यान केंद्रित करें।



# चोटिल लॉकी फर्ग्यूसन ट्रॉफी से हुए बाहर

**लाहौर, वार्ता।** न्यूजीलैंड को आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी की पूर्व संध्या पर उस समय बड़ा झटका लगा जब उसके प्रमुख तेज गेंदबाज लॉकी फर्ग्यूसन चोट के कारण टूर्नामेंट से बाहर हो गए हैं। फर्ग्यूसन दाहिने पैर में चोट के कारण आठ टीमों के टूर्नामेंट में नहीं खेल पाएंगे। उनकी जगह न्यूजीलैंड की टीम में तेज गेंदबाज काइल जैमीसन को शामिल किया गया है। फर्ग्यूसन के जाने से चैंपियंस ट्रॉफी में न्यूजीलैंड की उम्मीदों को बड़ा झटका लगा है। इस सप्ताह की शुरुआत में चोट के कारण टीम को तेज गेंदबाज बेन सियर्स टूर्नामेंट से बाहर हो गए और उनकी जगह जैकब डफी को टीम में शामिल किया गया। न्यूजीलैंड के कोच गैरी स्टीड ने कहा कि हम लॉकी के लिए वास्तव में निराश हैं। उन्होंने कहा कि लॉकी गेंदबाजी समूह का एक महत्वपूर्ण हिस्सा थे और उसके पास कई बड़े टूर्नामेंटों का अनुभव है और हम जानते हैं कि वह किसी अन्य प्रमुख आयोजन में न्यूजीलैंड का प्रतिनिधित्व करने के लिए कितना उत्सुक था। हम उसके ठीक होने और जल्द ही वापसी करते हैं। न्यूजीलैंड 19 फरवरी को लाहौर में टूर्नामेंट के पहले मैच में मेजबान पाकिस्तान के खिलाफ चैंपियंस ट्रॉफी में अपने अभियान की शुरुआत करेगा।




फर्ग्यूसन की जगह न्यूजीलैंड की टीम में तेज गेंदबाज काइल जैमीसन को शामिल किया

## थाईलैंड को हराकर दक्षिण कोरिया एएफसी अंडर-20 एशियाई कप क्वार्टरफाइनल में

**शेन्ज़ेन, वार्ता।** दक्षिण कोरिया ने ग्रुप डी में थाईलैंड को 4-1 से हराकर एएफसी अंडर-20 एशियाई कप के क्वार्टरफाइनल में जगह बना ली है। सोमवार को खेले गए मुकाबले में योत्सकोन बुराफा के बॉक्स से बाहर के शॉट ने थाईलैंड को 23वें मिनट में बढ़त दिलाई। इसके बाद दक्षिण कोरिया के यूं डो-योंग ने 32वें मिनट में गोल कर स्कोर 1-1 से बराबर कर दिया। दक्षिण कोरिया के किम ताए-वोन ने 59वें और 86वें मिनट में दो गोल किए। स्थानापन्न पार्क सेउंग-सू की ओर से किये गए चौथे गोल ने दक्षिण कोरिया की जीत पक्की कर दी। इसी के साथ दक्षिण कोरिया ने अंतिम आठ में जगह बना ली हैं। इससे पहले हुए जापान और सीरिया के बीच मुकाबला 2-2 से बराबरी पर छूटा। सीरिया के मोहम्मद अल मुस्तफा ने 10वें मिनट में गोल कर अपनी टीम को बढ़त दिलाई।

## संक्षिप्त खेल समाचार

### डब्ल्यूपीएल:मुंबई ने गुजरात को 120 रनों पर रोका

**वड़ोदरा, वार्ता।** हेली मैथ्यूज (तीन विकेट), नेट सायबर ब्रंट और एमेलिया केर (दो-दो विकेट) की शानदार गेंदबाजी के दम पर मुंबई इंडियंस ने मंगलवार को वूमेंस प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) के पांचवें मुक. ाबले में गुजरात जायंट्स को 120 के स्कोर पर रोक दिया। मुंबई इंडियंस की कप्तान हरमनप्रीत कौर ने टॉस जीतकर पहले गेंदबा. जी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी गुजरात की शुरुआत बेहद खराब रही और उसने एक के बाद एक अपने चार विकेट 28 के स्कोर पर गवां दिये। बेथ मूनी (एक), लॉरा वुलफार्ट (चार), दयालन हेमलता (नौ) और कप्तान एश्ली गार्डनर (10) रन बनाकर आउट हुई। हरलीन देओल और काश्वी गौतम ने पारी संभालने का प्रयास किया। 12वें ओवर में हैली मैथ्यूज ने काश्वी गौतम (20) को आउटकर मुंबई को पांचवी सफलता दिलाई। डिएंड्रा डॉटिन (सात) रन बनाकर आउट हुई। सिमरन शेख (तीन), तनुजा कंवर (13) रन बनाकर आउट हुई। हरलीन देओल ने टीम के साथ सर्वाात्रिक (32) रनों की पारी खेली। उन्हें एमेलिया केर ने आउट किया। सायली सातघरे (13) रन बनाकर नाबाद रही। गुजरात ने निर्त्रारित 20 ओवरों में नौ विकेट पर 120 रन बनाए।

### लखनऊ छावनी में शुरु हुआ डीएडी बैडमिंटन टूर्नामेंट

**लखनऊ, वार्ता।** लखनऊ में 11वें अखिल भारतीय रक्षा लेखा विभाग (डीएडी) बैडमिंटन टूर्नामेंट की विधिवत शुरुआत मंगलवार को हो गयी। सूर्या खेल परिसर (एसकेपी) में टूर्नामेंट का उद्घाटन रक्षा लेखा महानियंत्रक (सीजीडीए) देविका रघुवंशी ने किया। इस मौके पर मध्य कमान के चीफ ऑफ स्टाफ (सीओएस) लेफ्टिनेंट जनरल मुकेश चड्डा, एसके चौधरी, आईडीएएस, हरि हर मिश्रा, आईडीएएस के साथ-साथ सशस्त्र बलों के अन्य वरिष्ठ अधिकारी और सेवानिवृत्त आईडीएएस अधिकारी भी मौजूद थे। इस मौके पर सभी खिलाड़ियों ने बैंड प्रदर्शन के साथ मार्च-पास किया। टूर्नामेंट में कुल 184 खिलाड़ी (127 पुरुष और 57 महिलाएं) भाग ले रहे हैं। टूर्नामेंट को स्पोर्ट्स कोटा श्रेणी,ओपन श्रेणी और आईडीएएस अधिकारी श्रेणी में विभाजित किया गया है। इसमें खेल कोटा के तहत 12 खिलाड़ी , आईडीएएस अधिकारी श्रेणी के तहत 37 अधिकारी और ओपन श्रेणी के तहत 135 खिलाड़ी भाग लेंगे। टूर्नामेंट नॉकआउट आधार पर खेला जाएगा, जिसमें शुरुआती राउंड 30 अंकों के एकल सेट के होंगे। हालांकि, क्वार्टर फ़ाइनल से 21 अंकों के सर्वश्रेष्ठ तीन सेट खेले जाएंगे। आज सभी 83 मैच खेले जा चुके हैं। टूर्नामेंट नॉकआउट आधार पर खेला जाएगा, जिसमें शुरुआती राउंड 30 अंकों के एकल सेट के होंगे। हालाँकि, क्वार्टर फ़ाइनल से 21 अंकों के सर्वश्रेष्ठ तीन सेट खेले जाएंगे।

# भारतीय बॉलिंग कोच मोर्ने मोर्कल स्वदेश लौटे

### पिता का निधन हुआ टीम इंडिया का पहला मैच 20 फरवरी को बांग्लादेश से

**दुबई, वार्ता।** भारत के गेंदबाजी को मोर्ने मोर्कल चैंपियंस ट्रॉफी शुरू होने से ठीक पहले फैमिली इमरजेंसी के कारण स्वदेश लौट गए हैं। बताया जा रहा है कि उनके पिता का निधन हो गया है। हालांकि, इस मामले में बीसीसीआई ने कोई अधिकृत जानकारी नहीं दी है। अभी तक यह भी नहीं बताया गया है कि वे टीम से वापस कब जुड़ेंगे।

चैंपियंस ट्रॉफी बुधवार, 19 फरवरी से शुरू हो रही है। टूर्नामेंट का ओपनिंग मैच पाकिस्तान और न्यूजीलैंड के बीच कराची में खेला जाएगा। भारतीय टीम का पहला मैच 20 फरवरी को बांग्लादेश के खिलाफ दुबई इंटरनेशनल स्टेडियम में खेलेगी। टीम इंडिया के सभी मुकाबले इसी मैदान पर होंगे। सितम्बर-2024 में भारतीय टीम के कोच बने थे मोर्कल को पिछले साल सितंबर में भारत का गेंदबा. जी कोच बनाया गया था। वे शनिवार को भारतीय टीम के साथ दुबई पहुंचे। बुधवार से शुरू हो रही चैंपियंस ट्रॉफी से पहले शुरुआती ट्रेनिंग सत्र में भी मौजूद थे। वे सोमवार को दूसरे प्रैक्टिस सत्र में भारतीय टीम के साथ नहीं थे। चैंपियंस ट्रॉफी के लिए टीम इंडिया रोहित शर्मा (कप्तान), गिल, कोहली, अय्यर, केएल राहुल (विकेटकीपर), पंत (विकेटकीपर), हार्दिक, जडेजा, अक्षर पटेल, वाशिंगटन, हर्षित,शमी, अर्शदीप सिंह, वरुण व कुलदीप यादव।

# रणजी ट्रॉफी : मुंबई को मिला आकाश का सहारा



● दूसरे सेमीफाइनल में शिवम दूबे, सूर्यकुमार और कप्तान रहाणे बल्लेबाजी में पूरी तरह रहे विफल

**नागपुर, वार्ता।** रणजी ट्रॉफी के दूसरे सेमीफाइनल मुकाबले में मंगलवार को शिवम दुबे, सूर्यकुमार यादव और कप्तान अजिंक्य रहाणे बल्लेबाजी में विफल रहे और मुम्बई की लड़खड़ाती पारी को आकाश आनंद का सहारा मिला। बल्लेबाजी करने उतरी मुंबई की शुरुआत खराब रही और उसने आयुष म्हात्रे (नौ) का विकेट गवां दिया। इसके बाद सिद्धेश लाड ने आकाश आनंद के साथ पारी को संभाला। यश ठाकुर ने सिद्धेश लाड (35) को आउटकर इस साझेदारी को तोड़ा। कप्तान अजिंक्य रहाणे (18), शिवम दुबे (शून्य), सूर्यकुमार यादव (शून्य) और शम्स मुलानी (चार) रन बनाकर पवेलियन लौट गए।

दिन का आखिरी विकेट शार्दुल ठाकुर (37) के रूप में गिरा। मुम्बई ने दूसरे दिन का खेल समाप्त होने तक सात विकेट गवां कर 188 रन बना लिए है और वह अभी विदर्भ के पहली पारी में बनाये गए स्कोर से 195 रन पीछे है। स्टंप के समय आकाश आनंद (नाबाद 67) और तनुष कोटियान (नाबाद पांच) क्रीज पर मौजूद रहे। इससे पहले विदर्भ ने कल के पांच विकेट पर 308 रनों के स्कोर से आगे खेलना शुरु किया। आज शार्दुल ठाकुर ने यश राठौड़ (54) को आउटकर मुम्बई को छठी सफलता दिलाई। रॉयस्टन डायस ने अक्षय वड़कर (34) को आउट कर पवेलियन भेज दिया। इसके बाद मुम्बई शिवम दुबे के गेंदबाजी आक्रमण के आगे विदर्भ का कोई भी बल्लेबाज नहीं टिक सका। मुम्बई की गेंदबाजी का आलम यह था कि विदर्भन ने कल के स्कोर में 75 रन जोड़कर अपने पांच विकेट गवां दिया।

### अजहरुद्दीन की नाबाद शतकीय पारी से केरल का विशाल स्कोर

**अहमदाबाद, वार्ता।** मोहम्मद अजहरुद्दीन (नाबाद 149) की शतकीय, सचिन बेबी (69) और सलमान निजार (52) की अर्द्धशतकीय पारियों की बदौलत केरल ने रणजी ट्रॉफी के पहले सेमीफाइनल के दूसरे दिन मंगलवार को सात विकेट पर 418 रन का विशाल स्कोर बना लिया है। केरल ने कल के चार विकेट पर 206 रन आगे खेलना शुरु किया।

सुबह के सत्र की शुरुआत में अरजान नागवासवाला ने सचिन बेबी (69) को आउट कर गुजरात को पांचवीं सफलता दिलाई। इसके बाद बल्लेबाजी करने आये सलमान निजार ने मोर्चा संभाला। दोनों बल्लेबाजों के बीच छठे विकेट के 149 रनों की साझेदारी हुई। विशाल जायसवाल ने सलमान निजार (52) को आउटकर इस साझेदारी को अंत किया। अहमद इमरान (24) रन बनाकर आउट हुए। दिन का खेल समाप्त होने के समय केरल ने सात विकेट पर 418 रन बना लिए हैं।



## ड्रेपर-अल्काराज कतर ओपन के अंतिम-16 में

**दोहा, वार्ता।** स्पेन के दिग्गज टेनिस खिलाड़ी कार्लोस अल्काराज ने क्रोएशियाई टेनिस खिलाड़ी मारिन सिलिक को तथा ब्रिटेन के जैक ड्रेपर ने रूस के एलेक्सी पोपिरिन को हराकर कतर ओपन में अंतिम 16 में अपनी जगह पक्की कर ली है। सोमवार को खेले गए मुकाबले में ब्रिटेन के टेनिस खिलाड़ी ड्रेपर ने कतर ओपन के दूसरे दौर में रूस के एलेक्सी पोपिरिन के खिलाफ 6-2 7-6 (7-4) की जीत दर्ज की। वहीं स्पेन के दिग्गज टेनिस खिलाड़ी कार्लोस अल्काराज ने क्रोएशियाई टेनिस खिलाड़ी मारिन सिलिक को 6-4, 6-4 से हराकर अंतिम 16 में अपनी जगह पक्की की। अगले दौर में अल्काराज का मुकाबला झांग झिझेन या लुका नारदी से होगा। ड्रेपर की भिड़ंत ऑस्ट्रेलियाई क्वालीफायर क्रिस्टोफर ओं कॉनेल के साथ होगी।

### मनु भाकर बनी बीबीसी इंडियन स्पोर्ट्सवुमन ऑफ द ईयर

**नई दिल्ली, वार्ता।** भारत की स्टार महिला निशानेबाज और पेरिस ओलंपिक पदक विजेता मनु भाकर को बीबीसी इंडियन स्पोर्ट्सवुमन ऑफ द ईयर पुरस्कार 2024 से नवाजा गया है।

यहां आयोजित एक समारोह में अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर हुई वोलटग के बाद मनु भाकर के नाम की घोषणा की गई। समारोह में बीबीसी के डायरेक्टर जनरल टिम डेवी और भारतीय मुक्केबाज मैरी कॉम ने मनु भाकर को इस पुरस्कार से सम्मानित किया। पुरस्कार मिलने बाद मनु भाकर ने कहा कि बीबीसी का इस पुरस्कार के लिए शुक्रिया। यह उतार-चढ़ाव वाला सफर रहा है। मैंने बहुत सारे मैच जीते हैं, लेकिन यहां आपके सामने खड़ा होना मेरे लिए गर्व की बात है। उन्होंने इससे ना केवल देश की महिलाओं को बल्कि उन खिलाड़ियों को भी प्रेरणा मिलेगी।

# ब्रिस्बेन ओलंपिक-2032 के लिए मुख्य स्टेडियम की घोषणा मार्च में होगी




**सिडनी, वार्ता।** ऑस्ट्रेलिया क्वींसलैंड प्रांत की सरकार ने मंगलवार को कहा कि ब्रिस्बेन ओलंपिक 2032 और पैरालिंपिक खेलों के लिए मुख्य स्टेडियम के जगह की घोषणा मार्च में की जाएगी। क्वींसलैंड के उप प्रधानमंत्री जारोड ब्लेजी ने बताया कि चर्चा के बाद 25 मार्च को सरकार मुख्य स्टेडियम की जगह बारे में घोषणा करेगी। उन्होंने कहा कि खेलों के लिए बुनियादी ढांचे प्रदान करने के लिए चल रही स्वतंत्र समीक्षा में 08 मार्च को सरकार को अपनी अंतिम रिपोर्ट सौंपने वाली है। रिपोर्ट में इस बात की सिफारिश की जाएगी कि नया स्टेडियम बनाया जाए या नहीं और एथलेटिक्स खेल कहाँ आयोजित किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि क्वींसलैंड के लोग विश्व मंच पर खेलों को लेकर किसी तरह आलोचना नहीं चाहते। उन्होंने कहा कि हम 2032 ओलंपिक और पैरालिंपिक खेलों का आयोजन करेंगे, जिस पर हमारा प्रांत गर्व कर सके और जो हमें विश्व मंच पर एक महान प्रांत के रूप में उभरकर सामने आये।

### श्रीमंत झा ने जीता नॉर्वे पैरा आर्म रेसलिंग कप में रजत पदक

**नई दिल्ली, वार्ता।** पैरा एथलीट श्रीमंत झा ने नॉर्वे पैरा आर्म रेसलिंग कप में 85 प्लस किग्रा वर्ग में रजत पदक जीतकर देश का नाम रोशन किया है। यहां जारी विज्ञप्ति के अनुसार दुनिया के तीसरे और एशिया के नंबर वन आर्म रेशलर श्रीमंत झा ने एशिया पैरा-आर्म रेसलिंग कप 2025 में 85 प्लस किलोग्राम वर्ग में पोलैंड के मार्सिन कैप्लिकी को हराकर रजत पदक अपने नाम किया। पैरा-एथलीट श्रीमंत झा ने अपना रजत पदक महाकुंभ में जान गवांने वाले लोगों को समर्पित किया है। यह टूर्नामेंट 13 फरवरी से 15 फरवरी चला। नॉर्वे के जॉन फेविक ने इस स्पर्धा का स्वर्ण पदक जीता। स्वदेश पहुंचने पर श्रीमंत झा ने कहा कि यह मेरे लिए एक विशेष जीत है। मैं हर एक मैच शहीद जवानों के सम्मान के लिए जीतता हूं। अब मैं आगामी अंतर्राष्ट्रीय टूर्नामेंट पर ध्यान केंद्रित करूंगा और निश्चित रूप से भारत को फिर से गौरवान्वित करने की कोशिश करूंगा। पैरा एथलीट के रूप में श्रीमंत झा अब तक 52 अंतर्राष्ट्रीय पदक जीत चुके है। रजत पदक जीतने पर आर्म रैसलिंग की अध्यक्षा प्रीति झींझानी छत्तीसगढ़ के आर्म रैसलिंगके अध्यक्ष जी सुरेश बाबे, चेयरमैन बृज मोहन सिंह, सचिव श्रीकांत एवं कोच ऋषभ जैन ने बधाई एवं शुभकामनाएं दी है।

### रोहन कांबले ने हर्डल रेस में जीता कांस्य पदक

अहमदाबाद, वार्ता। पश्चिम रेलवे में गुजरात के अहमदाबाद मण्डल के रोहन कांबले ने 38वें राष्ट्रीय खेलों में हर्डल रेस में कांस्य पदक जीता। वरिष्ठ मण्डल मेकेनिकल इंजीनियर (समन्वय) जगदंबा प्रसाद ने सोमवार को बताया कि अहमदाबाद डिवीजन के मैकेनिकल विभाग में जूनियर क्लर्क के पद पर कार्यरत रोहन गौतम कांबले ने आठ फरवरी से 12 फरवरी तक उत्तराखंड के देहरादून में आयोजित 38वें राष्ट्रीय खेलों में शानदार प्रदर्शन करते हुए बाधा दौड़ (हर्डल रेस) में कांस्य पदक जीता। श्री जगदंबा प्रसाद ने बताया कि रोहन ने एथलेटिक्स प्रतियोगिता में 400 मीटर बाधा दौड़ स्पर्धा में भाग लिया और उसे 51:77 सेकंड में पूरा किया। इस अद्वितीय सफलता ने न केवल उनकी व्यक्तिगत क्षमता को प्रदर्शित किया

# डब्ल्यूपीएल: आरसीबी ने दिल्ली को आठ विकेट से रौंदा

● कप्तान मंधाना ने 81 और डेनियल वायट ने 42 रनों की पारी खेली




**वडोदरा, वार्ता।** कप्तान स्मृति मंधाना (81) और डेनिएल वायट (42) की तूफानी बल्लेबाजी की बदौलत रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने वूमेंस प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) के चौथे मुकाबले में सोमवार को दिल्ली कैपिटल्स को 22 गेंदे शेष रहते आठ विकेट से हरा दिया। दिल्ली कैपिटल्स के 141 के स्कोर के जवाब में बल्लेबाजी करने उतरी आरसीबी के लिए स्मृति मांधना और डेनिएल वायट की सलामी जोड़ी ने तूफानी अंदाज में बल्लेबाजी करते हुए तेजी के साथ रन बटोरे। दोनों बल्लेबाजों के बीच पहले विकेट के लिए 107 रनों की साझेदारी हुई। 11वें ओवर में अरुंधति रेड्डी ने डेनिएल वायट को आउटकर इस साझेदारी को तोड़ा। डेनिएल वायट ने 33 गेंदों में सात चौके लगाते हुए (42) रन बनाये। स्मृति मंधाना ने 46 गेंदों में 10 चौके और तीन छक्के लगाते हुए (81) रनों की पारी खेली। उन्हें 16वें ओवर में शिखा पांड़े ने आउट किया। आरसीबी ने 16-2 ओवर में 146 रन बनाकर मुकाबला आठ विकेट से जीत लिया। एलिस पेरी (सात) और ऋचा घोष (11) रन बनाकर नाबाद रही। दिल्ली की ओर अरुंधति रेड्डी और शिखा पांड़े ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया। इससे पहले आज यहां आरस. ीबी की कप्तान स्मृति मांधना ने टॉस जीतकर पहले क्षेत्ररक्षण का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी दिल्ली की शुरुआत बेहद खराब रही और उसने पहले ही ओवर में सलामी बल्लेबाज शेफाली वर्मा (शून्य) का विकेट गवां दिया। इसके बाद कप्तान मेग लैलनग और जेमिमाह रॉड्रिग्स ने पारी को संभाला और दूसरे विकेट के लिए 59 रनों की साझेदारी की। सातवें ओवर में जॉर्जिया वेयरहम ने जेमिमाह रॉड्रिग्स को स्टंप आउटकर दिल्ली को बड़ा झटका दिया। जेमिमाह रॉड्रिग्स ने 22 गेंदों में चार चौके और दो छक्के लगाते हुए (34) रनों की पारी खेली। अगले ही ओवर में किम गार्थ ने मेग लैनिंग (17) को आउट कर पवेलियन भेज दिया। इसके बाद आरसीबी के गेंदबाजी आक्रमण के आगे दिल्ली के बल्लेबाज टिक नहीं खेल सके।

### वाटिका बनाम सुदेवा मुकाबला रहा ड्रा

**नई दिल्ली, वार्ता।** 18 फरवरी डीएसए प्रीमियर लीग में नेहरू स्टेडियम परिसर में खेले गए रोमांचक मुकाबले में वाटिका एफसी ने सुदेवा एफसी को 1-1 की बराबरी पर रोक कर महत्वपूर्ण अंक झटक लिए। सुदेवा के लिए गोल संखिल डरपोल ने और वाटिका की ओर से जवाबी गोल कुशाग्र कक्कर ने जमाया । दिन के पहले मुकाबले में अंक तालिका में टॉप पर चल रहे सीआई एस एफ ने फिसड्डी यूनाइटेड भारत एफसी को बामुश्किल 2-1 से हराया। वाटिका के गोल कीपर यश कुलकर्णी और सी आई एस एफ के मोहम्मद खालिद को मैन ऑफ द मैच से नवाजा गया। सी आई एस एफ के गोल मोहम्मद खालिद और शक्तिनाथ ने किए। पराजित यूनाइटेड भारत का गोल जहां ने किया। वाटिका और सुदेवा के बीच खेला गए मैच में लक्ष्यविहीन खेल ज्यादा हुआ।

# तय होनी चाहिए जवाबदेही

किसी भी बड़े हादसे के बाद सरकारी तौर पर जारी किए जाने वाले आंकड़ों में जरा भी हेर-फेर आमजन को व्यथित कर देता है, नई दिल्ली स्टेशन पर हुई भगदड़ को लेकर अपनी रिपोर्ट में रेलवे सुरक्षा बल ने कहा है कि स्टेशन पर प्रयागराज के लिए चलने वाली विशेष ट्रेन के प्लेटफॉर्म में परिवर्तन की घोषणा के बाद अफरातफरी में फुटओवर ब्रिज पर लोगों में धक्का-मुक्की के बाद यात्री एक दूसरे पर गिरने लगे, जिससे 20 यात्रियों की मौत हो गई और 10 अन्य घायल हो गए इस पूर्व जारी अधिकांश आंकडों में मृतक संख्या 18 बताई जाती रही है। वरिष्ठ मंडल सुरक्षा आयुक्त (समन्वय) को रविवार को सौंपी गई रिपोर्ट में विस्तार से घटना की जानकारी दी। हताहतों की संख्या के बारे में रेल अधिकारियों और आरपीएफ रिपोर्ट के दावे अलग अलग हैं। इसी दौरान मन निरीक्षक नई दिल्ली द्वारा सहायक सुरक्षा आयुक्त (नई दिल्ली) के निर्देश पर अजमेरी गेट साइड पहुंच कर सभी एंट्री गेट को बंद करवाया गया तथा स्थिति ठीक होने तक उन्हें ऐसे ही रखा गया। उक्त कार्यवाही के सम्बन्ध में मौके से ही उच्च अधिकारियो को अवगत करवाया गया। नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर भयावह भगदड़ में जिन 18 लोगों की जान गई, उसे महज दुर्घटना नहीं कहा जा सकता। सही मायने में यह योजना, दूरदर्शिता और जवाबदेही की विफलता थी। जैसा कि पहले से पता था कि रोज हजारों तीर्थयात्री प्रयागराज महाकुंभ के लिए ट्रेनों में चढ़ने के लिए उमड़ रहे थे, अधिकारी उस भारी भीड़ का अनुमान लगाने और उसे प्रबंधित करने में विफल रहे। जिसके चलते यह दुखद हादसा घटित हुआ। पूर्व रेल मंत्री पवन बंसल समेत कई विपक्षी नेताओं ने रेल मंत्री की जवाबदेही तय करने की मांग है। उनका कहना है कि यात्रियों की अप्रत्याशित संख्या में वृद्धि को देखते हुए भीड़ नियंत्रण के लिए उपाय करने में सरकार विफल रही है, जो एक गंभीर चूक है। निस्संदेह, महाकुंभ पहली बार नहीं हो रहा है। रेलवे यातायात संच. ालन में इसके पैमाने और प्रभाव का स्पष्ट रूप से उल्लेख किया गया है। इसके बावजूद इस त्रासदी का सामने आना कई सवालों को जन्म देता है। सवाल मृतकों व घायलों को दिए जाने वाले मुआवजे को लेकर भी है। जबकि सामान्य दिनों में वर्ष 2023 की मुआवजा निर्देशिका में निर्धारित मुआवजा राशि में बड़ा अंतर है। विपक्ष का आरोप है कि सरकार प्रणालीगत मुद्दों को ठीक करने के बजाय नकद भुगतान बढ़ाकर तंत्र की साख को हुई क्षति की पूर्ति का प्रयास कर रही है। यही वजह है कि विपक्षी दल रेलमंत्री के इस्तीफे की मांग कर रहे हैं। हादसे की सूचना की लीपापोती को लेकर भी सवाल उठे हैं। कहा जा रहा है कि ऐसे रेल हादसों के वक्त रेलमंत्री के रूप में नैतिक जिम्मेदारी लेते हुए लाल बहादुर शास्त्री और नीतीश आदि ने अपने पद से त्यागपत्र दिए थे। दरअसल, इस्तीफे से परे रेलवे में प्रणालीगत सुधार की भी आवश्यकता है। भारतीय रेलवे को अपने भीड़ प्रबंधन प्रोटोकॉल में सुधार करने की जरूरत है। खासकर धार्मिक पर्वों और त्योहार की भीड़ के दौरान अतिरिक्त सावधानी की जरूरत महसूस की जाती है। सही मायनों में दिल्ली समेत तमाम रेलवे स्टेशनों में तीर्थयात्रियों की अप्रत्याशित भीड़ को देखते हुए टिकटों के वितरण और नई ट्रेनों के संचालन को लेकर जिस संवेदनशील प्रशासन की जरूरत थी, वह नजर नहीं आया। ट्रेनों के आने के समय और उनके स्थगित होने पर कारगर वैकल्पिक व्यवस्था की जरूरत थी,वह नजर नहीं आई। दिल्ली हादसे के बारे में कहा जा रहा है कि एक नाम की दो ट्रेनों को लेकर मची भगदड़ हादसे की वजह बनी। एक अनुमान के अनुसार रेलवे प्रयागराज जाने वाले यत्रियों के लिए हर घंटे डेढ़ हजार सामान्य टिकट जारी कर रहा था। जिसके चलते प्लेटफॉर्मों पर तिल धरने की जगह नजर नहीं आ रही थी। निश्चित जगह में बढ़ती भीड़ को नियंत्रित करने तथा सीमित मात्रा में टिकट जारी करने की जरूरत थी। पैदल यात्रियों के लिए बने ओवरब्रिज पर लोग पहले ही बैठे थे और नई ट्रेन के आने की घोषणा से मची भगदड़ में कुछ लोग गिरे तो अन्य कई लोग गिरते गए, और दुखद हादसा हो गया। अनुमान लगाना चाहिए था कि सप्ताहांत में यात्रियों की संख्या बढ़ेगी, उसी हिसाब से चौकस सुरक्षा तथा ट्रेनों का संचालन व टिकट वितरण किया जाना चाहिए। हाल के दिनों में तीर्थ यात्रियों के रेल में असुरक्षित सफर करने के वीडियो सोशल मीडिया पर लगातार आ रहे थे। यहां तक कि कंफर्म टिकट वाले यात्री भी ट्रेनों में जगह नहीं पा रहे थे। आरक्षित डिब्बों में घुसने के लिए टकराव तक देखा जा रहा था। रेलवे को सुनिश्चित करना चाहिए था कि सफर के लिए यात्री अपनी जान को जोखिम में न डालें।

## सरकार की नीतियां दिशाहीन तथा नीतिहीन



**केंद्र** की मोदी सरकार की नीतियां देश के आर्थिक विकास के दिए दिशाहीन तथा नीतिहीन हैं, इससे देश की अर्थव्यवस्था चौपट हो गई है और देशवासियों का जीवन बर्बाद हो रहा है, इससे अधिक विडंबनापूर्ण कुछ नहीं हो सकता कि मोदी सरकार के वित्त मंत्री यह कहें कि हमारी अर्थव्यवस्था अच्छा रिटर्न दे रही है, इस साल अब तक भारतीय शेयर बाजारों से 45 लाख करोड़ रुपये का सफाया हो चुका है, निफ्टी की 50 कंपनियों ने पांच वर्षों में सबसे खराब तिमाही लाभ वृद्धि दिखाई है, अक्टूबर से विदेशी निवेशकों ने 1.56 लाख करोड़ रुपये से अधिक के शेयर बेचे हैं, जिसमें 2025 में लगभग एक लाख लाख करोड़ भी शामिल है, जिसके कारण छोटे और मध्यम निवेशकों की संपत्ति खत्म हो गई है।

**मल्लिकार्जुन खड़गे**
**अध्यक्ष, कांग्रेस**

# डॉक्टर बनने के लिए देश छोड़ रहे भारतीय छात्र

**डॉ. सत्यवान सौरभ**

**भारत छोड़ने वाले मेडिकल छात्रों की संख्या में वृद्धि हुई है, हर साल 30000 से अधिक छात्र विदेश जाते हैं, राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग के आंकड़ों के अनुसार, केवल 16 प्रतिशत विदेशी मेडिकल स्नातक फ़ॉरेन मेडिकल ग्रेजुएट एग्ज़ामिनेशन स्क्रीनिंग परीक्षा पास करते हैं**

घरेलू मेडिकल संस्थानों में उपलब्ध कुछ सीटों के लिए कड़ी प्रतिस्पर्धा और इस तथ्य के कारण कि कुछ देश बहुत कम ट्यूशन फीस देते हैं, भारतीय छात्र अक्सर विदेश में चिकित्सा शिक्षा प्राप्त करना चुनते हैं। इससे उन्हें अधिक किफायती लागत पर उच्च गुणवत्ता वाली चिकित्सा शिक्षा प्राप्त करने की सुविधा मिलती है। अन्य आकर्षक कारकों में विभिन्न अंतर्राष्ट्रीय चिकित्सा पद्धतियों से परिचित होना, निजी कॉलेजों में उच्च ट्यूशन फीस, अंतर्राष्ट्रीय चिकित्सा पद्धतियों से परिचित होना और कुछ देशों में उच्च गुणवत्ता वाली शिक्षा शामिल हैं। इसलिए, इन छात्रों का मुख्य उद्देश्य चिकित्सा शिक्षा प्राप्त करना और भारत वापस आना है। (भले ही कुछ लोग विदेश में बसना चाहते हों, लेकिन यह प्रवृत्ति भारत में चिकित्सा प्रशिक्षण प्राप्त करने वालों से बहुत अलग नहीं हो सकती है)।

इसलिए, विदेशी चिकित्सा-स्नातक परीक्षा उत्तीर्ण करने की उनकी क्षमता मुख्य चिंता है। क्या सरकार इसे समाप्त कर देगी और इसकी जगह सभी छात्रों के लिए एक परीक्षा लाएगी, चाहे डिग्री भारत से हो या विदेश से? मुख्य मुद्दा यह है कि क्या भारत में पर्याप्त योग्य चिकित्सा पेशेवर हैं या क्या इसका उद्देश्य लोगों को विदेशों में चिकित्सा शिक्षा प्राप्त करने से रोकना है। भारत छोड़ने वाले मेडिकल छात्रों की संख्या में वृद्धि हुई है, हर साल 30000 से अधिक छात्र विदेश जाते हैं। राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग के आंकड़ों के अनुसार, केवल 16 प्रतिशत विद. ेशी मेडिकल स्नातक फ़ॉरेन मेडिकल ग्रेजुएट एग्ज़ामिनेशन स्क्रीनिंग परीक्षा पास करते हैं।

नीट प्रतियोगिता, उच्च ट्यूशन और घरेलू सीटों की कमी के कारण, भारत की स्वास्थ्य सेवा प्रणाली त्रस्त है, जिसके कारण विदेशी शिक्षा पर निर्भरता बढ़ रही है। कम ट्यूशन लागत, सुव्यवस्थित प्रवेश प्रक्रिया और मान्यता प्राप्त डिग्री के साथ, कई देश यात्रा के लिए पसंदीदा गंतव्य हैं। इन कारकों के कारण, छात्रों की बढ़ती संख्या भारत के बाहर चिकित्सा शिक्षा प्राप्त करके अंतर को पाट रही है, जिससे यह गारंटी मिलती है कि वे अभी भी डॉक्टर बनने की अपनी आकांक्षाओं को पूरा कर सकते हैं। आसान आवेदन और प्रवेश प्रक्रिया के कारण भारतीय छात्र अंतर्राष्ट्रीय मेडिकल कोर्स को प्राथमिकता देते हैं। छात्र अंग्रेज़ी या कोई विदेशी भाषा पढ़ सकते हैं। हर साल ट्यूशन पर लगभग 200000 से 300000 रुपये ख़र्च होते हैं। कोई कैपिटेशन शुल्क की आवश्यकता नहीं है। कई अंतर्राष्ट्रीय विश्वविद्यालयों को विश्व स्वास्थ्य संगठन और भारतीय चिकित्सा परिषद से मान्यता मिली है। छात्रों को एक बहुसांस्कृतिक सेटिंग से अवगत कराया जाता है जो उनके जीवन के अनुभवों और ज्ञान को व्यापक बनाता है। अच्छी शैक्षिक गुणवत्ता के साथ इनकी डिग्री अंतर्राष्ट्रीय सीमाओं के पार मान्यता प्राप्त है। घरेलू सीटों के लिए तीव्र प्रतिस्पर्धा के कारण भारतीय मेडिकल छात्र तेजी से देश छोड़ रहे हैं। भारत में छात्र भयंकर प्रतिस्पर्धा के कारण विदेशों में विकल्प तलाशते हैं, अक्सर उन देशों में जहाँ चिकित्सा नियम ढीले होते हैं। चूंकि भारत में हर 22 आवेदकों के लिए केवल एक मेडिकल सीट है, इसलिए 20,000 से अधिक छात्र हर साल चीन, रूस और यूक्रेन जैसे देशों में विदेश में अध्ययन करने के लिए मजबूर हैं। लेकिन कई अंतर्राष्ट्रीय मेडिकल स्कूलों में पाठ्यक्रम की असमान गुणवत्ता से छात्रों की रोजगार क्षमता और योग्यता प्रभावित होती है। भारत की स्वास्थ्य सेवा प्रणाली तक विदेशी स्नातकों की पहुंच में देरी होती है क्योंकि उन्हें फ़ॉरेन मेडिकल ग्रेजुएट एग्ज़ामिनेशन पास करना होता है और इंटर्नशिप पूरी करनी होती है। बीते साल फ़ॉरेन मेडिकल ग्रेजुएट एग्ज़ामिनेशन लेने वाले 32000 भारतीय छात्रों में से केवल 4000 ही योग्य थे। इन छात्रों और परिवारों के लिए, उच्च ट्यूशन लागत, अस्थिर अर्थव्यवस्थाएं और कुछ देशों में सुरक्षा सम्बंधी खतरे बोझ हैं। रूस और यूक्रेन के बीच संघर्ष के कारण 24000 से अधिक भारतीय मेडिकल छात्रों को विस्थापित होना पड़ा, जिसके परिणामस्वरूप वित्तीय नुक़सान और अनिश्चित शैक्षणिक भविष्य हुआ। भारत में डॉक्टरों की कमी बदतर होती जा रही है क्योंकि अधिक विदेशी प्रशिक्षित चिकित्सा पेशेवर वहां बेहतर अवसरों के कारण विदेशों में अभ्यास करना पसंद करते हैं। चिकित्सा शिक्षा की घरेलू मांग को पूरा करने के लिए पहला परिवर्तन चिकित्सा सीटों की संख्या का विस्तार करना है। 2025 में 10000 और मेडिकल सीटें जोड़ी जाएंगी, भारत में 75000 अतिरिक्त सीटों का पांच साल का लक्ष्य है। वंचित क्षेत्रों में शिक्षा तक पहुंच बढ़ाने के लिए किफायती मेडिकल कॉलेज स्थापित करने होंगे। नए सरकारी मेडिकल कॉलेज खोलने और टियर-2 और टियर-3 शहरों में एम्स के विस्तार से चिकित्सा शिक्षा तक पहुंच बढ़ी है। उच्च गुणवत्ता वाले निर्देश और उचित लागत को बनाए रखते हुए निजी निवेश को प्रोत्साहित करना होगा। कैरिबियन और मणिपाल कॉलेज ऑफ़ मेडिकल साइंसेज (नेपाल) जैसे संस्थान प्रदर्शित करते हैं कि भारतीय संस्थान पब्लिक, प्राइवेट, पार्टनरशिप मॉडल के तहत घरेलू स्तर पर विकसित हो सकते हैं। अधिक खुली प्रवेश प्रक्रियाओं और कई प्रवेश मार्गों को लागू करके नीट पर निर्भरता कम करना ज़रूरी है। चयन मानदंडों को व्यापक बनाने के प्रयास में राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग द्वारा ब्रिज कोर्स और वैकल्पिक प्रवेश प्रणाली का सुझाव दिया गया है। भारतीय छात्रों की सेवा के लिए भारतीय विश्वविद्यालयों द्वारा अंतर्राष्ट्रीय परिसरों को बढ़ावा देना होगा। आईआईटी और मणिपाल समूह के अंतर्राष्ट्रीय विस्तार से एक ऐसा मॉडल सुझाया गया है, जिसमें भारतीय मेडिकल स्कूल भारतीय नियमों के तहत अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर काम करते हैं। चिकित्सा शिक्षा और इंटर्नशिप को मज़बूत करने के लिए, हमें ऐसे सुधारों को लागू करना चाहिए जो उच्च गुणवत्ता वाली स्वास्थ्य सेवा के प्रावधान की गारंटी देते हैं। भारतीय चिकित्सा शिक्षा को अंतर्राष्ट्रीय मानदंडों के अनुरूप लाना और ग्रामीण क्षेत्रों में अनिवार्य इंटर्नशिप की आवश्यकता है। रोगी देखभाल और व्यावहारिक कौशल पर ज़ोर देने के लिए, 2019 में योग्यता-आधारित चिकित्सा शिक्षा (सीबीएमई) पाठ्यक्रम लागू किया गया था। अत्याधु. निक प्रयोगशालाओं, नैदानिक अनुभव और चिकित्सा संकाय प्रशिक्षण में पैसा लगाना ज़रूरी है। एम्स और एनएमसी सुधारों द्वारा मेडिकल कॉलेजों के लिए आधु. निक सिमुलेशन लैब और ई-लर्निंग प्लेटफॉर्म की आवश्यकता है। एकरूपता की गारंटी के लिए सरकारी और निजी मेडिकल स्कूलों का नियमित मूल्यांकन ज़रूरी है। एनएमसी द्वारा प्रशासित नेशनल एग्जिट टेस्ट (एनईएक्सटी) भारत और विदेशों दोनों से मेडिकल स्नातकों के लिए लाइसेंसिंग परीक्षाओं को मानकीकृत करने का प्रयास करता है। शहरी और ग्रामीण दोनों क्षेत्रों में बेहतर कामका. जी परिस्थितियां, प्रोत्साहन और अधिक वेतन प्रदान करना आवश्यक है।



# घर पर ही गुलाब से करें फेशियल, मिलेगा गुलाबी सा निखार

**गुलाब स्किन के लिए सबसे अच्छा माना जाता है, अगर आप भी पिंक ग्लो पाना चाहते हैं, तो आप गुलाब फेशियल जरुर करें, घर पर ही गुलाब की मदद से फेशियल कर सकते हैं, आइए आपको बताते आसान स्टेप्स में फेशियल कैसे कर सकते हैं**

खराब लाइफस्टाइल के चलते चेहरे की रंगत कहीं न कहीं खो जाती है। भागदौड़ भारी जिंदगी में अपने स्किन केयर के लिए बिल्कुल भी समय नहीं होता है। चेहरे पर हर कोई प्राकृतिक रुप से ग्लो पाना चाहते हैं। महिलाएं चेहरे पर चमक पाने के लिए कई सारे महंगे-महंगे प्रोडक्ट इस्तेमाल करती है। हालांकि, नैचुरल ग्लो पाने के लिए आप प्राकृतिक चीजों का इस्तेमाल कर सकते हैं। यदि आपको भी गुलाब जैसा गुलाबी निखार चाहिए, तो आप घर पर ही गुलाब फेशियल जरुर करें।

### चेहरे को साफ करें...

गुलाब से फेस क्लींजर को बनाना बेहद आसान है। इसके यूज करने से आपको बस गुलाब एसेंशियल ऑयल, दही और एक चम्मच बेसन चाहिए। इन सभी चीजों को एक साथ मिला लें और क्लींजर को अपने चेहरे के हर कोने पर लगाएं। इसके बाद आप अपने चेहरे पर करीब 10 मिनट तक धीरे-धीरे मसाज करें। मसाज के बाद चेहरे को पानी से धो लें।

### स्टीम जरूर लें...

हमारी स्किन पर गंदगी और धूल को जरुर जमा होती है। इसको साफ करने के लिए स्टीमर में पानी गर्म करें और इसमें गुलाब की कुछ पंखुड़ी डालें। फिर अपने चेहरे को भाप की सीध में रखकर और पूरे चेहरे पर भाप लें। 5-7 मिनट के बाद ब्लैकहेड पीलर को माथे, नाक और ठोड़ी पर चलाएं, ताकी अगर ब्लैकहेड होंगे तो आसानी से निकाल जाएंगे।

### स्क्रबिंग करें...

स्क्रब बनाने के लिए सबसे पहले आप एक बड़े चम्मच गुलाब की पंखुड़ियों का पाउडर बना लें। अब इसे एक बड़े चम्मच चीनी, गुलाब एसेंशियल ऑयल की कुछ बूंदें और गुलाब जल के साथ मिलाएं। फिर आप इस पेस्ट को चेहरे पर लगाएं और धीरे-धीरे रब करें। स्क्रब करने के बाद आप चेहरे को धो लें।

### गुलाब से बनाएं फेस पैक...

इसके लिए गुलाब की पंखुड़ियों का पाउडर बनाएं और अब गुलाब जल और एक चम्मच कच्चे दूध को एक साथ मिलाएं। फिर इसे अपने चेहरे पर जरूर लगाएं। फेस पैक सूखने के बाद ठंडे पानी से चेहरा धो लें।



# वजन घटाने से लेकर जोड़ों का दर्द होगा दूर, इस तरह अजवाइन को डाइट में करें शामिल

हर भारतीय किचन में अजवाइन जरुर होती है और इसके फायदे भी काफी होते हैं। अपनी अनोखी खुशबू और स्वास्थ्य लाभों के कारण अजवाइन, जिसे कैरम बीज भी कहा जाता है। यह एक शक्तिशाली मसाला है जिसका उपयोग अक्सर भारतीय घरों में किया जाता है। अजवाइन एक छोटा पौधा है, लेकिन यह महत्वपूर्ण पोषक तत्वों, एंटीऑक्सिडेंट और चिकित्सीय गुणों से भरपूर है जो संक्रमण से लड़ने, चयापचय बढ़ाने और पाचन में सुधार करने में मदद कर सकता है। लंबे समय से आयुर्वेदिक चिकित्सा में उपयोग किए जाने वाले इन छोटे बीजों को नियमित भोजन में शामिल करने पर अत्यधिक स्वास्थ्य लाभ होते हैं। अजवाइन आपके आहार में हेल्थ के लिए सबसे बढ़िया है, चाहे इसे कच्चा खाया जाए, भुना हुआ खाया जाए या चाय के रूप में पीया जाए। अपने डाइट में अजवाइन को शामिल करने के कई जबरदस्त स्वास्थ्य लाभ मिलते हैं।

### पाचन में सुधार करता है...

कैरम सीड्स में पाया जाने वाला थाइमोल नामक पदार्थ पेट में रस के उत्पादन को उत्तेजित करता है। बदले में, यह गैस, सूजन और अपच को कम करके बेहतर पाचन की सुविधा प्रदान करता है। गैस्ट्रोइंटेस्टाइनल ट्रैक्ट की मांसपेशियों को आराम देकर और पाचन तंत्र को आराम देकर, थोड़ी मात्रा में अजवाइन का पानी पीने से पाचन में राहत करता है।

### वजन घटाने में मदद करता है...

अजवाइन फैट्स के पाचन को बढ़ाता है और मेटाबॉलिज्म को तेज करता है। इसमें थर्मोजेनिक गुण क्रेविंग को कम करने और कैलोरी बर्न बढ़ाने में सहायता करते हैं। सुबह खाली पेट पीने पर अजवाइन का पानी पाचन को बढ़ा सकता है और फैट्स चयापचय को बढ़ा सकता है। इसलिए इसके सेवन से वजन कम करने में मदद मिलती है।

### ब्लड प्रेशर को नियंत्रित करता है...

अजवाइन में ऐसे यौगिक होते हैं जो रक्त धमनियों को आराम देते हैं और प्राकृतिक वासोडिलेटर के रूप में कार्य करके परिसंचरण में सुधार करते हैं। इससे हृदय रोग का खतरा कम होता है और उच्च रक्तचाप नियंत्रित रहता है।

### जोडों के दर्द को दूर करता है...

जोड़ों में सूजन गठिया का कारण बनती है, जो दर्दनाक और असुविधाजनक होती है। अजवाइन के बीज अपने प्रसिद्ध सूजनरोधी गुणों के कारण गठिया के दर्द और सूजन को कम करने में मदद कर सकते हैं।

### इसे अपने आहार में कैसे शामिल करें?

- **भीगे हुए अजवाइन का सेवन:** एक चम्मच अजवाइन के बीज को पूरी रात पानी में भिगोकर रखना चाहिए। पाचन में मदद के लिए पानी को छान लें, गर्म करें और सुबह खाली पेट पियें।
- **अजवाइन पाउडर:** खांसी, गले और अपच के इलाज के लिए अजवाइन के बीजों को पीसकर पाउडर बना लें और गर्म पानी या शहद के साथ मिलाएं।

# भारत की कृत्रिम बुद्धिमत्ता (AI) क्षेत्र की सफलता

भारत कृत्रिम बुद्धिमता (एआई) में एक परिवर्तनकारी क्रांति देख रहा है, और इस बदलाव के केंद्र में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का दूरदर्शी नेतृत्व है। भारत के इतिहास में पहली बार, सरकार प्रत्यक्ष रूप से एक एआई क्षेत्र को बढ़ावा दे रही है, जहां कंप्यूटिंग पावर, ग्राफिक्स प्रोसेसिंग यूनिट्स (जीपीयू) और शोध के अवसर किफ़ायती कीमत पर उपलब्ध हैं। मोदी सरकार ने सुनिश्चित किया है कि एआई सिर्फ़ कुछ खास लोगों के लिए न हो और इस पर बड़ी तकनीकी कंपनियों और वैश्विक दिग्गजों का वर्चस्व न हो। विशेष नीतियों के ज़रिए, मोदी सरकार छात्रों, स्टार्टअप और इनोवेटर्स को विश्व स्तरीय एआई क्षेत्र तक पहुंचने में सक्षम बना रही है, जिससे वास्तव में समान अवसर मिल रहे हैं। चाहे वह इंडिया एआई मिशन हो या एआई के लिए उत्कृष्टता केंद्र स्थापित करना। मोदी सरकार की ये सभी पहल देश के एआई क्षेत्र को बेहतर बनाने का इरादा रखती हैं। आइए एक नज़र डालते हैं कि मोदी सरकार भारत को वैश्विक एआई दिग्गज बनाने के लिए क्या कर रही है-

### इंडिया एआई मिशनः एआई को सुलभ बनाने में अग्रणी भूमिका

भारत के एआई क्षेत्र को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए, मोदी सरकार ने 2024 में 10300 करोड़ रुपये के आवंटन के साथ इंडियाएआई मिशन को मंजूरी दी। अगले पांच वर्षों में यह निर्धारित निधि इंडियाएआई मिशन के विभिन्न घटकों को गति प्रदान करने के लिए तैयार है। एक उच्च-स्तरीय सामान्य कंप्यूटिंग सुविधा द्वारा समर्थित, इंडिया एआई मिशन अब भारतीय भाषाओं का उपयोग करके भारतीय संदर्भ के लिए स्वदेशी एआई कार्यक्रमों को लोकप्रिय बनाने करने के करीब है। एआई मॉडल की शुरुआत लगभग 10000 जीपीयू की कम्प्यूटेशन सुविधा से हो रही है। इसमें जल्द ही शेष 8693 जीपीयू जोड़े जाएंगे।

## किफायती नवाचार के साथ भविष्य को सशक्त बनाना

### जीपीयू आधारभूत ढांचा और खुला जीपीयू बाजार

इंडिया एआई मिशन के लॉन्च होने की 10 माह की अवधि में, नोडल मंत्रालय जबर्दस्त प्रतिक्रिया प्राप्त करने और लगभग 18693 ग्राफिक प्रोसेसिंग यूनिट, जीपीयू की एक उच्च-स्तरीय और मजबूत सामान्य कंप्यूटिंग सुविधा बनाने में सक्षम रहा है। यह ओपन सोर्स मॉडल डीपसीक की तुलना में लगभग नौ गुना और चौटजीपीटी की तुलना में लगभग दो तिहाई है।


मोदी सरकार ने उल्लेखनीय रूप से, भारत के जीपीयू बाज़ार को खोलने की शानदार पहल की है और यह भारत में जीपीयू बाज़ार खोलने वाली पहली सरकार है, जिससे छोटे स्टार्टअप, शोधकर्ता और छात्र उच्च-प्रदर्शन कंप्यूटिंग संसाधनों तक पहुंच प्राप्त कर सकते हैं। जबकि प्रमुख देशों में एआई बाज़ार पर अक्सर बड़े उद्योग दिग्गजों का दबदबा होता है। मोदी सरकार अगले कुछ दिनों में देश में संस्थाओं को एआई विकास के लिए 18,000 उच्च-स्तरीय जीपीयू-आधारित कंप्यूट सुविधाएं उपलब्ध कराएगी और उनमें से 10,000 पहले से ही उपलब्ध हैं। सरकार ने 10 कंपनियों का भी चयन किया है जो 18693 जीपीयू की आपूर्ति करेंगी। इसके अतिरिक्त, भारत अगले तीन से पांच वर्षों में अपना स्वयं का जीपीयू विकसित करेगा और अगले 10 महीनों में एक घरेलू आधारभूत एआई प्लेटफ़ॉर्म की उम्मीद की जा सकती है। सरकार जल्द ही एक सामान्य कंप्यूट सुविधा शुरू करेगी जहां स्टार्टअप और शोधकर्ता कंप्यूटिंग शक्ति तक पहुंच सकते हैं। जबकि वैश्विक जीपीयू एक्सेस की लागत लगभग ढाई से तीन डॉलर प्रति घंटा है, मोदी सरकार इसे केवल एक डॉलर प्रति घंटा पर प्रदान करेगी। शोधकर्ता, स्टार्टअप, शिक्षाविद, कॉलेज, आईआईटी, सभी को इस कंप्यूटिंग शक्ति तक पहुंच मिल सकती है, और वे आधारभूत मॉडल शुरू कर सकते हैं।

### इंडियाएआई डेटासेट प्लेटफॉर्मः ओपन डेटा के साथ एआई नवाचार को सक्षम बनाना

डेटा वह शक्ति है जो एआई शोध और नवाचार को आगे बढ़ाता है, और समृद्ध, विविध और प्रचुर डेटासेट के बिना, सबसे कुशल डेटा वैज्ञानिक और डेवलपर्स भी अवरोधों का सामना करते हैं। इसे पहचानते हुए, मोदी सरकार बड़े शोध समुदाय के लिए ओपन डेटासेट को सुलभ बनाने के लिए सक्रिय रूप से काम कर रही है। इंडियाएआई डेटासेट प्लेटफ़ॉर्म के माध्यम से सरकार का लक्ष्य उच्च-गुणवत्ता वाले, गैर-व्यक्तिगत डेटासेट तक पहुंच को सुव्यवस्थित करना और एक एकीकृत डेटा प्लेटफ़ॉर्म बनाना है। यह भारतीय स्टार्टअप और शोधकर्ताओं के लिए सहज पहुंच को सक्षम बनाता है, जिससे एआई-संचालित नवाचार में तेज़ी आती है। इस एआई डेटासेट प्लेटफ़ॉर्म में अज्ञात डेटा का सबसे बड़ा संग्रह होगा जो नवाचार को बढ़ावा देगा और एआई अनुप्रयोगों की क्षमताओं को बढ़ाएगा।

### एआई उत्कृष्टता केंद्रों की स्थापना

वर्ष 2023 में मोदी सरकार ने नई दिल्ली में हेल्थकेयर, कृषि और बेहतर शहरी नियोजन एवं प्रबंधनयुक्त शहरों पर केंद्रित तीन एआई उत्कृष्टता केंद्र (सीओई) की स्थापना की घोषणा की। बजट 2025 में 500 करोड़ रुपये के परिव्यय के साथ शिक्षा के क्षेत्र में एआई के लिए एक नया उत्कृष्टता केंद्र स्थापित करने की घोषणा की गई। शिक्षा में एआई के लिए घोषित उत्कृष्टता केंद्र चौथा ऐसा केंद्र है। सरकार ने कौशल विकास के लिए 5 राष्ट्रीय उत्कृष्टता केंद्रों की योजना की भी जानकारी दी, जो युवाओं को उद्योग-संबंधित विशेषज्ञता से दक्ष करने के लिए डिज़ाइन किए गए हैं। मेक फॉर इंडिया, मेक फॉर द वर्ल्ड मैन्युफैक्चरिंग को बढ़ावा देने के लिए वैश्विक भागीदारी के साथ इन केंद्रों की स्थापना की जाएगी। भारत न केवल एक मजबूत एआई क्षेत्र विकसित कर रहा है, बल्कि आधारभूत एआई मॉडल बनाने में पहले ही महत्वपूर्ण प्रगति कर चुका है। सरकार ने सुनिश्चित किया है कि भारत की एआई उन्नति स्वदेशी हो। इंडियाएआई ने प्रस्तावों के लिए कॉल के माध्यम से एलएलएम और एसएलएम सहित स्वदेशी आधारभूत एआई मॉडल विकसित करने के लिए एक महत्वपूर्ण पहल शुरू की है। डिजिटल इंडिया भाषिणी उसकी उल्लेखनीय उपलब्धि है, जो भारत का एआई-आधारित भाषा अनुवाद प्लेटफ़ॉर्म है, जिसका उद्देश्य भारतीय भाषाओं में इंटरनेट और डिजिटल सेवाओं तक आसान पहुंच को सक्षम करना है, जिसमें आवाज़-आधारित पहुंच शामिल है, और भारतीय भाषाओं में कंटेंट के सृजन में मदद करना है। भारतजेन दुनिया की पहली सरकारी वित्तपोषित मल्टीमॉडल एलएलएम पहल है। भारतजेन, एक जनरेटिव एआई है, जिसे भारत में वर्ष 2024 में दिल्ली में लॉन्च किया गया था। इस पहल का उद्देश्य भाषा, भाषण और कंप्यूटर विज़न आधारभूत मॉडलों का एक समूह विक. सित करके सार्वजनिक सेवा वितरण में क्रांति लाना और नागरिक जुड़ाव को बढ़ावा देना है। भारतजेन में देश के प्रमुख शैक्षणिक संस्थानों के शीर्ष एआई शोधकर्ताओं का एक संघ शामिल है। सर्वम-1 एआई मॉडल, यह अभिनव बृहद भाषा मॉडल भारतीय भाषाओं के लिए विशेष रूप से अनुकूलित है, जो एआई परिदृश्य में एक महत्वपूर्ण अंतर से संबद्ध है। सर्वम-1, 2 बिलियन मापदंडों का दावा करता है, दस प्रमुख भारतीय भाषाओं का समर्थन करता है, जो भाषा अनुवाद, पाठ सारांश और सामग्री निर्माण जैसे विभिन्न अनुप्रयोगों में क्रांति लाने की अपनी क्षमता को प्रदर्शित करता है। चित्रलेखा एआई4भारत द्वारा विक. सित एक ओपन-सोर्स वीडियो ट्रांसक्रिएशन प्लेटफ़ॉर्म है। उन्नत एआई मॉडल का लाभ उठाते हुए, चित्रलेखा उपयोगकर्ताओं को विभिन्न भारतीय भाषाओं में आसानी से ऑडियो ट्रांसक्रिप्ट बनाने और संपादित करने की शक्ति प्रदान करता है। प्लेटफ़ॉर्म की ओपन-सोर्स प्रकृति सामुदायिक योगदान को प्रोत्साहित करती है और एआई-संचालित वीडियो प्रोसेसिंग में नवाचार को बढ़ावा देती है। एसएमएल के हनुमान ने एवरेस्ट 1.0 का अनावरण किया है, जो हिंदी, बंगाली, तमिल और तेलुगु सहित विभिन्न भारतीय भाषाओं को पूरा करने के लिए डिज़ाइन किया गया एक बहुमुखी बहुभाषी एआई प्रणाली है।









# भाजपा का अगला अध्यक्ष फिर से नड्डा या कोई और...

**नई दिल्ली।** बीजेपी के नए अध्यक्ष का चुनाव इस समय संगठन की पहली प्राथमिकता है। बीजेपी अध्यक्ष के तौर पर जेपी नड्डा का कार्यकाल 2023 में ही खत्म हो गया था। बीजेपी संविधान के अनुसार वो दूसरी पारी भी संभाल सकते थे, लेकिन उनको सिर्फ लोकसभा चुनाव 2024 तक ही एक्सटेंशन मिल पाया। मौजूदा नियमों के अनुसार बीजेपी का अध्यक्ष तीन-तीन साल का लगातार दो टर्म पूरा कर सकता है, लेकिन अब जेपी नड्डा की जगह नए बीजेपी अध्यक्ष का इंतजार है।

### अध्यक्ष पद के चुनाव की प्रक्रिया

फिलहाल बीजेपी के प्रदेश अध्यक्षों के चुनाव की प्रक्रिया चल रही है और बीजेपी के संविधान के अनुसार, राष्ट्रीय अध्यक्ष का चुनाव तभी हो सकता है जब देश के कम से कम आधे राज्यों के प्रदेश अध्यक्षों का चुनाव हो जाए। यह काम पूरा होने में अभी दो हफ्ते और लगने की संभावना है। तब तक 18 राज्यों में अध्यक्षों के चयन की प्रक्रिया पूरी हो जाएगी और उसके बाद राष्ट्रीय अध्यक्ष के चुनाव के कार्यक्रम घोषित कर दिए जाएंगे।

### संघ की भूमिका रहेगी अहम

चुनाव प्रक्रिया अपनी जगह है, लेकिन जेपी नड्डा का उत्तराधिकारी वही बनेगा, जो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उनके सीनियर कैबिनेट साथी अमित शाह की अपेक्षाओं पर खरा उतर रहा होगा-और वो नाम राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ को भी मंजूर हो।

### संघ की कार्यशैली

**1** बीजेपी अध्यक्ष को लेकर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की पसंद और नापसंद के दो पक्ष महत्वपूर्ण हैं। औपचारिक तौर पर संघ न तो बीजेपी या सरकार के कामों में कोई दखल देता है, न ही अपनी तरफ से अध्यक्ष पद के लिए बीजेपी को कोई नाम ही सुझाता है।

### संघ चाहता है ऐसा अध्यक्ष

**2** भाजपा का चुनावी तथा राजनीतिक नेतृत्व कोई भी करे, लेकिन संगठन की रीढ़ में संघ ही रहता है। सूत्रों के अनुसार, हाल के लोकसभा चुनाव में भाजपा और संघ के बीच समन्वय की कमी उभरी थी। अब संघ की केरल में होने वाली समन्वय बैठक में जब भाजपा की अध्यक्ष भी हिस्सा लेने जाएंगे तब आगे की चर्चा हो सकती है। इस बैठक में संघ के सभी आनुषंगिक संगठन के प्रमुख हिस्सा लेंगे। सूत्रों के अनुसार, संघ भाजपा के अध्यक्ष के रूप में ऐसे व्यक्ति को पसंद कर सकता है जो न केवल संघ पृष्ठभूमि से हो, बल्कि संगठन को लेकर सजग और कार्यकर्ताओं को साथ लेकर चलने वाला हो।

## नए अध्यक्ष के सामने ये चार बड़ी चुनौतियां

### 1 दक्षिण भारत में पार्टी का प्रदर्शन सुधारना

नए अध्यक्ष को दक्षिण भारत में पार्टी को मजबूत करना होगा। कर्नाटक विधानसभा चुनाव 2023 में बीजेपी को हार का सामना करना पड़ा। आंध्र प्रदेश में वह एनडीए के साथ सरकार में है। केरल, तमिलनाडु और तेलंगाना में पार्टी को सुधार करने की जरूरत है।

### 2 2025-26 के विस चुनावों की तैयारी

बिहार (2025), असम (2026), केरल (2026), तमिलनाडु (2026), पश्चिम बंगाल (2026) और पुडुचेरी (2026) में आगामी विधानसभा चुनावों के लिए मजबूत रणनीति बनानी होगी।

### 3 संगठन को मजबूत करना

राज्यों में पार्टी कैडर को फिर से सक्रिय करना और एनडीए सहयोगियों के साथ बेहतर तालमेल बनाना जरूरी होगा।

### 4 नई रणनीति बनाना

विपक्षी दलों के बढ़ते प्रभाव को देखते हुए पार्टी को नई चुनावी रणनीति बनानी होगी।

### बीजेपी के बड़े टास्क

बीजेपी के सामने बड़ा टास्क अब पश्चिम बंगाल और दक्षिण भारत जीतने का है। ऐसे में चर्चा में आ चुके निर्मला सीतारमण, दग्गुबाती पुरंदेश्वरी और प्रह्लाद जोशी जैसे नेताओं की संभावना ज्यादा लगती है।

### ये 11 नेता रहे अध्यक्ष

1. **अटल बिहारी वाजपेई** (1980-86)
2. **लाल कृष्ण आडवाणी** (1986-90, 1993-98, 2004-05)
3. **डॉ. मुरली मनोहर जोशी** (1991-93)
4. **कुशाभाऊ ठाकरे** (1998-2000)
5. **बंगारू लक्ष्मण** (2000-01)
6. **जना कृष्णमूर्ति** (2001-02)
7. **एम. वेंकैय्या नायडू** (2002-04)
8. **राजनाथ सिंह** (2005-09, 2013-14)
9. **नितिन गडकरी** (2010-13)
10. **अमित शाह** (2014-20)
11. **जगत प्रकाश नड्डा** (2020- अब तक)

## अध्यक्ष पद की रेस में हैं तीन दिग्गजों के चेहरे

**बीजेपी अध्यक्ष की रेस में ये 3 नेता-भूपेंद्र यादव, अनुराग ठाकुर और धर्मेंद्र प्रधान सबसे आगे हैं। हालांकि इनके अलावा केशव प्रसाद मौर्य, राजीव चंद्रशेखर, स्मृति ईरानी, कैलाश विजयवर्गीय, सीटी रवि, सर्वानंद सोनोवाल जैसे नेताओं के नाम भी चर्चा हो रही हैं। पार्टी का नेतृत्व एक अनुभवी और संगठन पर मजबूत पकड़ रखने वाले नेता के हाथ में दिया जाएगा, जो 2029 के लोकसभा चुनावों तक पार्टी को मजबूती से आगे ले जा सके।**

### अनुराग ठाकुर



वैसे तो अनुराग ठाकुर का भी नाम लिया जा रहा है, लेकिन हिमाचल चुनाव में बीजेपी की हार के बाद एक बार फिर नड्डा के ही इलाके से अध्यक्ष बनाया जाने की संभावना न के बराबर लगती है। नए भाजपा अध्यक्ष के साथ संगठन में भी अहम बदलाव की अटकलें शुरू हो गई हैं। प्रधानमंत्री मोदी के पिछले कार्यकाल में सूचना व प्रसारण मंत्री के रूप में सरकार का चेहरा बने अनुराग ठाकुर इस बार सरकार का हिस्सा नहीं हैं। माना जा रहा है कि उन्हें संगठन में अहम जिम्मेदारी सौंपी जा सकती है। महासचिव बंडी संजय कुमार के सरकार में आने के बाद संगठन में दक्षिण भारत से किसी नए

### धर्मेंद्र प्रधान



चेहरे को जगह मिल सकती है। धर्मेंद्र प्रधान का भी नाम आ रहा है और कुछ हो न हो बीजेपी के ओबीसी नेता धर्मेंद्र प्रधान कई चुनावों में सफल कैंपेन किया है, और ओडिशा में भी तो बीजेपी की सरकार बन ही गई है। वैसे तो कई ओबीसी चेहरे हैं, लेकिन एक नाम शिवराज सिंह चौहान भी हैं, लेकिन इलाकाई राजनीति हावी हुई तो उनको इंतजार करना पड़ सकता है।

### स्मृति ईरानी




राजस्थान के पूर्व सीएम दिवंगत भैरों सिंह शेखावत के भरोसेमंद नेता व राज्यसभा सदस्य ओम माथुर भी संभावित उम्मीदवार हैं। आरएसएस प्रचारक के रूप में उनकी पृष्ठभूमि और सीधे और स्पष्टवादी होने की उनकी प्रतिष्ठा उन्हें एक मजबूत विकल्प बनाती है।

अमेठी से चुनाव हारने वालीं स्मृति ईरानी भी इस दौड़ में शामिल हैं। अगर ईरानी का चुनाव होता है तो वह भाजपा की पहली महिला अध्यमक्ष होंगी। पूर्व केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर का नाम भी विचाराधीन है। उनके अनुभव और नेतृत्व क्षमता के कारण वे भाजपा को विकास के अगले चरण में ले जाने के लिए एक मजबूत दावेदार हैं।

### बीजेपी की प्राथमिकता हैं ऐसे काम

2024 के आम चुनाव के बाद केंद्र सरकार बनी तो जेपी नड्डा कैबिनेट में शामिल कर लिए गए, और अब एक व्यक्ति दो पदों पर तो रह नहीं सकता। अमित शाह भी जब 2019 में गृह मंत्री के रूप में सरकार में शामिल हुए तो बीजेपी अध्यक्ष पद छोड़ने की प्रक्रिया शुरू हो गई थी। जेपी नड्डा को पहले कार्यकारी अध्यक्ष बनाया गया, और फिर वो राष्ट्रीय अध्यक्ष बन गए। पिछली बार भी बीजेपी के अध्यक्ष पद की रेस में भूपेंद्र यादव शामिल थे, नड्डा बाजी मार ले गए। एक बार फिर उनका नाम रेस में जोड़ा जा रहा है, जबकि वो भी नड्डा की तरह कैबिनेट मंत्री हैं।


**गुमशुदा की तलाश**



**मेरा भाई शाकिर उम्र** 25 वर्ष जो कि दिमागी रूप से कमजोर है बोल नहीं सकता वह दिनांक 13 फरवरी 2025 को सुबह 10 बजे रज़ा नगर गया था और वहॉ से बिना बताऐ कही चला गया घर वापस नहीं आया जिसकी **गुमशुदगी थाना स्वार जनपद रामपुर** में दिनांक 16.02.2025 को **जी.डी.नं.**056 दर्ज है। अगर किसी को दिखाई दे तो निम्न नम्बरों पर सूचित करें। **मो.नं.** 9027 193997, 8057513160, 9758179841
**हुलिया:-रंग सॉवला, लम्बाई 5 फुट 2 इंच व मोटी मुंछे व दिमागी रूप से कमजोर व वोल नहीं पाता है।**

**कुलदीप सिंह प्रभारी निरीक्षक थाना स्वार मो. नं.** 9454404170

## शाह पर दोबारा दांव खेल सकती है भाजपा



अमित शाह भी जब 2019 में गृह मंत्री के रूप में सरकार में शामिल हुए तो बीजेपी अध्यक्ष पद छोड़ने की प्रक्रिया शुरू हो गई थी। नड्डा को पहले कार्यकारी अध्यक्ष बनाया गया, फिर वो राष्ट्रीय अध्यक्ष बन गए।

**बीजेपी की चुनौतियां**- जेपी नड्डा के कार्यकाल में 2024 के लोकसभा चुनाव में बीजेपी को झटका लगा। 2019 में मिली 303 सीटों की तुलना में 2024 में पार्टी 240 सीटों पर सिमट गई। हालांकि बीजेपी ने सरकार बनाने के लिए एनडीए के अन्य दलों के साथ गठबंधन किया, लेकिन यह साफ है कि नए अध्यक्ष को पार्टी के आधार को मजबूत करने और 2029 की तैयारी में जुटना होगा।

**राजनाथ, गडकरी व शिवराज की मुख्य भूमिका**-नए अध्यक्ष के चुनाव में बीजेपी के तीन रत्नों की भुमिका अहम मानी जा रही है। यह चेहरे हैं राजनाथ सिंह, नीतिन गड़करी और शिवराज सिंह चौहान क्योंकि यह तीनों नेता संघ के करीबी माने जाते हैं और कहीं ना कहीं तीनों को शाह खेमें का विरोधी भी माना जाता है। हालांकि शाह टाइम्स विरोधी होने की पुष्टी नहीं करता है पर कहीं ना कहीं यह बातें अक्सर निकल कर सामने आती रहती हैं।

### जेपी नड्डा का कार्यकाल व उपलब्धियां

जेपी नड्डा ने 2019 के लोकसभा चुनावों के बाद अमित शाह से पार्टी अध्यक्ष का पदभार संभाला। इस दौरान उन्होंने पार्टी को 26 चुनावी जीत दिलाई, जिसमें लोकसभा और विधानसभा चुनाव शामिल हैं। उनके कार्यकाल में बीजेपी ने उत्तराखंड, महाराष्ट्र, हरियाणा, जम्मू-कश्मीर, गुजरात, हिमाचल प्रदेश, मणिपुर, झारखंड, असम और त्रिपुरा में चुनाव जीते, जबकि नागालैंड और मेघालय में भी पार्टी ने बढ़त बनाई। हालांकि, मध्य प्रदेश, राजस्थान और छत्तीसगढ़ में 2018 के चुनावों में हार का सामना करना पड़ा था।

यौन समस्याएं
यौन समस्याओं के विशेषज्ञ



पुराने से पुराने यौन रोग के मरीज एक बार अवश्य मिलें
डा. सम्राट
नशामुक्ति, शराब, बीड़ी, सिगरेट, गुटखा तम्बाकू, प्रोक्सीवॅान कैप्सूल अफीम, चरस, डोडे पोस्त इंजेक्शन व अन्य नशा छुड़ाने का स्थायी ईलाज।
नावल्टी सिनेमा चौक
मुजफ्फरनगर (यू.पी.)
M-9412211108

साल बचाएं, डायरेक्ट करे, सीधे प्रवेश
CMS & ED
करें स्थानीय CMO के यहाँ रजिस्ट्रेशन करायें।
(एलोपैथिक मे सम्मानित चिकित्सक बनें)
जो चिकित्सक सेवाएं दे रहे है वो भी मेडिकल कोर्स करें।
DPT, BPT, MPT, DMLT, BMLT
X-RAY Tech, Ultra Sound Technician
OT, Lab Tech, DNYS, BNYS YOGA
Dental Machenic, Dental Hygiene
BA, MA, BSc, MSc, B.Com, M.Com, BBA, MBA
BCA, MCA, B.Ed, BPEd, MPEd, LLB, BSW, MSWE
ANM, GNM, BSc Nursing & Many More Courses..
सम्पर्क करें।
डा0 सम्राट क्लीनिक
नावल्टी सिनेमा चौक, मुजफ्फरनगर
M.: 9412211108, 9359406499

स्पेशल देशी दवाईयों द्वारा पक्का इलाज
भयंकर बवासीर भयानक से भयानक है, काफी इलाज करा चुके हैं परेशान है। फौरन सम्पर्क करें बवासीर जड़ से खत्म। डिश खिसक चुकी है दर्द व नसें सुन्न हो चुकी हैं। चलने फिरने में परेशानी है बिना ऑपरेशन अचूक इलाज। घुटनों का दर्द पम्प के जरिए नसों को खोल. कर पक्का इलाज लाइलाज गठिया 100% पक्का इलाज। पथरी रेत बनकर बाहर, गुप्त रोगों का जादुई इलाज, शुगर रोगी एक बार जरूर मिले, शरीर में कहीं भी गांठ पक्का इलाज, जिनके बच्चे नही होते 100 साल पुराना नुख्सा।
फोन न0- 9756686426